संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com
पर पढ़े .....
16 फरवरी 2025, रविवार
पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 07, अंक - 137
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज
संताल एक्सप्रेस

झारखंड में 20 से होगी बारिश

रांची । राज्य भर में फिर से ठंड लौटनेवाली है। मौसम के मिजाज में बदलाव से 20 और 21 फरवरी को कई जिलों में गर्जन के साथ हल्की बारिश हो सकती है। यह जानकारी मौसम विभाग ने शनिवार को दी है। विभाग के अनुसार 18 और 19 फरवरी को सुबह में हल्का कुहासा रहेगा। इसके बाद दिन भर आंशिक बादल छाये रहेंगे। बारिश के बाद तापमान में गिरावट होने की संभावना है। वहीं शनिवार को रांची समेत पूरे राज्य भर में मौसम साफ रहा। उत्तरी पश्चिमी हवा के चलते धूप में नरमी महसूस की गई।

लाहान्त आकान भारोत रेयाक् कुकमु पुराउ रे नावां तकनीकी रेयाक् माराङ एनेम : राष्ट्रपति

खोबोरिया

रांची। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोय मेन केदा जे लाहान्त आकान भारोत्र रेयाक् कुकमू सारी ओचोय रे नावां तकनीक रेयाक् आडी माराडएनेम मेनाक् आकादा। निताक् जुग दो तकनीक रेयाक् काना आर इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी गे आसोल दो काना। उनी दोय मेन केदा जे टेक्नोलॉजी आर ह्यूमैनिटीज दो मित्-दोसार रेन पुक्राउकिनकानाकिन। राष्ट्रपति दो जुहुममाहां हिलोक् बीआईटी मेसरा रेयाक् प्लेटिनम जुबली सेमेलेत् रे माराङ पेड़ा रूप रेय रोड़ेत्कान ताहेंकाना। उनी दोय मेन केदा जे बीआईटी मेसरा दो 70 बोछोर रेयाक् ताड़ाम डाहार रे आयमा लेका तेय जोजावाकाना। 1964 रे पाहिल स्पेस आर रॉकेटरी डिपार्टमेंट थापना लेना, ओका दो तेहेञ होंं तकनीकी रेयाक् लाहान्ती रेय गोड़ोक् काना। उनी दो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) रेयाक् मोहोत काथा रे जोर एमावाक् तुलुच्ए मेन केदा जे आगाम रेयाक् लाहान्ती रे आडी माराङे गोड़ोक्आ। नोआ ओपसोर रे झारखंड रेन राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार दोयमेन केदा जे राष्ट्रपतिय हेच्एन ते पोनोत रेन होड़ दो आडी रासका रे मेनाक्कोआ। उनी दोय मेन केदा जे बीआईटी मेसरावाक् एनेम सारहाव तुलुच्ए मेन केदा जे नोआ संस्था दो राष्ट्रीय आर अंतरराष्ट्रीय तारी रे आयाक् ओपरोमे बेनाव आकादा आर पाठवाकोवाक् हुदिस दिड़होय रे आडी माराङे गोड़ोवाकाना।

छोटे और पारंपरिक समाधान को भी आजमाएं युवा : द्रौपदी मुर्मू

रांची । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि हमारा युग प्रौद्योगिकी का युग है। सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नई प्रगति ने हमारे जीने के तरीके को बदल दिया है। कल तक जो अकल्पनीय था, वह आज वास्तविकता बन गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्ष और भी अधिक नाटकीय होते जा रहे हैं, जिसमें विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग में दूरगामी प्रगति की उम्मीद है। चूंकि एआई तेजी से अर्थव्यवस्थाओं को बदल रहा है, इसलिए भारत सरकार उभरते परिदृश्य पर प्रतिक्रिया देने में तत्पर रही है। उच्च शिक्षा संस्थानों में एआई को एकीकृत करने के लिए कई पहल की जा रही है। राष्ट्रपति शनिवार को बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआइटी) मेसरा के प्लेटिनम जुबली समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रही थीं। राष्ट्रपति ने कहा कि चूंकि प्रौद्योगिकी समाज में बड़े व्यवधान पैदा करती है, इसलिए हमें हाशिए पर पड़े समूहों पर इसके प्रभाव के बारे में चिंतित रहना चाहिए। जो महान अवसर पैदा किए जा रहे हैं, वे सभी के लिए उपलब्ध होने चाहिए, जो महान परिवर्तन लाए जा रहे हैं, उनसे सभी को लाभ होना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि अक्सर हमारे आसपास की समस्याओं के लिए किसी बड़े तकनीकी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं होती है। उन्होंने युवा छोटे और पारंपरिक समाधान को भी ना भूलें बल्कि उसे भी आजमाने की जरूरत है। युवा छोटे पैमाने के पारंपरिक समाधानों के महत्व को न भूलने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि नवोन्मेषकों और उद्यमियों को पारंपरिक समुदायों के ज्ञान के आधार को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि प्लेटिनम जुबली इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी और संबद्ध क्षेत्रों में शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार में बीआईटी मेसरा के योगदान का जश्न मनाने और सम्मान करने का एक उपयुक्त अवसर है। झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि राष्ट्रपति के आगमन से राज्यवासियों में उत्साह है। उन्होंने बीआईटी मेसरा की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि इस संस्थान ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है और विद्यार्थियों की सोच को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि बीआईटी मेसरा न केवल इंजीनियरिंग और प्रबंधन में बल्कि सामाजिक समावेशिता की दिशा में भी कार्य कर रहा है। यहां संचालित पॉलिटेक्निक संस्थान विशेष रूप से आदिम जनजातियों सहित आरक्षित श्रेणियों के छात्रों को तकनीकी शिक्षा और व्यावहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान कर रहा है।

छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा की जीत

नई दिल्ली । छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु सायदेव, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव और कार्यकर्ताओं को बधाई दी। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में नगरीय चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत हुई है। शनिवार को आए नतीजों के मुताबिक सभी 10 नगर निगम की सीटों पर भाजपा की जीत हुई है। नगर पालिका परिषद् की 49 में से 36 पर भाजपा की जीत, 114 नगर पंचायत में से 84 नगर पंचायत में भाजपा की जीत, कांग्रेस 20 और अन्य 10 जीते।

काशी-तमिल संगमम करेगा तमिलनाडु और काशी के बीच संबंधों को मजबूत : मोदी

एजेंसी

वाराणसी । काशी तमिल संगमम-3 की सफलता के लिए वाराणसी के सांसद और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुभकामना संदेश भेजा है। प्रधानमंत्री ने लिखा कि काशी तमिल संगमम न केवल इन यादों को ताज़ा करेगा, बल्कि तमिलनाडु और काशी के बीच संबंधों को और मजबूत करेगा। लोगों की संपूर्ण भागीदारी ने इन संगम को एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना का मशाल वाहक बना दिया है। यह जानकर खुशी हो रही है कि इस वर्ष हमारी पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के साथ-साथ शास्त्रीय तमिल साहित्य में ऋषि अगस्त्य के महत्वपूर्ण योगदान का जश्न मनाया जाएगा। काशी-तमिल संगमम-3 का आयोजन 15 से 24 फरवरी तक किया गया है।

प्रधानमंत्री ने यह शुभकामना संदेश अपने अमेरिका दौरे में लिखा। प्रधानमंत्री शुक्रवार देर रात दिल्ली लौट आए हैं। प्रधानमंत्री ने संदेश में लिखा कि वाराणसी में काशी तमिल संगमम-3 के आयोजन के बारे में जानना आनंददायक है। प्रयागराज में महाकुंभ के बीच होने के कारण यह अवसर और भी महत्वपूर्ण हो गया है। तमिलनाडु और काशी के बीच, कावेरी और गंगा के बीच का अटूट संबंध हजारों साल पुराना है। पिछले दो संगमों के दौरान लोगों की हार्दिक भावनाओं और अनुभवों ने भारत की विविध संस्कृति की सुंदरता के साथ-साथ लोगों के बीच मजबूत संबंधों को भी प्रदर्शित किया। उन्होंने कहा कि यह भी उल्लेखनीय है कि प्रतिभागियों को महाकुंभ का अनुभव करने के साथ-साथ अयोध्या में राम मंदिर के दर्शन भी करने का मौका मिलेगा। मुझे यकीन है कि सभी प्रतिभागी इन स्थानों की दिव्यता से धन्य महसूस करेंगे। जैसे-जैसे राष्ट्र विकसित भारत के निर्माण के सपने को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, काशी तमिल संगमम जैसे प्रयास हमारी विविधता का जश्न मनाते हुए हमारी एकता को मजबूत करने में सर्वोपरि हो जाते हैं।

प्रयागराज में बस-बोलेरो में जोरदार भिड़ंत, 10 की मौत, 19घायल

एजेंसी

प्रयागराज । उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में बड़ा हादसा हो गया। यहां महाकुंभ में स्नान करने आ रहे 10 श्रद्धालुओं की सड़क हादसे में मौत हो गई है और 19 घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि एक बोलेरो और बस में भीषण टक्कर हुई, जिसमें 10 लोगों की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक बस और बोलेरो में सवार सभी लोग मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रयागराज के डीसीपी ने घटना की पुष्टि की है।

जानकारी के मुताबिक मेजा में प्रयागराज-मिर्जापुर हाईवे पर शुक्रवार देर रात श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो और बस में आमने-सामने की टक्कर हो गई और हादसे में बोलेरो में सवार सभी 10 श्रद्धालुओं ने मौके पर मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि यह सभी लोग छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के रहने वाले थे और संगम स्नान के लिए जा रहे थे। उधर, हादसे में बस में सवार 19 लोग घायल हुए हैं। ये लोग संगम में स्नान के बाद वाराणसी लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस में सवार लोग मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के रहने वाले हैं।

पुलिस हादसे की जांच कर रही है। प्रयागराज में बस और बोलेरो हादसे पर यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है। सीएम योगी ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना की व्यक्त करते हुए अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश हैं।

बांग्लादेश से पाकुड़ आया आतंकी, युवाओं को दी ट्रेनिंग, एटीएस कर रही जांच

संवाददाता

रांची । झारखंड में कुछ लोगों को आतंकी ट्रेनिंग दिए जाने की खबर सामने आ रही है। मीडिया रिपोर्ट से पता चला है कि बांग्लादेश से आकर एक आतंकी झारखंड के पाकुड़ जिले के कुछ युवकों को आतंक के रास्ते पर ले जाने की कोशिश कर रहा है। ऐसा कहा जा रहा है कि यह खुलासा एक खुफिया पत्र के जरिए हुआ है। पत्र में लिखा है कि बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद वहां के प्रतिबंधित संगठन भारत विरोधी आतंकी साजिश रच रहे हैं। साजिश के तहत कुछ आतंकी बांग्लादेश से झारखंड आ गए और पाकुड़ में कुछ लोगों को ट्रेनिंग देकर वापस लौट गए। मामले को लेकर झारखंड एटीएस ने अलर्ट जारी किया है।

जानकारी के मुताबिक झारखंड एटीएस को सूचना मिली है कि बांग्लादेश की सीमा पार कर जेएमबी आतंकी अब्दुल मम्मुन मुर्शिदाबाद के धुलियान के रास्ते झारखंड के पाकुड़ जिला आया था। उसने जेएएचए नाम के संगठन के सदस्यों के साथ बैठक की। इसके बाद उसने कई कैडरों को आतंकी ट्रेनिंग दी और फिर वापस लौट गया। पूरे मामले की अब एटीएस जांच कर रही है। वहीं सारे जिलों के एसपी और डीआईजी को गोपनीय सूचनाएं जुटा कर कार्रवाई के लिए पत्र भी लिखा है। पत्र में यह भी बताया गया है कि बंगाल और झारखंड के पाकुड़ के संदिग्ध शामिल हुए थे। एटीएस को जानकारी मिली है कि अब्दुल मम्मुन बांग्लादेश के सतखीरा के गोपीनाथपुर इलाके का रहने वाला है। अवैध तरीके से सीमा पार करने के बाद वह 6 जनवरी को पाकुड़ आया था। वहीं जानकारी में यह भी बताया गया है कि जेएएचए- इंडिया और जमात उल मुजाहिदीन के सदस्यों के बीच एक बैठक भी पाकुड़ के इस्लामी दावा सेंटर दुबराजपुर में हुई थी।

देवघर : जर्जर धर्मशालाओं पर प्रशासन सख्त, 30 भवन मालिकों को नोटिस जारी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। महाशिवरात्रि 2025 के मद्देनजर श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए डीसी विशाल सागर के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी, देवघर ने 30 धर्मशाला/भवन मालिकों को नोटिस जारी किया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि धर्मशालाओं और भवनों की जर्जर स्थिति कभी भी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है, इसलिए तत्काल मरम्मत या ध्वस्तीकरण की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

पहले भी दी गई थी चेतावनी

प्रशासन ने पहले भी भवन मालिकों को देवघर नगर निगम से संपर्क कर भवनों की जांच करवाने, मरम्मत करने और जरूरत पड़ने पर जर्जर इमारतों को गिराने के निर्देश दिए थे। लेकिन अब तक इस आदेश का अनुपालन नहीं किया गया है।

सख्त निर्देश और कानूनी कार्रवाई की चेतावनी

नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि यदि भवन मालिक अपने जर्जर भवनों की मरम्मत या ध्वस्तीकरण नहीं कराते हैं और इससे कोई दुर्घटना होती है, तो उनकी व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय की जाएगी। इसके साथ ही, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-152 के तहत कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। महाशिवरात्रि के दौरान देवघर में लाखों श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए प्रशासन पूरी सतर्कता बरत रहा है। डीसी ने कहा कि धर्मशाला और भवन मालिकों को जल्द से जल्द नगर निगम से संपर्क कर जर्जर इमारतों की जांच और आवश्यक कार्रवाई करनी होगी। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और अगर आदेशों का पालन नहीं हुआ, तो सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

दुमका : एमपी एमएलए कोर्ट में मंत्री दीपिका की पेशी, 12 गवाहों का बयान दर्ज

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका। एक केस के सिलसिले में दुमका के एमपी-एमएलए विशेष अदालत में राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री सह गोड्डा के महागामा विधायक दीपिका सिंह पांडेय अदालत में शनिवार को पेश हुई। पेशी एमपी-एमएलए विशेष न्यायाधीश सह एसडीजेएम मोहित चौधरी के न्यायालय में हुई। केस में गवाहों का बयान दर्ज हुआ। अगली तिथि 1 मार्च को निर्धारित है। सभी गवाहों ने घटना का समर्थन किया। इस केस में अभियोजन पक्ष द्वारा अब तक 12 गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत किया जा चुका है। जिसमें अधिकांश गवाहों ने घटना का समर्थन किया है। 1 मार्च को सफाई साक्ष्य होना है। बता दें कि यह मामला वर्ष 2017 का है। जहां क्षेत्र भ्रमण के दौरान महागामा में सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति के घायल होने के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया था। इस दौरान कांग्रेस के तत्कालीन जिला अध्यक्ष के रूप में दीपिका पांडेय सिंह घटनास्थल पर पहुंची थी। मामले में थाना कांड संख्या 72/2017 में भादवि की धारा 147, 149,353,332,427,283,504,506 एवं 120 बी के तहत प्राथमिकी दर्ज हुई थी।

पूजा सिंघल को विभाग देने पर रोक की मांग, कल होगी सुनवाई

संवाददाता

रांची । प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा रांची के पीएमएलए की विशेष अदालत में दाखिल याचिका पर अब 17 फरवरी को सुनवाई होगी। ईडी ने कोर्ट से आग्रह किया है कि मनरेगा घोटाले की अभियुक्त आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल को कोई विभागीय जिम्मेदारी न दी जाए। ईडी का कहना है कि यदि राज्य सरकार उन्हें कोई विभाग सौंपती है, तो वे अपने पद का दुरुपयोग कर मामले को प्रभावित कर सकती हैं। इस याचिका पर पूजा सिंघल की ओर से जवाब दाखिल किया जा चुका है, जिसके बाद अब दोनों पक्षों की बहस होगी।

गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज होगा महाकुंभ का नाम

महाकुंभ में बढ़ी भीड़, मेला क्षेत्र में वाहनों का प्रवेश रोका, संगम स्टेशन को किया बंद

एजेंसी

लखनऊ । तीर्थराज प्रयागराज की धरती न केवल भव्य महाकुम्भ-2025 के रूप में मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर का साक्षात्कार कर रही है, बल्कि संगमनगरी ऐतिहासिक वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की भी साक्षी बन रही है। 50 करोड़ श्रद्धालुओं के संगम स्नान के वर्ल्ड रिकॉर्ड के साथ ही तीर्थराज ने शुक्रवार को स्वच्छता की दिशा में भी एक अनूठा वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित किया। इसके तहत, 300 से अधिक स्वच्छताकर्मियों ने एक साथ अलग-अलग घाटों पर गंगा की सफाई कर विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया। इस रिकॉर्ड को बनाने के लिए मेला प्राधिकरण की ओर से सभी निर्धारित प्रक्रिया को अपनाया गया। अब गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के प्रतिनिधि इस पूरी प्रक्रिया को वेरिफाई करेंगे और इस रिकॉर्ड को प्रमाणित करने के बाद इसका सर्टिफिकेट प्रदान करेंगे। सर्टिफिकेट प्राप्त होने के बाद यह अपने आप में एक अनूठा रिकॉर्ड होगा, जहां एक साथ इतने सफाई कर्मियों ने अलग-अलग घाटों पर आधे घंटे से ज्यादा समय तक नदी की सफाई का अभियान चलाया।

महाकुंभ में भीड़ को देखते हुए मेला क्षेत्र को फिर नो व्हीकल जोन घोषित कर दिया है। मेला में शनिवार-रविवार को पास वाले वाहनों के प्रवेश प्रतिबंध लगा दिया है। माघी पूर्णिमा स्नान पर्व पर बीते 10 फरवरी की रात आठ बजे से 13 फरवरी की सुबह आठ बजे तक नो व्हीकल जोन घोषित किया गया था। मेला क्षेत्र में शुक्रवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं की सुरक्षित आवागमन के लिए मेला क्षेत्र को शनिवार-रविवार को नो-व्हीकल जोन घोषित कर दिया है। इसके साथ ही वीआईपी पास भी रद्द कर दिए गए हैं। डीआईजी ने बताया कि वाहनों को मेला क्षेत्र से बाहर निर्धारित स्थलों पर खड़ी कर श्रद्धालु पैदल पार्किंग प्रवेश करेंगे।

माघी पूर्णिमा स्नान पर्व के बाद भी श्रद्धालुओं की आस्था में कमी नहीं आई है। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए दारागंज स्थित प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन को 16 फरवरी तक के लिए बंद रखने का फैसला किया है। बीते रविवार से 14 फरवरी तक स्टेशन बंद कर दिया गया था। इसके कारण अगले दो दिन तक और रेलवे स्टेशन को बंद किया गया है। भीड़ कम होने पर ही 16 फरवरी के बाद रेलवे स्टेशन से ट्रेनों का संचालन शुरु किया जाएगा। संगम स्टेशन बंद होने से श्रद्धालुओं को प्रयाग रेलवे स्टेशन से ट्रेनें मिल रही हैं।

कुंभ का समय बढ़ाए सरकार : अखिलेश

लखनऊ । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने योगी सरकार से महाकुंभ का समय बढ़ाने की मांग की। अखिलेश यादव ने भाजपा पर झूठे आकंड़े पेश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कुंभ में हमारी जानकारी के मुताबिक 60 करोड़ से अधिक लोग स्नान कर चुके हैं, लेकिन योगी सरकार सही जानकारी नहीं दे रही। योगी सरकार को डर है कि कहीं कोई स्टडी हो और मिस मैनेजमेंट की बात सामने न आ जाए। सपा प्रमुख ने कहा कि 60-65 और 70 साल के बहुत से बुजुर्ग अभी तक स्नान नहीं कर सके हैं।

आंदोलनकारी के रूप में रही टेकलाल की पहचान : कमलेश

रांची । झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में शनिवार को कांग्रेस भवन में गिरिडीह के पूर्व सांसद और मांडू से पांच बार विधायक, रहे आंदोलनकारी टेकलाल महतो की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं कांग्रेस नेताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। प्रदेश अध्यक्ष कहा कि टेकलाल महतो के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। उनकी पहचान पूरे उत्तरी छोटानागपुर क्षेत्र में आंदोलनकारी नेता के रूप में थी। प्रदेश अध्?यक्ष ने कहा कि महाजनी प्रथा व धान पेडी की लेवी के खिलाफ चलाये गये आंदोलन के अलावा झारखंड अलग राज्य आंदोलन में उनकी सक्रियता रही। बिनोद बिहारी महतो के साथ मिलकर शिवाजी समाज का गठन कर बाल विवाह के अलावा अन्य सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जन जागरण अभियान चलाया था। वर्ष 1997 में एकीकृत बिहार विधानसभा में टेकलाल महतो ने ही सर्वप्रथम झारखंड अलग राज्य विधेयक पारित कराया था। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग में उन्हें नौकरी मिली थी, लेकिन जनसेवा के जुनून के कारण नौकरी छोड़ कर राजनीति में सक्रिय हो गये। उन्?होंने कहा कि 70 के दशक में हजारीबाग के विष्णुगढ़ प्रखंड के खरकी पंचायत स्थित लकमा में महाजनी प्रथा के खिलाफ आंदोलन में सक्रिय ग्रामीण साधु, सैयनाथ और शनिचर महतो की मौत सीआरपीएफ की गोली से हो गयी थी। इस आंदोलन का नेतृत्व टेकलाल महतो कर रहे थे। उन्होंने धान पेडी की लेवी को काला कानून बताया था। इसके तहत किसानों को 10 रुपये क्विंटल की दर से धान सरकार को बेचना था।

खेती में नई तकनीक का इस्तेमाल करें किसान : मंत्री

हजारीबाग । बिरसा कृषकों के समग्र विकास एवं ज्ञानवर्धन के लिए 15 फरवरी को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान गोरिया करमा, बरही में प्रमंडल स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की शामिल हुई। मंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कृषि विभाग की योजनाओं से किसानों को अवगत कराना है। झारखंड की जमीन उन्नत होने के बाद भी जानकारी के आभाव में यहां के किसान अपने को स्थापित नहीं कर पाए हैं। मंत्री ने कहा कि झारखंड की 80 प्रतिशत आबादी खेती-बाड़ी के माध्यम से ही अपना जीवन यापन करती है। कृषि मंत्री ने किसानों से कृषि में नयी तकनीक का प्रयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कभी-कभी बदलते मौसम के कारण किसान हतोत्साहित हो जाते है, तकनीक के माध्यम से ही उन्हें इन समस्याओं से बचाया जा सकता है। बरही विधायक मनोज यादव ने कहा कि बरही में कृषि के क्षेत्र में बहुत संभावनाएं है लेकिन पारंपरिक खेती से किसानों का आर्थिक उत्थान उतना नहीं हो पा रहा है इसलिए इस प्रकार का किसान मेला सह प्रदर्शनी किसानों के लिए वरदान के जैसा है। नवाचार का युग है इसलिए नयी तकनीक से खेती के नए अवसर प्राप्त होंगे, इससे किसान अपनी आय को बढ़ा सकते है। उम्मीद करते हैं कि इस कार्यक्रम से किसानों को फायदा होगा ।

झारखंड मेडिकल एसोसिएशन ने स्वास्थ्य मंत्री को झासा चुनाव में हुई गड़बड़ी की जानकारी दी

रांची । झारखंड मेडिकल एसोसिएशन (जेएमए) की कोर कमेटी के सदस्यों ने शनिवार को स्वास्थ्य मंत्री इरफान इंसारी से उनके आवास पर मुलाकात की। प्रतिनिधियों के नेतृत्वकर्ता डॉ सिद्धेश्वर बास्के ने झारखंड स्टेट हेल्थ सर्विसेज एसोसिएशन (झासा) के चुनाव में गड़बड़ी की जानकारी स्वास्थ्य मंत्री को दी।उन्होंने बताया कि संघ का चुनाव पिछले माह 19 जनवरी को हुआ था। आरोप है कि गलत तरीके से परिणाम घोषित किया गया। चुनाव में 2025-27 का नामांकन फार्म भरना था, पर देवघर के डॉ शरद कुमार ने फार्म 2024-26 का भरा और चुनाव जीता है। यह विधिसम्मत नहीं है। संगठन पर भी बड़ा आरोप लगाते हुए उन्होंने बताया कि संगठन के हित का कार्य नहीं, बल्कि कुछ दबंग डॉक्टर निजी स्वार्थ एवं स्वेच्छाचारिता की कार्यशैली अपनाए हुए हैं।विभागीय अधिकारी के साथ मिलीभगत कर स्थानीय आदिवासी, पिछड़े, दलित समाज के डाक्टरों को नियमानुसार हक अधिकार से वंचित रखा जाता है। संगठन के नाम पर उद्योग चला रहे हैं।

भैयादी विवाद में भिड़े परिवार के सदस्य, आठ के खिलाफ केस दर्ज

देवघर। जिले के सारवाँ थाना क्षेत्र के पहरीडीह टोला भोथरा में पारिवारिक विवाद इतना बढ़ गया कि यह झगड़ा हाथापाई और मारपीट में तब्दील हो गया। पीड़िता काजल देवी 35 वर्ष, पति पंचम तूरी ने सारवाँ थाना में मामला दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि पारिवारिक मतभेद के चलते उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया और गंभीर रूप से मारपीट की गई। पीड़िता काजल देवी ने जिन लोगों पर मारपीट और गाली-गलौज का आरोप लगाया है, वे सभी एक ही परिवार के सदस्य बताए जा रहे हैं। नामजद आरोपियों में सुधीर तूरी 30 वर्ष, त्रिलोचन तूरी 32 वर्ष,ज्योति कुमारी 28 वर्ष,पूजा कुमारी 18 वर्ष,सहदेव तूरी 60 वर्ष,गीता देवी 52 वर्ष,सविता देवी 30 वर्ष,मुस्कान कुमारी 28 वर्ष,इन सभी आरोपियों का पता पहरीडीह टोला भोथरा, थाना सारवाँ, जिला देवघर बताया जा रहा है। इधर पीड़िता की शिकायत पर थाना प्रभारी ने ने कांड संख्या 20/2025 के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने मामले की प्राथमिक जांच शुरू कर दी है और जल्द ही संबंधित पक्षों से पूछताछ कर सकती है।

सेंट्रो मॉल के एरिया में अंतर, निगम ने मांगा टैक्स

रांची । रांची नगर निगम के राजस्व शाखा की टीम की ओर से निगम क्षेत्र में लाइसेंस की जांच करते हुए विभिन्न भवनों एवं प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को निगम के सहायक प्रशासक के नेतृत्व में राजस्व शाखा की गठित टीम ने मेन रोड स्थित विभिन्न भवनों की जांच की, जिसमें सबसे पहले सेंट्रो मॉल की जांच की गई एवं भवन परिसर के क्षेत्र की मापी की गई। मापी के क्रम में क्षेत्रफल में अंतर पाया गया। पूर्व में मॉल द्वारा 1,02,732 स्क्वायर फीट क्षेत्र का निर्धारण किया गया था, लेकिन मापी के बाद 1,98,427 स्क्वायर फीट क्षेत्रफल पाया गया। इसके साथ ही मॉल की ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट की जांच की गई, जिसमें पाया गया कि जून माह से मॉल की ऑक्यूपेंसी निर्धारित है। इसपर सहायक प्रशासक ने जून माह से ऑक्यूपेंसी तिथि मानते हुए री-असेसमेंट करते हुए सात दिनों के भीतर टैक्स का भुगतान करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा राज अस्पताल को तीन दिनों के भीतर री असेसमेंट करने का निर्देश दिया गया।

भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट का हुआ समापन, तेलंगाना पुलिस बनी ओवरऑल चैंपियन

संवाददाता

रांची । रांची के खेलगांव में आयोजित 68 वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट का शनिवार को समापन हो गया। इस पुलिस मीट की शुरुआत 10 फरवरी को हुई थी। पांच दिन तक चले इस प्रतियोगिता में तेलंगाना पुलिस ओवरऑल चैंपियन बनी, जबकि दूसरे स्थान पर आंध्र प्रदेश की टीम रही। झारखंड पुलिस की टीम ने एक गोल्ड और चार सिल्वर पदक जीते। इसके अलावा, मध्य प्रदेश की स्वान दस्ते की टीम ने गोल्ड मेडल जीता। इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी में तमिलनाडु की टीम विजेता बनी। उल्लेखनीय है कि इस ड्यूटी मीट में कुल 28 टीमों ने भाग लिया था।

वहीं मुख्यमंत्री ट्रॉफी तेलंगाना ने जीती। डॉग स्क्वायड प्रतियोगिता में बीएसएफ की टीम विजेता रही, जबकि तेलंगाना की टीम दूसरे

स्थान पर रही। पुलिस फोटोग्राफी में पहला स्थान तमिलनाडु पुलिस को मिला, जबकि दूसरा स्थान आंध्र प्रदेश पुलिस को मिला।

कंप्यूटर अवेयरनेस और आईटी कंपटीशन में आईटीबीपी की टीम ने जीत हासिल की। जबकि बीएसएफ दूसरे नंबर पर रही। एंटी सबोटेज चेक में तेलंगाना की टीम विजेता बनी, जबकि दूसरे नंबर पर एसपीजी की टीम रही। बेस्ट डॉग प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के स्वान दस्ते को गोल्ड मेडल मिला। साइंटिफिक इन्वेस्टिगेशन में तेलंगाना की टीम विजेता रही, दूसरे स्थान पर आंध्र प्रदेश और तीसरे स्थान पर झारखंड पुलिस की टीम रही। एनसीआरबी ट्रॉफी फॉर एम्पावरिंग पुलिस विद इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी में तमिलनाडु की टीम विजेता बनी। राइफल रिवाल्वर शूटिंग प्रतियोगिता, बैंड प्रतियोगिता, साइंटिफिक एंड क्राइम इन्वेस्टिगेशन, पुलिस फोटोग्राफी, कंप्यूटर अवेयरनेस, पुलिस वीडियोग्राफी, एंटी सबोटेज चेक, श्वान दस्ते की प्रतियोगिता, विधि विज्ञान परीक्षा, लिखित मेडिको लीगल मौखिक परीक्षा, पुलिस फोटोग्राफी परीक्षा, पुलिस वीडियोग्राफी परीक्षा, क्राइम इन्वेस्टिगेशन, लॉ रूल्स और कोर्ट जजमेंट, लिफ्टिंग पैकिंग पुलिस पोर्ट्रेट, ऑब्जर्वेशन, कंप्यूटर साक्षरता, श्वान प्रशिक्षण और एंटी सबोटेज चेक इन प्रतियोगिताओं में विभिन्न पुलिस टीमों ने भाग लिया था। मौके पर राज्य पुलिस के कई वरीय अधिकारी मौजूद थे।

बगैर निकाय चुनाव के जनता के पैसे की बर्बादी : बाबूलाल मरांडी

संवाददाता

रांची । भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया है कि झारखंड में नगर निकाय चुनाव न होने के कारण जनता के पैसों की अंधाधुंध बर्बादी हो रही है।

उन्होंने हुसैनाबाद नगर पंचायत का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां उत्तरी कोयल नहर के ऊपर बिना एनओसी के ही 10 लाख रुपये की लागत से सड़क बना दी गई। बाद में नहर जीर्णोद्धार करा रही कंपनी ने इस नवनिर्मित सड़क को उखाड़ दिया, जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग साफ नजर आता है।मरांडी ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि झारखंड के सभी नगर निकायों में प्रायः इसी

प्रकार से औचित्यहीन योजनाओं का टेंडर निकालकर प्रशासक जनता के पैसों को पानी की तरह बहा रहे हैं। इन योजनाओं से जनता का कोई भला नहीं हो रहा। राज्य सरकार नगर निकायों का इस्तेमाल एटीएम की तरह कर काला धन इकट्ठा कर रही है। उन्होंने कहा कि नगर निकायों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद विगत दो वर्षों में नगर विकास विभाग ने खर्च की गई राशि और योजनाओं की प्रासंगिकता की गहन जांच की जानी चाहिए।

के. राजू बने झारखंड प्रदेश कांग्रेस के नए प्रभारी

रांची । कांग्रेस के अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक विभागों के राष्ट्रीय समन्वयक के. राजू (कोप्पुला राजू) को झारखंड प्रदेश कांग्रेस का नया प्रभारी बनाया गया है। इस संबंध में कांग्रेस के जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल ने शुक्रवार देर रात अधिसूचना जारी की है। के. राजू प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर का स्थान लेंगे। गुलाम अहमद मीर लोकसभा चुनाव के ठीक पहले 23 दिसंबर 2023 को झारखंड के प्रदेश प्रभारी बनाए गए थे। उनके नेतृत्व में कांग्रेस ने झारखंड में लोकसभा और विधानसभा चुनाव 2024 लड़ा था। लोकसभा में कांग्रेस को दो सीटों पर और विधानसभा में 16 सीटों पर जीत मिली थी। नए प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू आंध्र प्रदेश के नेल्लौर के रहने वाले हैं।

सीसीएल में आयोजित एनआईपीएम ईस्टर्न रीजन कांफ्रेंस का समापन

राँची । सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस, राँची में आज दो दिवसीय एनआईपीएम - ईस्टर्न रीजन कॉन्फ्रेंस का सफल समापन हुआ। कॉन्फ्रेंस का आयोजन दिनांक 14 एवं 15 फरवरी, 2025 को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पर्सनल मैनेजमेंट-ईस्टर्न रिजन द्वारा किया गया था। इसका मुख्य विषय फ्यूचर ऑफ वर्क ~ रीडिफाइनिंग एचआर फॉर समृद्ध भारत था। सम्मेलन का उद्देश्य मानव संसाधन क्षेत्र में नवीनतम रुझानों, चुनौतियों और अवसरों पर विचार-विमर्श करना था ताकि भारत के सतत आर्थिक विकास में एचआर की भूमिका को और प्रभावी बनाया जा सके। इस सम्मलेन का उद्घाटन झारखण्ड विधान सभा के माननीय अध्यक्ष श्री रबींद्रनाथ महतो ने बहुत सारे गणमान्यों की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित कर किया और अपने अनुभवों को साझा करते हुए कॉन्फ्रेंस के सफलता की कामना किया था । सीसीएल के सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह, सीआईएल के निदेशक (कार्मिक) श्री विनय रंजन, सीसीएल के निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तक./संचालन) श्री हरीश दुहान एवं अन्य ने भी सम्मलेन में उपस्थित सभी लोगों को सम्बोधित करते हुए अपने विचार व्यक्त किये। सम्मलेन में बड़ी संख्या में एचआर प्रोफेशनल्स, बिज़नेस लीडर्स, फंक्शनल हेड्स, शैक्षणिक, अनुसंधान तथा मैनेजमेंट पढाई करने वाले छात्र, मानव संसाधन प्रक्रिया में सेवा प्रदाता, प्रतिभा अधिग्रहण स्वचालन और प्रशिक्षण सेवाएँ प्रदान करने वाले लोग शामिल हुए। सम्मलेन के दौरान कॉर्पोरेट जगत, बिजनेस स्कूलों और सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठित वक्ताओं द्वारा महत्त्वपूर्ण एवं लाभदायक ज्ञान साझा किया गया। इसके लिए अलग-अलग विषयों में विभिन्न टेक्निकल सेशंस आयोजित किये गए थे ।

देसी कट्टा के साथ पांच अपराधी गिरफ्तार

लातेहार । बालूमाथ पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया।यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली गुप्?त सूचना पर की गयी। शनिवार को बालूमाथ थाना में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए एसडीपीओ विनोद रवानी ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्तियों में मोहन गंझू, सागर तुरी, कुलदीप गंझू, लक्ष्मण गंझू उर्फ मोटू और एक नाबालिग शामिल है। पुलिस ने इन लोगों के पास से एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है।उन्?होंने बताया कि उक्?त लोग एक संगठन बनाकर ईंट भट्ठा के संचालकों से लेवी मांगते थे।उन्?होंने बताया कि इनमें से कुछ लोगों का अपराधिक इतिहास भी है। ये लोग मारपीट, लूट और लेवी मांगने की घटनाएं शामिल रहे हैं।दरअसल एसपी को मिली गुप्?त सूचना पर इनकी गिरफ्तारी के लिए एक छापामारी दल का गठन किया गया था। इसका नेतृत्व बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी कर रहे थे।पुलिस ने इन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इस छापेमारी अभियान में पुलिस निरीक्षक परमानंद बिरुआ, थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार, अमरवाड़ीह पिकेट प्रभारी अनुभव सिंहा, होसेन डांग, विकास कुमार, संतदेव कुमार, अमरवाड़ीह पिकेट एवं मुरपा पिकेट सशस्त्र पुलिस बल के जवान शामिल थे।

फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन का कैपिंग सेरेमनी आयोजति

रांची । इरबा स्थित फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन में 21वा लैंप लाइटिंग एवं कैपिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में श्री नौशाद आलम - आई0 पी0 एस0, डीआईजी कार्मिक, झारखण्ड, श्री सईद अहमद अंसारी - सीनियर एडवाइजर, मेदान्ता, अब्दुर रज्जाक अंसारी मेमोरियल वीवर्स हॉस्पिटल, ईरबा, राँची मो0 रिजवान अंसारी - उप-प्रमुख, ओरमांझी, राँची, श्रीमती जीनत कौसर-सेक्रेटरी, हाजी अब्दुर रज्ज़ाक एजुकेशनल सोसाइटी, आदि उपस्थित थे इस अवसर पर मुख्य अतिथियों के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज़ किया गया तथा नर्सिंग छात्रों को नर्सिंग कैप पहनाकर उन्हें नर्स का शपथ दिलाया गया इसके साथ साथ कॉलेज के प्रथम यूनिवर्सिटी टॉपर - प्रेरणा श्रीवास्तव, एम0 एस0 सी0 नर्सिंग द्वितीय वर्ष, द्वितीय यूनिवर्सिटी टॉपर निहारिका तिर्की एवं तृतीय यूनिवर्सिटी टॉपर शोएब अख्तर को सम्मानित किया गया ढ्ढ पोस्ट बेसिक बी0 एस0 सी0 नर्सिंग द्वितीय वर्ष के प्रथम यूनिवर्सिटी टॉपर स्तुति सिन्हा को सम्मानित किया गया ढ्ढ बेसिक बी0 एस0 सी0 नर्सिंग फाइनल वर्ष के प्रथम यूनिवर्सिटी टॉपर प्रियंका कुमारी को सम्मानित किया गया ढ्ढ जी0 एन0 एम0 फाइनल वर्ष में प्रथम टॉपर - पायल वर्मा, द्वितीय टॉपर - रिंकू सामन्ता तथा ए0 एन0एम0 द्वितीय वर्ष के प्रथम टॉपर - नजमा अंजुम एवं स्टेट तृतीय रैंक निकी कुमारी को सम्मानित किया गया तथा साथ ही साथ कॉलेज के छात्र एवं छात्राओं के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए श्री नौशाद आलम - आई0 पी0 एस0, नर्सें स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की रीढ़ हैं जो स्वास्थ्य सेवा आपात स्थितियों के दौरान रोगियों को चौबीसों घंटे देखभाल और सहायता प्रदान करती हैं। उनके पास मानव शरीर रचना विज्ञान, शरीर विज्ञान और मानव शरीर के जटिल कामकाज की गहरी समझ होती है।मौके पर सोसाइटी के मेम्बर डॉक्टर नाजनीन कौशर, संस्थान के निदेशक डॉ0 शाहीन कौशर, अबू नसर बहाउद्दीन अंसारी, प्राचार्या श्रीमती विनिशा बांसरियार] उप-प्राचार्य-डॉ0 सुधीर कुमार खुंटिया, ज्योति ग्लोरिया, शोएब अख्तर, बिनीता खलखो, बिन्हा खलखो, वर्षा कुमारी, रेशमा लकरा, सुनीता हेम्ब्रोम, नीलम अनुभा, मनीषा वर्मा, समृद्धि गोराइ, सोनल श्रीवास्तव, अंजलि कुमारी, कीर्ति शर्मा, क्रिस्टी टोप्पो, सादिक अंसारी, हाजी मंसूर अंसारी, प्रियातोश रंजन, शशि कुमार, आंचल सिंह एवं कॉलेज के सभी शिक्षकगण तथा कर्मचारीगण सहित अभिभावक एवं अन्य लोग उपस्थित थे ।

करौ थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने दुकान से हजारों के सामान उड़ाए

देवघर । करौ थाना क्षेत्र में चोरी की एक बड़ी घटना सामने आई है, जिससे स्थानीय व्यापारियों में दहशत का माहौल है। करौ ग्राम निवासी सुजीत कुमार मंडल, पिता रमापति मंडल ने थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है कि उनकी दुकान में अज्ञात चोरों ने सेंध लगाकर कीमती सामान चोरी कर लिया। पीड़ित सुजीत कुमार मंडल के अनुसार, चोरी की यह घटना देर रात या तड़के सुबह हुई, जब दुकान बंद थी। सुबह जब वे अपनी दुकान खोलने पहुंचे, तो दुकान का ताला टूटा हुआ मिला और अंदर रखा सामान गायब था। चोरी हुए सामानों में 3 मोबाइल फोन,8 ब्लूटूथ डिवाइस,5 स्पीकर,3 एयरबड्स,7 चीफ,5 पेन ड्राइव,12 चार्जर अन्य कीमती सामान चोरी के बाद पीड़ित ने तुरंत करौ थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। इधर करौ थाना पुलिस ने कांड संख्या 11/2025 के तहत मामला दर्ज कर लिया है और अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि चोरों की पहचान की जा सके।

दूर नहीं हो रहा एचईसी कर्मियों के वेतन का संकट

रांची । एचईसी कर्मियों के वेतन संबंधित संकट दूर नहीं हो रहा है। 26 माह से वेतन नहीं मिलने से कर्मियों में घोर निराशा है। कर्मचारी पाई पाई का मुहताज हो गए हैं। उनके पास घर चलाने के लिए पैसे नहीं हैं। हालांकि कई कर्मी वैकल्पिक रोजगार कर किसी तरह से घर परिवार का खर्च वहन कर रहे हैं, लेकिन अधिसंख्?य कर्मचारी टकटकी लगाकर एचईसी प्रबंधन और केंद्र सरकार की ओर देख रहे हैं। कर्मचारियों को एचईसी प्रबंधन की ओर से पिछले वर्ष नवंबर माह में महज 15 दिनों का वेतन छठ महापर्व को लेकर दिया गया था। लेकिन उसके बाद फिर किसी तरह का भुगतान उन्हें नहीं किया गया है। यही वजह है कि कई कर्मियों के बच्चों की पढाई भी छूटने को है। उल्लेखनीय है कि एचईसी में लगभग 2340 कर्मचारी और अधिकारी हैं, जिसमें 1400 ठेका कर्मचारी और शेष 900 अधिकारी और स्थायी कर्मचारी शामिल हैं। कर्मियों का बकाया 26 माह से जबकि अधिकारियों का 29 माह से बकाया है वहीं एचईसी मंजदूर संघ के महामंत्री रामाशंकर प्रसाद कहते हैं कि कर्मियों की आर्थिक स्थिति बेहद खराब है। स्कूल में कर्मियों के बच्चों की फीस कई माह से बकाया है। प्रबंधन को चाहिए कि एचईसी की जमीन पर जिन स्कूलों का संचालन हो रहा है उन स्कूलों में पढ़ रहे कर्मियों के बच्चों की फीस माफ करा दे।

महुआ माजी और सीपी सिंह जुड़े मामले की सुनवाई 27 फरवरी को

रांची । राज्यसभा सांसद महुआ माजी और विधायक सीपी सिंह के खिलाफ दर्ज चुनाव आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़े मामले में अगली सुनवाई की तारीख 27 फरवरी निर्धारित की गई है। शनिवार को मामले का सुनवाई के लिए सूचीबद्ध था, लेकिन नहीं हो सकी। मामले में दोनों के खिलाफ जांच पूरी करते हुए 28 जनवरी को अदालत में चार्जशीट दाखिल की गई है। दाखिल चार्जशीट पर अदालत ने संज्ञान लेते हुए उपस्थिति की तारीख 27 फरवरी निर्धारित की है। यह प्राथमिकी संजीव कुमार गुप्ता की शिकायत पर रांची अंचल के तत्कालीन सीओ मुंशी राम ने हिंदपीढ़ी थाने में 7 नवंबर 2024 को कांड संख्या 122/24 एवं 123/24 के तहत दर्ज कराई थी।

रांची के 1.29 लाख बच्चों का प्रोफाइल अपडेट नहीं, अधर में भविष्य

रांची । शिक्षा विभाग की वेबसाइट यूडायस प्लस पर रांची जिले के 1711 स्कूलों ने एक लाख 29 हजार 91 बच्चों की प्रोफाइल को अपडेट नहीं किया है। इनमें सरकारी, निजी, मान्यता प्राप्त अल्पसंख्यक स्कूल, कल्याण विभाग की ओर से संचालित स्कूल, इंटर कॉलेज, 531 गैर मान्यता प्राप्त स्कूल शामिल हैं। इससे इन बच्चों का भविष्य अधर में पड. गया है। इस संबंध में उपर्युक्त स्कूलों को जिला शिक्षा पदाधिकारी की ओर से कई बार पत्र भेजा गया, लेकिन इन स्कूलों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया और इसे लेकर छह माह बीत गए। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा है कि सभी सरकारी और मान्यता प्राप्त निजी स्कूल इस संबंध में 18 फरवरी तक इन छूटे हुए बच्चों की प्रोफाइल अपडेट कर लें अन्यथा कक्षा आठ की परीक्षा में ये छूटे बच्चे शामिल नहीं हो पाएंगे। वहीं ऐसे निजी स्कूलों की मान्यता समाप्त करने की कार्रवाई की बात कही गई है। जिला शिक्षा पदाधिकारी की ओर से कहा गया है कि बच्चों की प्रोफाइल अपडेट नहीं होने से शैक्षणिक सत्र 2025 26 के लिए जब वेबसाइट खोला जाएगा तो संबंधित स्कूलों के लॉगिन में उन्हीं बच्चों का नाम शो होगा, जिनकी प्रोफाइल 2024- 25 में अपडेट किया हुआ है और पीईएन नंबर भी उन्हीं बच्चों का शो करेगा। साथ ही कहा गया है कि यदि भविष्य में किसी बच्चे के पीईएन नंबर या आपार आईडी से संबंधित समस्या होने पर उनके स्कूल ही जिम्मेवार होंगे।

अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट की तैयारी पूरी, उद्घाटन मैच नेपाल-दिल्ली में

पलामू । जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के पुलिस लाइन स्टेडियम में शहीदों की स्मृति में आयोजित हो रहे अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट की तैयारी पूरी कर ली गई है। 16 से 23 फरवरी तक टूर्नामेंट चलेगा। इसमें छह से अधिक चोटी की टीमें भाग लेगी। पलामू पुलिस एवं पलामू फुटबॉल आयोजन समिति की ओर से प्रतियोगिता को लेकर पिछले कई दिनों से तैयारी चल रही थी। शनिवार को पुलिस लाइन में इस संबंध में जानकारी दी गई। बताया गया कि 16 फरवरी को नेपाल एफसी वर्सेज नॉर्थन रेलवे एफसी दिल्ली, 17 फरवरी को एसईआरएसएसी केपी डिविजन वर्सेज एमईजी सेंटर बैंगलोर, 18 फरवरी को एसबीएसटीसी दुर्गापुर वर्सेज आजाद क्लब समस्तीपुर बिहार, 19 फरवरी को वाईवाईबी एकेडमी वर्सेज पलामू एफसी, 20 एवं 21 फरवरी को सेमीफाइनल एवं 23 फरवरी को फाइनल मैच खेला जाएगा। आयोजन समिति ने जानकारी दी कि 22 फरवरी को कोलकाता एफसी वर्सेस झारखंड एफसी का शो मैच महिला टीम द्वारा खेला जाएगा। मौके पर मेदिनीनगर के पुलिस निरीक्षक, समिति के सचिव मनोहर कुमार लाली, बबलू गुप्ता, विमल चन्द्रवंशी, ब्रजेश शुक्ला, विक्रांत दुबे सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

जेल में बंद विकास तिवारी और गोविंद राय से अनिल यादव ने ठेकेदार की कराई थी बात

रामगढ़ । सोशल मीडिया ऐप का उपयोग आम लोग अपनी शोहरत बढ़ाने के लिए कर रहे हैं। आपराधिक गिरोह भी भला कैसे पीछे रहे। गैंग के सरगना शोहरत और दौलत कमाने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग अलग तरीके से ही कर रहे है। इसका खुलासा पांडे गिरोह के सक्रिय सदस्य अनिल यादव की गिरफ्तारी के बाद हुआ है। रामगढ़ शहर के बंगाली टोला निवासी अनिल यादव को रामगढ़ और लातेहार पुलिस ने ज्वाइंट ऑपरेशन कर पकड़ा था। उसने लातेहार के एक ठेकेदार से रंगदारी मांगी थी। लातेहार में नेशनल हाईवे में रिपेयरिंग का काम जिस कंपनी को मिला था उसे पांडे गिरोह ने निशाना बनाया था। उसे लगातार धमकियां दी जा रही थी। सबसे बड़ी बात यह है कि धमकी देने के लिए भी टेलीग्राम ऐप का उपयोग किया गया था। जब लातेहार के ठेकेदार को अनिल यादव से पहली बार धमकी मिली, तो उसने इसे फेक कॉल समझा। बाद में जब कई बार मैसेज आने लगा, तो उसे इस बात की गंभीरता समझ आने लगी। पांडे गिरोह के सरगना विकास तिवारी और गोविंद राय का नाम भी उसके सामने रखा गया। ठेकेदार भी कम चालक नहीं था, उसने भी उन दोनों से बात कराने की बात कह डाली। अनिल यादव तब क्यों पीछे रहता। उसने टेलीग्राम ऐप पर ही विकास तिवारी और गोविंद राय दोनों से बात करा दी। गौरतलब हो कि विकास तिवारी वर्तमान समय में हजारीबाग जेल में बंद है और गोविंद राय रामगढ़ जेल में बंद है। बात होने के बाद व्यापारी भी चकित रह गया।

तीन बाइक अनियंत्रित होकर आपस में टकराई, आधा दर्जन युवक घायल

रांची । गौतमधारा में लगे टुसू मेला देखकर लौटने के क्रम में शनिवार की शाम छह बजे तीन बाइक अनियंत्रित होकर आपस में टकरा गई। घटना में आधा दर्जन युवकों को चोटें आई हैं। घायलों में विजय कुमार महतो, भरत मुंडा, दिनेश मुंडा, रतन मुंडा, रामेश्वर मुंडा, महावीर महतो, विवेक मुंडा और आकाश लोहरा शामिल हैं। सभी घायलों का इलाज मेसो अस्पताल जोन्हा में कराया जा रहा है।

डीसी ने पहाड़िया गांवों का मैराथन दौरा किया

साहिबगंज सं। डीडीसी सतीश चंद्रा ने प्रशासनिक पदाधिकारियों साथ के साथ पहाड़िया गांवों का शनिवार को मैराथन दौरा किया।बोरियो प्रखंड अंतर्गत पंचायत दुर्गाटोला के ग्राम धोधी बेड़ों एवं पंचायत दुर्गाटोला के ग्राम मीरपहाड़ में डीडीसी ने जनसमुदाय के बीच कम्बल का वितरण किया। वहीं डीडीसी ने इन गांवों में पेयजल,शौचालय,आंगनबाड़ी केंद्र,सड़क,जनमन योजना,आवास,खेल के मैदान व अन्य व्यवस्था की जानकारी ली।पीएम आवास, जनमन योजना,एसबीएम सहित अन्य योजनाओं का भी हाल जाना।उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना,लंबित प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण और मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं का स्थल निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के क्रम में डीडीसी ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय,धोधीबेड़ों पहाड़ का दौरा कर उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था,अधोसंरचना,विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं मध्याह्न भोजन योजना की समीक्षा की।उन्होने उत्क्रमित मध्य विद्यालय धोधीबेड़ों पहाड़ में जाकर निरीक्षण किए ।वहीं मीरपहाड़ पहाड़िया गांव में जन मन योजना से 7 लाभुकों में से 4 लाभुकों के खाते में राशि भुगतान कर दी गई।जिसमें 3 आवासीय कार्य प्रगति पर चल रहा था।वहीं मीरपहाड़ पहाड़िया गांव में पोटो हो खेल मैदान को मनरेगा से बनने का आदेश दिया।आंगनबाड़ी को बनाने के लिए डीएसओ को कहा गया ।15 वें फाइनेंस से शौचालय, चैंकिंग रुम बनाने का निर्देश दिया।मौके पर पंचायती राज पदाधिकारी अनिल कुमार सहित दर्जनों कर्मी व सैंकड़ों पहाड़िया ग्रामीण मौजूद थे।

विधायक निसात आलम ने किया क्षेत्र का दौरा

बरहरवा संवाददाता। विधायक निसात आलम ने शनिवार को बरहड़वा प्रखंड अंतर्गत विशनपुर पंचायत क्षेत्र के विशनपुर,हरीसपुर,पुरुलिया, धरमपुर आदि गांव का दौरा कर ग्रामीणों की समस्या से अवगत हुईं। इस दौरान ग्रामीणों ने बिजली, पानी, सड़क आदि समस्याओं से अवगत कराया। इस क्रम में महिलाओं ने मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के तहत आनलाइन आवेदन करने के बाद भी राशि नहीं मिलने, राशन कार्ड में परिवार के सदस्यों का नाम जोड़ने, आबुआ आवास योजना का लाभ दिलाने सहित अन्य समस्याओं को रखा।ग्रामीणों की समस्या से अवगत होने के बाद विधायक निसात आलम ने ग्रामीण को भरोसा दिलाया कि आपकी जो भी समस्या है संबंधित विभाग के पदाधिकारी से बात कर समाधान करने का हर संभव प्रयास करूंगी।हर मंगलवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में विधायक कक्ष में विधायक प्रतिनिधि बरकत खान लोगों की समस्या सुनने के लिए बैठते हैं। हमारी अनुपस्थिति में वहां जाकर भी अपनी समस्या रख सकते हैं। आपकी जो भी समस्या होगी प्राथमिकता के साथ समाधान किया जाएगा। उसके बाद ग्रामीणों को संबोधित करती पाकुड़ विधायक निसात आलम ने कहा कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को प्रचंड जीत दिलाने के लिए आप सभी का हृदय से आभार। आपका सहयोग और विश्वास के साथ अबुआ सरकार सोना झारखण्ड के सपने को सार्थक करने को प्रतिबद्ध है। महिला सशक्तिकरण को समर्पित होगा हेमन्त सरकार 2.ह्र. अबुआ सरकार के प्रयासों से झारखण्ड का पर्यटन लेगा नई उड़ान प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक धरोहर, और आधुनिक सुविधाओं के समागम से झारखण्ड बनेगा पर्यटन का प्रमुख केंद्र। उन्होंने कहा कि आपके चहेते मंत्री साहब आलमगीर आलम जिस तरह रांची से घर आने के वाद गांव गांव घुमकर जनता की समस्या को जानने का प्रयास करते थे तथा उन समस्या को समाधान कर जनता को लाभ पहुंचाने का काम करते थे। उसी तरह वे भी जनता की सेवा करेंगी। मौके पर जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान, प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू, प्रखंड उपाध्यक्ष सफातुल्लाह, अब्दुल कादिर,अख्तरुल,दिलदार, सकील,शीश मोहमद, जवाहर भगत, अनन्त लाल भगत,नेहाल अख्तर, शरिक रब्बानी,हेमा,अकरम राजा,सुकुर,मंसूर आलम,सिंटू, सहित दर्जनों कार्यकर्ता

स्वास्थ्य मेले का हुआ उद्घाटन

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सदर प्रखंड में आयोजित ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ सिविल सर्जन साहिबगंज ,बीडीओ एमओआइसी,सीईओ सदर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर मेडिकल ऑफिसर,एमओ,आरबीएसके,स्थानीय प्रशासनिक पदाधिकारी एवं कर्मी, स्वास्थ्य कर्मि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं आम नागरिकों की उपस्थिति रही।स्वास्थ्य सेवाओं को गांव-गांव तक पहुँचाने हर नागरिक को निःशुल्क और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध करने,मेले में विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों को मजबूत करने और जागरूकता फैलाने को लेकर मुख्य अतिथियों द्वारा जोर दिया गया।वही सिविल सर्जन द्वारा स्वास्थ्य मेले में लगे विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं के कैंपों का निरीक्षण किए और व्यवस्थाओं की जायजा लिया गया।

नकली शराब बनाने व बेचने का आरोपी गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

उधवा। राधानगर थाना पुलिस ने नकली शराब बेचने के आरोप में एक व्यस्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय ने शनिवार को थाना में प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि शुक्रवार करीब 4 बजे संध्या में सूचना मिली कि राधानगर थाना अंतर्गत पाकिजा मोड़ के पास छक्कु मंडल अपने होटल में बैठाकर शराब पिलाते हैं तथा नकली अंग्रेजी शराब बनाकर बेचते है। वे अपने घर में नकली शराब बनाने का भी काम करते हैं। उक्त सूचना का सनहा दर्ज करते हुए वरीय पुलिस पदाधिकारी को इसकी सूचना दी गयी। वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देशानुसार उक्त मामले का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु एक छापामारी दल का गठन किया गया। पुलिस ने बताया कि समय 04 .45 बजे छापामारी दल के साथ पाकिजा मोड़ स्थित छक्कु मंडल के दुकान पर विधिवत छापामारी की गई। छापेमारी के दौरान नकली अंग्रेजी शराब,रॉयल स्टेज,बीयर बरामद किया गया। घर में छापेमारी के दौरान किंगफिशर कंपनी के 30 पीस बीयर, 6 पीस रॉयल स्टेज, 32 लीटर नकली शराब बनाने का स्प्रिट केमिकल, 3 लीटर केमिकल, रॉयल स्टेज का स्टीकर एवं 8 पीस लोगों भी बरामद किया गया है। सभी सामग्री को जब्त करते हुए अजय मंडल उर्फ छक्कु मंडल को रंगेहाथ पकड़ लिया गया। मामले को लेकर दुकानदार अजय मंडल के विरुद्ध कांड संख्या 47/25 दर्ज किया गया। छापामारी दल में थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय, एसआई पंकज दुबे, एएसआई संजय कुमार यादव, आरक्षी सर्वेश्वर सोरेन,244 प्रसांत मरांडी मौजूद थे।

प्रसूति महिला की मौत पर अस्पताल में हंगामा,अस्पताल कर्मी पर पैसे लेने का लगाया आरोप

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज

साहिबगंज। जिले के बोरियो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति का खुलासा तब हुआ जब एक महिला अपने बच्चे को जन्म देने के आठ घंटों के बाद प्रसुता महिला की मौत हो गई।मामले में मिली जानकारी के अनुसार बोआरिजोर निवासी सरफरोज अंसारी ने प्रसुति दर्द से पीड़ित अपनी पत्नी संजीदा खातून को शनिवार की सुबह 6.30 बजे बोरियो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए।जिसके आधे घंटे बाद उक्त महिला ने एक बच्चे को जन्म दिया। बताया जाता है कि तब तक जच्चा बच्चा दोनों सकुशल थे।लेकिन भर्ती महिला की आठ घंटे बाद मृतक महिला के परिजनों ने अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया। हालांकि आसपास के लोगों ने समझा बुझाकर मृत महिला व उसके परिजनों को घर भेज दिया। मामला में सबसे बड़ा सवाल

यह खड़ा होता कि अगर मरने वाली महिला डिलेवरी के बाद स्वस्थ थी तो मर कैसे गई या फिर अगर उसकी हालत गंभीर थी तो उसे हायर सेंटर क्यों नहीं भेजा गया,जिससे शायद उसकी जान बच सकती थी।हालांकि इस घटना के बाद कई लोगों ने यह बताया कि सरकारी अस्पताल होने के वाबजूद यहां किसी भी प्रकार की स्वास्थ सेवा लेने के लिए पैसों का चढ़ावा चढ़ाना पड़ता है।

ग्रामीण कौशल्य योजना का योगदान महत्वपूर्ण : निसात आलम

संवाददाता

बरहरवा । झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) द्वारा संचालित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत शनिवार को विधायक श्रीमती निसात आलम की उपस्तिथि में बरहरवा प्रखंड कार्यालय परिसर में कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस दौरान सर्वप्रथम विधायक श्रीमती निसात आलम,अंचलाधिकारी रामजी वर्मा,विधायक प्रतिनिधि बरकत खान सहित अन्य अतिथिगण एवं अधिकारियों का पुष्प गुच्छ देकर कार्यक्रम में स्वागत किया गया जिसके उपरांत मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती निसात आलम एवं सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में जिला वित्त प्रबंधक राजेश कुमार ने दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के संबंध में सभी को विस्तार से जानकारी देने के क्रम में बताया कि इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार की दिशा में लोगों को अग्रसर करने के उद्देश्य से यह योजना संचालित है जिसके तहत महिलाओं को सिलाई कढ़ाई, नर्सिंग

के साथ विभिन्न क्षेत्रों एवं पुरुषों को विभिन्न तकनीकी कौशल प्रशिक्षण दिया जाता है। विधायक प्रतिनिधि श्री बरकत खान ने बतलाया कि जेएसएलपीएस के अंर्तगत दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत 3 माह से लेकर 2 साल तक के प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थी को किसी भी तरह का कोई भी खर्च वहन नहीं करना होगा। सरकार द्वारा प्रशिक्षणार्थी को प्रशिक्षण के दौरान रहने, खाने सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है। वर्तमान समय में योजना को लेकर लोगों में जागरूकता की कमी है इसी उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है जिसमें आप सभी जनप्रतिनिधियों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों आदि की सहभागिता किस प्रकार से इस योजना को सफल करने में सुनिश्चित की जाए के संबंध में सभी को जानकारी दी जा रही है। कार्यशाला के दौरान उपस्थित मीडिया प्रतिनिधियों से विधायक श्रीमती निसात आलम ने विशेष रुप से अपील करते हुए योग्य एवं जरूरतमंद लोगों को योजना से जोड़ने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की अपील की। साथ ही साथ कहा कि अगर इस योजना को सही तरीके से धरातल पर उतारा जाए तो बरहरवा प्रखंड के विकास में यह योजना मील का पत्थर साबित होगी। कार्यक्रम के अंत मे परिसंपत्तियों का वितरण किया गया जिसके तहत 110 सखी मंडलों को बैंक क्रेडिट लिंकेज का 1 करोड़ 65 लाख,151 सखी मंडलों को सामुदायिक निवेश निधि का 75 लाख 50 हज़ार,71 सखी मंडलों को चक्रीय निधि 21 लाख 30 हज़ार इत्यादि का वितरण किया गया साथ साथ आज के कार्यक्रम में 51 बेरोजगार युवक एवं युवतियों ने पंजीकृत करवाया। मंच का संचालन बीपीएम फ़ैज़ आलम के द्वारा किया गया। मौके पर अंचलाधिकारी रामजी वर्मा,जिला सम्यवक आसिफ इकबाल,अब्दुल गफ्फूर, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू,कमलवरिष्ठ कांग्रेसी गुलाम रब्बानी,कमल आर्य, मो नसीरुद्दीन,अनीता साहा,भोलानाथ महतो, अनंत लाल भगत,नेहाल अख्तर,शरिक रब्बानी, दिल अफरोज,अजीत कुमार रॉय, विक्की कर्मकार,राकेश शेख,आलमगीर,श्याम कुमार,कुंदन चक्रवर्ती,आफताब आलम, जेएसएलपीएस के कर्मी,कैडर सहित बेरोजगार युवक एवं युवतियां,सखी मंडलों की महिलाएं एवं बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की डीसी ने की समीक्षा बैठक

साहिबगंज। उपायुक्त कार्यालय में शनिवार को डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में डीएमएफटी पीरामल फाउंडेशन के तहत विभिन्न विकास योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा बैठक की गई। डीसी द्वारा विशेषकर पर शिक्षा, स्वास्थ्य,कौशल विकास और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रभावशीलता पर जोर दिया।उन्होंने कहा कि सभी फेलोज को समन्वय बनाकर कार्य करना चाहिए,ताकि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। वहीं योजनाओं के संचालित में आ रही चुनौतियों पर चर्चा की। जिसपर डीसी ने समस्याओं के समाधान के लिए त्वरित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया और पदाधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।बैठक में डीएमएफटी फेलो, पिरामल फाऊंडेशन फेलो एवं एबीपी फेलो उपस्थित थे।

परिधान वस्त्रालय का हुआ उद्घाटन

बरहड़वा। प्रखंड क्षेत्र के मिर्ज़ापुर पंचायत के फूटानीमोड़ पर ए. र. परिधान वस्त्रालय नामक कपड़ा दुकान का उद्घाटन किया गया। दुकान का उद्घाटन पंचायत के पंचायत सचिव अशोक कुमार दास,मुखिया प्रतिनिधि अशराफुल हॉक ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। श्री दास ने बताया कि क्षेत्र में अब तेजी से विकसित होने लगा है। जिसमें गांव में ही सभी सामग्री उपलब्ध हो जाता है।उन्होंने दुकान संचालक को व्यापार की तरक्की के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही ग्राहकों के बीच मधुर संबंध बनाते हुए उनकी पसंद के अनुरूप बेहतर सेवा देने की अपील की। साथ ही कहा की किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए व्यापार का बढ़ना जरूरी है। जब तक व्यापार नही बढ़ेगा तब तक किसी भी क्षेत्र का विकास संभव नही है।हमारी सरकार भी व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चला रही है। एवं दुकान संचालक अनवर हुसैन उर्फ बापी ने बताया कि यहां ग्राहकों को सुविधा को देखते हुए लेडीज, जेन्ट्स, किड्स और लाइफस्टाइल के अलग-अलग प्रोडक्ट्स उपलब्ध कराया गया है। जिसमें ग्राहक बेहद किफायती कीमत पर खरीद सकेंगे।मौके पर उपमुखिया आलमगीर आलम,समीम अख्तर,अब्दुल करीम,जयदुर रहमान,शब्बीर विश्वाश, इमाम हुसैन,तरुण घोष,अमर मंडल,मोहम्मद कमालुद्दीन,सहित अन्य लोग मौजूद थे।

भूमिहीन मजदूरों की समस्या को लेकर बैठक सम्पन्न

साहिबगंज जिले के उधवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सुतियारपाड़ा,माल टोला में झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक के जिला अध्यक्ष मिथुन कुमार यादव की अध्यक्षता में भूमिहीन मजदूरों की समस्या को लेकर बैठक आयोजित हुई।बैठक में जिला अध्यक्ष मिथुन कुमार यादव ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा है की तीन पीढियां से उक्त मौजा में सरकारी जमीन में निवास करते आ रहे हैं सभी गरीब तबके के लोग हैं।श्री यादव ने कहा कि झारखंड मजदूर संघ सरकार से गृह वहीन जमीन बंदोबस्ती देकर प्रधानमंत्री आवास या अबुआ आवास देने की मांग करते हैं,बैठक में जिला महामंत्री मोहम्मद इमाम विश्वास प्रखंड अध्यक्ष जीवन घोष रूपचंद राय,मानिक राय शत्रुघ्न घोष,सीताराम घोष,अमृत राय नारायण,जोबा देवी फकीरचंद राय पांडा राय सहित अन्य लोग मौजूद थे।

सीनियर ज़िला क्रिकेट लीग कम नॉक आउट टूर्नामेंट का फाइनल आज

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज। ज़िला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे सीनियर क्रिकेट लीग टूर्नामेंट का रविवार को फाइनल मुकाबला होगा। फाइनल मैच यंग बॉयज क्रिकेट क्लब बनाम नेताजी क्रिकेट क्लब के बीच खेला जाएगा। फाइनल मैच के मुख्यातिथि उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा होंगे। ज़िला क्रिकेट एसोसिएशन सचिव अंकुर सिन्हा व टूर्नामेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम ने बताया कि फाइनल मुकाबला के लिए एसोसिएशन की ओर से तैयारी पूरी कर ली गई है।

सात दिवसीय प्लास्टिक सर्जरी कैंप का हुआ उदघाटन

अमेरिका से आए 18सदस्यीय टीम करेगा इलाज

गिरिडीह (ईएमएस)। गिरिडीह रोटरी क्लब के द्वारा शनिवार को मुफ्त में प्लास्टिक सर्जरी कैंप का उदघाटन किया गया। गिरिडीह के भारत प्रसिद्ध उद्योगपति सुरेश जलान ने इस कैंप का उदघाटन किया।गिरिडीह के सीए और रोटेरियन विकास बगैडिया ने बताया कि वर्ष 1987 से ये कैंप लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अमेरिका से आई टीम मुफ्त में प्लास्टिक सर्जरी करते आ रही है।रोटरी क्लब के अध्यक्ष रवि केजरीवाल ने बताया कि सात दिनों तक चलने वाले इस कैंप में चार सौ से अधिक मरीज की पहचान की गई है। उन्होंने गिरिडीह वासियों से अपील की है कि इस कैंप का लाभ उठाये।उद्योगपति सुरेश जलान ने कहा कि अमेरिका से आए डॉ इस कार्यक्रम के हीरो हैं।

सखी मंडल दीदी किसानों के बीच ड्रैगन फ्रूट पौधा हुआ वितरण

साहिबगंज संताल एक्सप्रेस। उद्यान विभाग द्वारा राज्य बागवानी मिशन योजना के तहत तालझारी प्रखंड के हरीनकोल गांव में शनिवार को सखी मंडल के दीदी किसानों को ड्रैगन फ्रूट पौधों का वितरण किया गया।जिले के तालझारी,उधवा,बोरियो, बरहेट एवं पतना को प्रखंड के कुल 31 सखी मंडल दीदी किसानों को इस योजना का लाभ दिया गया।वितरण कार्यक्रम में जेएसएलपीएस से कृष्ण कांत रक्षित और उद्यान विभाग से प्रेम पासवान ने संयुक्त रूप से सखी मंडल की दीदी किसानों को पौधा दिया गया।ड्रैगन फ्रूट खेती से बढ़ेगी आमदनीयह फल पोषण से भरपूर होता है और इसकी बाजार में काफी मांग है। वहीं विशेषज्ञों ने किसानों को ड्रैगन फ्रूट की देखभाल,सिंचाई व्यवस्था और उन्नत खेती तकनीकों की जानकारी दी।उद्यान विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य महिला किसानों को आत्मनिर्भर बनाना और बागवानी क्षेत्र में उनकी भागीदारी बढ़ाना है। मौके पर शाहनवाज आलम, शीला हेंब्रम,अंजली देवी,बबीता हेंब्रम सहित कई अन्य सखी मंडल की दीदी किसान उपस्थित रहीं।

पुलिस पदाधिकारी ने किया दियारा क्षेत्रों का भ्रमण

संताल एक्सप्रेस साहिबगंजसाहिबगंज। जिले के पुलिस पदाधिकारी ने शनिवार को रिवर थाना अंतर्गत दियारा क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान राजमहल एसडीपीओ विमलेश त्रिपाठी, सर्किल इंस्पेक्टर राजीव रंजन व मुफ़स्सिल थाना प्रभारी मदन कुमार ने दियारावासियों की समस्या सुनी। साथ ही उन्हें रिवर थाना के संचालन की जानकारी दी।

पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज। जिरवाबाड़ी थाना पुलिस ने चानन निवासी पुराने मामले के वारंटी रवीन्द्र कुमार मंडल को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह ने बताया कि उसके विरुद्ध 2014 के एक मामले में न्यायालय से वारंट था।

कांग्रेस के युवा प्रखंड अध्यक्ष ने विद्युत विभाग से खंभे ऊंचे करने की मांग की

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज शनिवार को जिले के युवा कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष कौसर आलम ने आज उपमहाप्रबंधक तकनीकी विधुत आपूर्ति साहिबगंज को आवेदन देकर महादेवगंज से लालबथानी तक ऊंचा पोल (खंभा)लगाने का बात कही।वहीं कौसर आलम ने बताया कि हर वर्ष बाढ़ के कारण पोल सब डूब जाते हैं।,जिस कारण क्षेत्र की बिजली काट दीं जाती है। और लगभग दो माह तक ग्रामीण बिजली से वांछित हो जातें हैं।श्री आलम ने बताया कि ग्रामीण की समस्या को देखते हुए उपमहाप्रबंधक तकनीकी विधुत आपूर्ति नथन रजक ने स्कूटीव कार्यपालक अभियंता को जांच करने का आदेश दिया।वही श्री आलम ने कहा कि जल्द ही समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

विधायक धनंजय सोरेन ने प्रखंड के कई गाँव मे मांझी स्थान का किया शिलान्यास

मंडरो,साहिबगंज संताल एक्सप्रेस । बोरियो विधायक धनंजय सोरेन के द्वारा शनिवार को प्रखंड के कई पंचायतों में लाखों रुपये कि लागत से बनने वाले मांझी स्थान का शिलान्यास किया गया।जिसमें पिंडरा पंचायत अंतर्गत पहाड़पुर गांव,बसहा पंचायत के बरमसिया गांव,कौडी खुटाना पंचायत के दयालपुर गांव, तेतरिया पंचायत के महुआकोल गांव,सिमडा पंचायत के बडा केंदुआ गांव,खैरवा पंचायत के फूलो लक्ष्मी गांव में लाखों रुपये कि लागत से शिलान्यास किया। इस दौरान विधायक धनंजय सोरेन ने उपस्थित लोगों से कहा कि राज्य सरकार की जितनी भी जन-कल्याणकारी योजनाएं संचालित है, वैसे सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बोरियो विधानसभा क्षेत्र के सभी गांव में पहुंचना हमारा दायित्व रहेगा।मौके पर कनीय अभियंता राजकुमार झा,सुबोध सोरेन,बबलू मिश्रा,संटी मिश्रा, हीरा यादव,मोहम्मद सुभान अली,मोहम्मद प्रवेज आलम, मैथ्यूल सोरेन,लतिब अंसारी, शरीफ शरीफ अंसारी,मोहम्मद अली,बाबुचंद सोरेन,आलम अंसारी सहित झामुमो के दर्जनों कार्यकर्ता सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरीयो सीएस ने किया निरीक्षण

संताल एक्सप्रेस बोरीयो,साहिबगंज।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी बोरियो का की प्रवीण कुमार संथालिया ने शनिवार को औचक निरीक्षण किया। शनिवार को ही एक गर्भवती महिला की मृत्यु की गंभीरता को देखते हुए सीएस पहुंच कर मामले की छानबीन की।मृत्यु के संभावित कारण को जाना,प्रसव से संबंधित सुविधाओं की समीक्षा की गई।स्टाफ की उपलब्धता, आवश्यक दवाइयाँ की स्थिति आदि की जाँच की गई।स्वास्थ्य कर्मियों से घटना के बारे में विस्तृत जानकारी ली गई। वहीं गर्भवती महिला की मृत्यु के बाद स्थानीय आकर्षित लोगों से बातचीत भी की। भविष्य में इस तरह की घटना ना घटे इसके लिए स्वास्थ्य कर्मियों एवं डॉक्टर को निर्देशित किया।सीएस ने जबकि ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ से जवाब एवं संभावित लापरवाही पाए जाने पर संबंधित कर्मियों पर उचित कार्रवाई करने की चेतावनी दिया।

दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन

संताल एक्सप्रेस उधवा। प्रखंड के दक्षिण पलाशगाछी पंचायत में शनिवार को पंचायत स्तरीय दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का मुखिया नफीसा खातुन, बीडीओ जयंत तिवारी एवं थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडे ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान मुखिया नफीसा खातुन ने कहा कि खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन होने से खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। जिससे वे अपनी पहचान राज्य एवं राष्ट्रीय स्तरीय पर मिलती है। साथ ही कहा कि खेल से बच्चों में शारीरिक व मानसिक विकास होता है, इसके अलावा बच्चों में अनुशासन की भावनाओं का भी सृजन होता है।बता दें इस दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन युवा सेवा संगठन की ओर किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न खेलों जैसे दौड़,कूद, ऊंची व लम्बी छलांग लगाना, म्यूजिकल चेयर , पोटैटो रेस, बिस्कुट रेस,कूक फाइट सहित अन्य खेलें शामिल हैं। प्रतियोगिता में तीन समूहों ए,बी, एवं सी लड़के व लड़कियों के लिए बनाए गए हैं। खेल में नियम व शर्तें रखी गई है। मौके पर पश्चिमी प्राणपुर के मुखिया प्रतिनिधि महबूब आलम,ताजीरूल हक, युवा सेवा संगठन के अध्यक्ष आलमगीर, आब्दुल बहाव,सहित अन्य मौजूद थे।

पूर्व मुखिया सह वयोवृद्ध किसान का निधन

साहिबगंज। 1947 में देश की आज़ादी के बाद रेलवे स्टेशन पर तिरंगा फहराने वालों में शामिल पूर्व मुखिया सह वयोवृद्ध किसान आसकरण गोप का निधन हो गया। 100 वर्षीय आसकरण गोप बीमार चल रहे थे। उनके निधन से साहिबगंज में शोक की लहर दौड़ गई है। आसकरण गोप ने 1970 में पहली बार महादेवगंज पंचायत के मुखिया पद पर जीत हासिल की थी। ईमानदार, मृदु भाषी व सभी जाति व धर्मों को साथ लेकर चलने वाले आसकरण गोप 1972 से 1977 तक सदर प्रखंड के प्रमुख भी रहे। इसके उपरांत 1978 से 1995 तक माहादेवगंज पंचायत के निर्विरोध मुखिया रहे। 2 अक्टूबर 2009 में तात्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने उन्हें राज्य में सर्वश्रेष्ठ गन्ना उत्पादन के लिए सर्वश्रेष्ठ कृषक से सम्मानित किया था। आसकरण गोप कृषि उत्पादन बाजार समिति में आत्मा के सदस्य भी रहे। वहीं ज़िला परिषद सदस्य व जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष भी रहे। कौशल्या ज्योति ट्रस्ट ने झारखंड एवं सोल इंडिया ट्रस्ट भागलपुर के सौजन्य से समाज मे विशिष्ट योगदान के लिए उन्हें 7 मई 2017 को साहिबगंज गौरव सम्मान से सम्मानित किया था।

आयकर छूट मामले में निर्मला सीतारमण को घेरा राघव चड्ढा ने

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट प्रस्तुत किया। उसमें उन्होंने 12 लाख रुपए तक की आय को कर मुक्त करने की घोषणा की। दिल्ली विधानसभा का चुनाव होना था। सरकार ने 12 लाख रुपए तक की आयकर में छूट देकर वाह-वाही लूटी। इसी के साथ दिल्ली विधानसभा का चुनाव भी भाजपा ने जीत लिया। बजट के साथ जो आयकर का स्लैब सरकार ने दिया है, उसको लेकर लोगों के मन में संदेह था, 12 लाख रुपए से ज्यादा की आय होने पर अलग-अलग स्लेब में अलग-अलग टैक्स लगेगा। वित्त मंत्री ने बजट के दौरान यह घोषणा की थी, कि जल्द ही नया आयकर बिल पेश किया जाएगा। जिसमें नियमों का सरलीकरण किया जाएगा। 13 फरवरी को लोकसभा में आयकर बिल पेश कर दिया गया है। इस बिल को अभी चयन समिति के पास भेजा गया है। आयकर बिल को लेकर स्थिति स्पष्ट होने के स्थान पर लोगों के मन में शंका और संदेह बढ़ा है। आयकर बिल में सरकार ने 80 सी के प्रावधान को खत्म कर दिया है। नए बिल में इनकम टैक्स के स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया है। कैपिटल गैन को लेकर कोई संशोधन नहीं लाया गया है। आयकर बिल में नई टैक्स व्यवस्था और पुरानी टैक्स व्यवस्था को लेकर अनिश्चय की स्थिति बनी हुई है। धारा 80 सी के तहत इक्विटी लिंक्ड सेविंग स्कीम, पब्लिक प्रोविडेंट फंड, जीवन बीमा प्रीमियम, नेशनल पेंशन स्कीम तथा टैक्स सेविंग डिपॉजिट को लेकर 80 सी के प्रावधान में बदलाव किया गया है। अभी तक जो छूट 80 सी के तहत मिलती थी उसके लिए आयकर बिल में धारा 123 को जोड़ा गया है। इस धारा में किसी व्यक्ति या हिंदू अविभाजित परिवार को टैक्स वर्ष में भुगतान या जमा की गई राशि पर छूट देने का प्रावधान किया गया है। यह प्रावधान डेढ़ लाख रुपए से अधिक नहीं होगा। सरकार आयकर नियमों को सरल करने के लिए नया बिल लेकर आई है। नया आयकर बिल 622 पन्नों का है। आयकर बिल में 536 धाराओं को शामिल किया गया है। वर्तमान में जो आयकर अधिनियम लागू था, उसमें 823 पन्नों में आयकर के नियमों का विवरण दिया गया था। अभी कुल 298 धारायें थीं। इस हिसाब से आयकर बिल के पन्ने जरूर घट गए हैं, लेकिन आयकर की धाराओं को बढ़ा दिया गया है। सरकार कह रही है, उसने आयकर नियमों का सरलीकरण कर दिया है, लेकिन जिस तरह से आयकर बिल में, बट-किंतु-परंतु करते हुए नई-नई धाराओं का प्रावधान किया गया है, उसके कारण आयकर विभाग में भ्रष्टाचार बढ़ना तय है। आयकर विभाग का अधिकारी मनमाने तरीके से अपनी सुविधा के अनुसार नए बिल की धाराओं का उपयोग कर सकेंगे। इससे आम आयकर दाताओं की मुसीबत निश्चित रूप से बढ़ने वाली है। कर विशेषज्ञों का यह मानना है, इससे आयकर विभाग में भ्रष्टाचार बढ़ेगा। सरकार की मनमानी भी बढ़ सकती है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण तथा राज्यसभा के सांसद राघव चड्ढा के बीच तीखी नोकझोंक संसद में सामने आई। निर्मला सीतारमण ने राघव चड्ढा की सीए की डिग्री पर सवाल उठा दिया है। सांसद राघव चड्ढा ने स्पष्ट रूप से आरोप लगाया है, सरकार ने आयकर को लेकर गलत घोषणा की है। राघव चड्ढा का वीडियो वायरल हो रहा है। उसमें वह निर्मला सीतारमण द्वारा की गई गलत बयानी को बता रहे हैं। 12 लाख से यदि ?1 की भी ज्यादा आय होगी, ऐसी स्थिति में आयकर दाता को स्लैब के अनुसार 4 लाख से ऊपर की आय पर टैक्स भरना होगा। नए और पुराने टैक्स व्यवस्था के रूप में सरकार ने आयकर दाताओं के लिए एक ऐसा मकडजाल बुना है जो आगे चलकर उनके लिए बहुत बड़ी मुसीबत खड़ा करने वाला है। भाजपा और केंद्र सरकार ने यह खेल दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए किया था। यह रणनीति भाजपा के लिए मुफीद साबित हुई। दिल्ली में स्पष्ट बहुमत से भाजपा की सरकार बनने जा रही है। सरकार ने 12 लाख रुपए की आय का जो शगूफा छोड़ा था इसका फायदा भाजपा को पूरी तरह से मिल गया है। सरकारी नौकरी वालों को इसमें सबसे ज्यादा नुकसान होगा किसी तरह से वह अपने आमदनी को कम या ज्यादा नहीं कर सकते हैं 12 लाख की छूट देने के बाद भी 4 लाख से अधिक की आय पर आयकर दाताओं को टैक्स भरना ही पड़ेगा। एक तरह से आयकर दाताओं को शर्तों के नाम पर ठगा गया है।

भारत, रूस और अमेरिका के बीच नए समीकरण

ललित मोहन बंसल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पेरिस और वॉशिंगटन दौरे के बाद आस बंधी है कि भारत में अनवरत विद्युत और गैस सप्लाई से आर्थिक विकास दर में वृद्धि होगी। एक समय उद्यमी अपने कल-कारखाने में उत्पादन कार्य से पहले अनवरत विद्युत सप्लाई के लिए भागदौड़ में जुटा रहता था। आज एक ओर क्लाइमेट चेंज के कारण कार्बन रहित विद्युत उत्पादन पर जोर दिया जा रहा है, वहीं आणविक विद्युत सप्लाई के लिए बड़े संयंत्र की जगह छोटे आणविक संयंत्रों की मांग बढ़ रही है। मोदी ने अपने दौरे के पहले पड़ाव में पेरिस में फ्रांस के राष्ट्रपति एमेन्युअल मैक्रो से द्विपक्षीय वार्ता में रिन्युअल एनर्जी के अंतर्गत छोटे आणविक संयंत्रों की सप्लाई पर अहम समझौता कर कार्बन रहित संस्कृति को गति दी है। इससे निःसंदेह मोदी के 'मेक इन इंडिया' मंत्र को नई दिशा मिलेगी, वहीं देश के विभिन्न राज्यों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर खड़े किए जा सकेंगे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए चौबीसों घंटे अनवरत विद्युत आपूर्ति की जरूरत होगी, जो डाटा सेंटर और विशाल कंप्यूटर सेंटर को सजीव रख सके। भारत के आर्थिक विकास में ऊर्जा के क्षेत्र में कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति एक प्राथमिकता है।

आने वाले दिनों में भारत की ऊर्जा, विशेषकर कच्चे तेल की माँग चीन से ज्यादा होगी। इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी की मानें तो निःसंदेह तीन सालों में भारत के कारोबार में वृद्धि होने से परिवहन और उद्योग में कच्चे तेल की माँग बढ़ेगी, एक तेजी से खड़ी होने वाली भारतीय इकॉनमी के लिए परिष्कृत ऊर्जा और और विद्युत ऊर्जा की जरूरत होगी। पेरिस आधारित इस एजेंसी के अनुसार भारत को मौजूदा 15.380 करोड़ बैरल से बढ़ कर 2030 में 16.640 करोड़ बैरल प्रतिदिन की जरूरत होगी। मोदी ने वार्ता के दौरान अगले पाँच सालों में विकसित भारत-2047 तक दोगुने व्यापार की उम्मीद जताई है। बता दें, मोदी और ट्रम्प वार्ता के दौरान व्यापार संधि में भारत ने अमेरिका से कच्चा तेल खरीदने पर सहमति जताई है। भारत अमेरिका से कितना तेल और गैस खरीदेगा, इस पर विचार जारी है। दुनिया में कच्चे तेल के आयात में चीन और अमेरिका के बाद भारत तीसरा बड़ा आयातक देश है।मोदी-ट्रम्प वार्ता में ऊर्जा ¬ कच्चे तेल पर आधारित भारतीय इकॉनामी को पाँच खरब की इकॉनामी बनने के लिए अमेरिका से होकर क्षितिज पर पहुँचना होगा। दुनिया में तेल के आयात में भारत तीसरा (10.1 त्न) बड़ा देश है। भारत ने 2023-24 में 88त्न तेल के आयात पर निर्भर रहा। 2023-24 में कच्चे तेल का बिल 139.3 अरब डॉलर था, जो भारत के कुल आयात मूल्य 678 डॉलर का 21 प्रतिशत कहा जा सकता है। इसमें तेल आधारित उत्पाद नहीं है। भारत खुद तेल आधारित उत्पाद बना कर यूरोपीय देशों को निर्यात करता है और 23.3 अरब डालर अर्जित करता है। इसमें एलपीजी 10.5 अरब डॉलर, 22.1 अरब डॉलर के हाई स्पीड डीजल और 11.2 अरब डॉलर मोटर स्पिरिट है। ऐसे में कच्चे तेल की क़ीमतें गिरती हैं, निश्चित तौर पर भारत लाभान्वित होगा।अभी तक तेल की कीमतों को प्रभावित करने में खाड़ी में तेल उत्पादक देशों और ओपेक प्लस देशों में रूस, अमेरिका सहित ऐसे आधा दर्जन देश हैं, जो तेल का उत्पादन करते हैं। भारत में कच्चे तेल का उत्पादन अल्प मात्रा में हो पाता है, जबकि उसे अठासी प्रतिशत तक आयात पर निर्भर रहना पड़ता है। भारत तेल की कीमतों को प्रभावित करने की स्थिति में भले नहीं रहा, वह भू-राजनैतिक कारणों से सऊदी, ईरान, इराक़ और यूनाइटेड अरब अमीरात, वेनेजुएला आदि देशों से कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति करता रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध के से उपजी परिस्थितियों के कारण भारत ने राष्ट्रहित में मौजूदा निर्यातक देशों के कोटे में कटौती कर अधिकाधिक तेल रूस से खरीदना शुरू किया। रूस और भारत के रणनीतिक रिश्तों के कारण भारत में कच्चा तेल 15 से 20 डॉलर प्रति बैरल आयात किया जाता रहा है।

शुरू में 2023-24 में 33 त्न इराक़, 21त्न सऊदी अरब, 16त्न यूएई, 6.4 त्न खाड़ी के ओपेक प्लस देशों में रूस और अमेरिका, दो बड़े देश हैं, जो दस लाख बैरल तेल प्रतिदिन निकालते हैं, हालांकि अमेरिकी जरूरतों को पूरा करने के लिए अमेरिका सऊदी अरब जैसे दोस्तों से तेल की आपूर्ति करता है।

भारत ने यूएस से तेल के आयात पर सहमति देकर एक ओर अमेरिका से मित्रता का धर्म निभाया है, वहीं खाड़ी और रूस से आयात के मौजूदा कोटे में कमी कर देश को चुनौतियों के लिए आमंत्रण दिया है। दरअसल, डोनाल्ड ट्रम्प कच्चे तेल का अधिकाधिक उत्पादन करना चाहते हैं। वह अपने तेल उत्पादकों से कहते हैं, 'ड्रिल बेबी ड्रिल' और दूसरी ओर मित्र देशों को उलाहना देते हुए कहते हैं, 'आओ, हमसे दोस्ती करो और तेल पाओ।'' अमेरिका ने 29023 में 19358 हज़ार बैरल प्रतिदिन उत्पादन किया, जो वैश्विक स्तर पर कुल उत्पादन का 20.1 है।

ओपेक देशों का 35.3 त्न और ओपेक + देशों रूस और मैक्सिको सहित 54त्न है। ऐसे समय जब रूस अपनी जर्जर इकॉनामी को सुधारने के लिए भारत को सस्ते में तेल देने का प्रलोभन देता है, तो ग़लत नहीं है। इससे भारत-रूस संबंधों पर आंच आना स्वाभाविक है।रिन्यूअल एनर्जी से होगा कार्बन रहित समाज ¬ इसी रिन्यूवल एनर्जी परिकल्पना की दृष्टि से फ़्रांस के राष्ट्रपति एमेन्युअल मैक्रो और भारत के बीच छोटे आणविक संयंत्रों के आयात पर जो समझौता हुआ है, उससे देशभर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के नए द्वार खुल सकेंगे। इन आणविक संयंत्रों से एआई ही नहीं सेमीकंडक्टर चिप निर्माण में अनवरत विद्युत ऊर्जा से प्रौद्योगिकी को बल मिलेगा। उल्लेखनीय है कि रिन्यूवल एनर्जी आधारित ऊर्जा के लिए उत्तम कोटि के मिनरल की जरूरत होती है। इस क्षेत्र में चीन कहीं आगे है, संभव है भारत को चीन से ऐसे मिनरल के आयात में कठिनाई हो सकती है, जो उसके ऊर्जा सुरक्षा में बाधक बने।एलन मस्क और मोदी वार्ता में विद्युत वाहन ¬ क्लाइमेट चेंज से अत्यधिक प्रभावित भारत एक तो खनन कोयले पर अत्यधिक गर्मी से पीड़ित है। इसके लिए भारत की कोशिश है कि वह परिवहन तेल और गैस पर निर्भर रहने की बजाए विधुत चालित वाहनों का सहारा ले। इस संदर्भ में मोदी ने अपने दौरे के पहले ही दिन ऐलान मस्क से बातचीत में विद्युत चालित वाहनों के लिए सहयोग मांगा। मस्क भारत में विद्युत चालित वाहनों की फैक्ट्री लगाते हैं, तो भारत ने उन्हें सिंगल विंडो के तहत सभी सुविधाएँ दिए जाने की पेशकश की है। परिवहन क्षेत्र को कार्बन रहित बनाने के लिए भारत में 2023 में 15.3 लाख विद्युत वाहन थे, जो एक साल में बढ़ कर 19.5 लाख विद्युत वाहन हो गए जो मात्र 7.44 त्न वृद्धि है। कार्बन रहित परिवहन के लक्ष्य में बायो फ्यूल और हाइड्रोजन एक विकल्प है। भारत ने चालू बजट में साल 2047 तक सौ मेगावाट आणविक विद्युत निर्माण का लक्ष्य रखा है।

एआई की सौगात : संभावनाएँ और चुनौतियाँ

गिरीश्वर मिश्र

एआई यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विकास और उपयोग की दिशा में वैज्ञानिकों और तकनीकविदों ने कमाल की बढ़त हासिल की है और उनके अभियान का क्रम लगातार जारी है। एआई बड़ा संक्रामक है और देश-काल की सीमाओं को तोड़ते-फ़लांघते वह जल, थल और अंतरिक्ष हर कहीं मनुष्य की अप्रत्याशित रूप से त्वरित पहुँच का विस्तार करता जा रहा है। वैसे तो एआई भी एक नैसर्गिक यानी स्वाभाविक मानवीय बुद्धि का ही करिश्मा है परंतु आज जिस गति से सबकुछ में निर्बाध दखल देते हुए इसके ज़रिए जो बदलाव लाए जा रहे हैं वे दुनिया का नक़्शा ही बदल रहे हैं। निर्माण अपने निर्माता की नियति तय करता दिख रहा है।

आज वर्चुअल और डिजिटल को इस तरह स्थापित किया जा रहा है कि उनके आगे सत्य और यथार्थ हिलने-काँपने लगा है। मनुष्य सत्य और असत्य (झूठ) पर भरोसा करता आ रहा है। सत्य अर्थात् वह जिसका अस्तित्व है (सत्) परन्तु अब नाना प्रकार के सत्य अस्तित्ववान हो रहे हैं जिनमे अपनी पसंद से चुनना होता है पर जिस भी संस्करण के सत्य उभर रहे हैं उनके पीछे आ आई का हाथ ज़रूर होता है। वैसे तो किसी भी तरह के चुनाव का आधार मुख्य नियामक होता है ताकि होड़ लेते विभिन्न सत्यों के कई प्रत्याशियों के बीच असली या उपयोगी सत्य को खोज कर पहचाना जा सके। सत्य के साथ स्थिरता, निरंतरता और सातत्य या फिर अपरिवर्तनशीलता और विश्वसनीयता जैसे मानक भी स्वाभाविक रूप से जोड़ दिए जाते रहे हैं। परम और नित्य सत्य की परिकल्पना हमें ईश्वर के क़रीब पहुँचा देती है।

आज जब सत्य के निर्माण की छूट मिल रही है तो उसके कई परिणाम सामने आ रहे हैं। सारी क़ानूनी मशीनरी सत्य का बाजार चला रही है। वह प्रमाण और साक्ष्य के माध्यम से मुकदमा चलने के दौरान मुल्तबी सत्य को अपने बल पर सत्य के खाँचे में फिट कर देती है। वकील और गवाह मिल कर सत्य रचते और तय करते हैं और वह जज के सत्यबोध से मेल खा जाए तो वह सुच्चा या निखालिस सच बन जाता है। यह दृष्टि सत्य की अस्थिरता या सापेक्षिकता और अन्ततः बहुलता की तरफ़ ले जाती है जिसके अच्छे-बुरे दोनों तरह के परिणाम हैं।कृत्रिम बुद्धिमत्ता बहुत आगे जा रही है। वह वास्तविक बुद्धिमत्ता के उपयोग के अवसरों और अभ्यासों को जिस तरह बदल रही है उससे हमारी आदतें, व्यवहार शैली और जीने का अंदाज़ सबकुछ बदलता जा रहा है। इस तरह का व्यापक नवाचार हमारी अपने बारे में समझ को भी बदल रहा है। मनुष्यता के स्वभाव, बच्चों के पालन-पोषण, पढ़ाई-लिखाई आदि मनुष्य के रूप में निर्माण जैसे जरूरी उपायों के स्वरूप को प्रभावित कर रहा है। जीवन में एआई प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से हर तरफ़ उपस्थित है। पिछले कुछ दिनों में डीप फेक और साइबर अरेस्ट जैसी घटनाओं ने एआई के उपयोग के अतिरेक से पैदा हो रही तमाम मुश्किलों की ओर ध्यान आकर्षित किया है जिनका संबंध जीवन की गुणवत्ता से है।

एआई की पहुंच का विस्तार या रेंज बढ़ता ही जा रहा है। निजी जीवन में उसकी दखल दुरभिसंधि, भयादोहन, अंतरराष्ट्रीय संघर्ष, आर्थिक घोटाले और व्यापार जगत सबको संत्रस्त करने वाला साबित हो रहा है।

एआई के उपयोग से काम में सुभीता, शीघ्रता और मात्रा को ध्यान में रखते हुए आज विभिन्न देशों में अपनी एआई की क्षमता बढ़ाने के लिए होड़ मची हुई है। भारत भी इसमें शामिल हो रहा है। औद्योगिक क्रांति जैसी क्रांति का लाभ न पाकर हम अब यह सोच रहे हैं कि एआई क्रांति से बड़ी लम्बी छलांग लगा लेंगे-यह आकर्षक पर ख़तरनाक हो सकता है। कुछ दिन पहले भारतीय मूल के नोबल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक वेंकी रामकृष्णन ने जयपुर में बोलते हुए स्पष्ट रूप से एआई की संभावनाओं के साथ इससे जुड़े बड़े ख़तरों की ओर ध्यान खींचा, शायद उससे निपटने के लिए तकनीकी विशेषज्ञता काफ़ी न होगी। उसके किए समानुभूति, इतिहास और संस्कृति की समझ की भी दरकार होगी। बिना उस व्यापक संदर्भ के हमारे समाधान छिछले, संकुचित और नुक़सानदेह हो सकते हैं। सबकुछ तकनीक विशारदों पर नहीं छोड़ा जा सकता। एआई के नैतिक और सामाजिक आयाम भी हैं। शिक्षा में वे मानविकी और विज्ञान परौद्योगिकी दोनों को महत्व देने की वकालत कर रहे थे। तकनीकी और मानविकी के बीच की खाई पाटी जानी चाहिए। एआई का नियंत्रित उपयोग वहां हितकारी हो सकता है वहां कार्य क्षमता, उत्पादकता आदि ज़रूरी हों। हमें पूरा सच देखना होगा। प्राचीन ऋषियों ने ऐसे ही नहीं कहा था कि स्वर्ण के ढक्कन से सत्य का मुख ढंका हुआ है- हिरण्मयेन पात्रेण सत्यस्यासपिहितम् मुखम। अतीत से विच्छिन्न, मूलहीन सभ्यता की नई इबारत लिखने वाली सोच अधूरी है। उसके हिसाब से हम सब एक डाटा प्वाइंट होते जा रहे हैं। समाज और संस्कृति की स्मृति को मिटा देना बड़ी त्रासदी है। हमें इसके प्रति आगाह रहते हुए एआई के उपयोग को सीमित करना होगा। इसी में मनुष्य के भविष्य की गुंजाइश होगी।(लेखक, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के पूर्व कुलपति हैं।)

पाकुड़ / की खबरें

गिट्टी लदा हाईवा पलटा चालक व खलासी गंभीर रूप से घायल

महेशपुर (पाकुड़) थाना क्षेत्र के शहर ग्राम महेशपुर मुख्य मार्ग पर पोडरा जंगल के शनिवार को गिट्टी लदा एक तेज रफ्तार हाईवा और लापरवाह ड्राइविंग के कारण टर्निंग पर असंतुलित होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरा। दुर्घटना में नसीपुर गांव के रहने वाले चालक रेशम शेख और खलासी राहुल से गंभीर रूप से घायल हो गए ।स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेशपुर पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हाईवा को जब्त कर चौकीदार की निगरानी में रख दिया।

दिघी ने शहरकोल को 33 रनों से हराया

हिरणपुर (पाकुड़)फुटबॉल मैदान में आयोजित टी 20 अटल कप का लीग मैच शनिवार को दिघी और शहरकोल के बिच खेला गया। दिघी ने शहरकोल को 33 रनों से हराया। शहरकोल टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। दिघी टीम निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट खो 218 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। दिघी की ओर से सतीश कुमार ने 87 रनों कि शानदार पारी खेली। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी शहरकोल की टीम 17 ओवर में सभी विकेट खो कर 185 रन ही जोड़ पाए। मैच में 87 रनों की पारी खेलने वाले सतीश कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया जिन्हें शिक्षक मुकुंद महतो द्वारा पुरस्कृत किया गया। खेल में अम्पायर कि भूमिका श्यामा एवं जीतेन्द्र ने निभाई। आयोजन को सफल बनाने में कमिटी के अध्यक्ष पंकज रविदास , कोषाध्यक्ष सामा रविदास,श्यामल,जीतेन्द्र, आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

डीसी के निर्देश पर बीडीओ ने सभी बैंक प्रबंधकों के साथ कि बैठक,दिए कई निर्देश

संवाददाता संताल एक्सप्रेस

महेशपुर (पाकुड़)बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव ने शनिवार को अपने कक्ष में सभी बैंक प्रबंधक के साथ बैठक किया गया बैठक में मनरेगा मजदूरो एवं योग्य प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभुको का ईकेवाईसी करने का निर्देश सभी बैंक प्रबंधक को दिया गया । बैठक का अध्यक्षता बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव के द्वारा किया गया । सभी बैंकों को किसी भी मजदूरों के साथ कोई समस्या न हो इसलिए सभी लाभुको को ईकेवाईसी करें के साथ साथ पीएमएफएमई के तहत जो भी बैंक में लाभुक जाता है उसका ईकेवाईसी जल्द से जल्द जांच कर करवा देना है ।मौके पर

बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव ने बताया कि पाकुड़ जिले के सोनाजोड़ी अस्पताल के पास एसबीआई अरसेटी प्रशिक्षण केंद्र में मनरेगा के जुड़े महिला मजदूर जिसका उम्र 25 वर्ष है उन सभी को महिला दर्जी, ब्यूटी पार्लर, ईडीएफ प्रशिक्षण,बकरी पालन, सुकर पालन,मुर्गी पालन,मशरूम खेती,जुट, वस्तु, उद्यमी कोस्टियम ज्वैलरी सहित अन्य पर आवासीय प्रशिक्षण दिया जायेगा । जिसको लेकर ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करना है। साथ ही पीएमएफएमई के तहत जितना भी आवेदन बैंक में पड़ा है । उसका वेरिफाई करके ऋण पास कर देना है । जैसे च्ष्ठ लोन ,पीएम विश्वकर्मा योजना आदि पर चर्चा कर सभी बैंक प्रबंधक को निर्देशित किया गया ।इस मौके पर एसबीआई,बैंक और इंडिया, जेआरजेबी बैंक के प्रबंधक समेत अन्य मौजूद थे ।

महाशिवरात्रि के अवसर पर बाबा घाघेश्वरनाथ मंदिर में दो दिनों तक चलेगा कार्यक्रम

संताल एक्सप्रेस संवाददाता अमड़ापाड़ा(पाकुड़)।आगामी 26 फरवरी को मनाए जाने वाले महाशिवरात्रि पर्व के आयोजन को लेकर बीते शुक्रवार की देर शाम स्थानीय शिव-पार्वती मंदिर में पूजा समिति के सदस्यों एवं ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में महाशिवरात्रि पर्व के आयोजन, तैयारी और कार्यक्रम की चर्चा की गई। बैठक के बाद इस वर्ष दो दिनों तक आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए सार्वजनिक दुर्गापूजा समिति के अध्यक्ष संजीव कुमार उर्फ बबलू भगत ने बताया कि बाबा घाघेश्वरनाथ मंदिर में 25 फरवरी को शाम चार बजे से मांदर पूजन एवं मटकोड़, शाम छहः बजे लावा एवं काशा पिसाई, शाम सात बजे मंडप पूजन, शिव पार्वती पूजन एवं हल्दी लेपन एवं आरती के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया जाएगा। वहीं 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन सुबह से मंदिर में भक्तों के द्वारा पूजन, शाम चार बजे ध्वजारोहण, शाम पांच बजे से शिव बारात भ्रमण, द्वार पूजन, विवाह उत्सव, भजन-कीर्तन, गीत-संगीत के बाद आरती एवं महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। बैठक में सरोज मंडल, अमित कुमार, संतोष रजक, पुजारी शम्भूनाथ झा, संदीप ओझा, राहुल भगत, राज आनंद, रितेश मंडल, आलोक भगत सहित दर्जनों भक्त मौजूद थे।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से फाइलेरिया निरोधक दवा सेवन करने का दिया संदेश

संताल एक्सप्रेस संवाददातापाकुड़ ।जिले में 10 फरवरी से 25 फरवरी तक मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) अभियान चलाया जा रहा हैं। इस अभियान को सफल बनाने और जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय पाकुड़ की और से नुक्कड़ नाटक के माध्यम से फाइलेरिया से बचाव एवं उपचार के बारे में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। नुक्कड़ नाटक टीम के द्वारा सदर प्रखंड अंतर्गत गोकुलपुर हटिया में लोकगीत के माध्यम से फाइलेरिया एवं सरकार के कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़- नाटक के टीम ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें घर-घर जाकर पात्र व्यक्तियों को उम्र एवं ऊंचाई के अनुसार दवाई सेवन कराया जा रहा है. गर्भवती महिलाएं एवं गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्ति के अलावा दो वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों को यह दवा नहीं खिलायी जायेगी। इससे बचाव को लेकर सावधानी बरतने की जरूरत है, जिसमें आवासन के आस-पास गंदगी जमा नहीं होने दें एवं सोने से पहले मच्छरदानी का उपयोग करें। एल्बेंडाजोल व डीईसी की गोली का निश्चित रूप से सेवन करें। साफ-सफाई का विशेष ख्याल रखें।साथ ही अन्य लोगों को दवा सेवन के प्रति जागरूक भी करें, ताकि फाइलेरिया जैसी बीमारी जड़ से समाप्त हो सके।

इंटरमीडिएट परीक्षा कदाचार मुक्त संपन्न, 2002 छात्र रहे उपस्थित

पाकुड़। झारखंड अधिविद्य परिषद की ओर से आयोजित माध्यमिक परीक्षा शनिवार को पाकुड़ जिले के 18 परीक्षा केंद्रों में अरेबियन, फार्सियन, हों , मुंडरी,संथाली, उरांव विषयों की परीक्षा कदाचार मुक्त शांतिपूर्ण संपन्न होने हुई थी। प्रथम पाली में माध्यमिक की परीक्षा स-समय सीसीटीवी के निगरानी में प्रारंभ की गई। परीक्षा में कुल 2050 में 2002छात्र सम्मिलित हुए जबकि मात्र 48 छात्र अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली के परीक्षा में आर के उच्च विद्यालय पाकुड़िया में 310छात्र, उत्क्रमित कन्या उच्च विद्यालय पाकुड़िया में 177 छात्र, अपग्रेड हाई स्कूल चौकीसाल पाकुड़िया में 24, आर के प्लस टू उच्च विद्यालय महेशपुर में 195 छात्र , संत स्तनीयुलस उच्च विद्यालय हाथीमारा में 130 छात्र, उत्क्रमित उच्च विद्यालय गड़बड़ी महेशपुर में 179, प्रोजेक्ट प्लस टू स्कूल बड़कियारी महेशपुर में 27, आर के प्लस टू उच्च विद्यालय अमड़ापाड़ा 317में , कन्या मध्य विद्यालय अमड़ापाड़ा में 94 छात्र,आर के प्लस टू उच्च विद्यालय लिट्टीपाड़ा में 139 छात्र, अपग्रेड हाई स्कूल कारियोडीह लिट्टीपाड़ा में 99 छात्र, आर के प्लस टू विद्यालय हिरणपुर में 80 छात्र , बालक मध्य विद्यालय हिरणपुर में 43 छात्र , संत मारिया गोरेटट्टी कन्या मध्य विद्यालय तोडाई हिरणपुर में 59 छात्र, सी एम स्कूल का एक्सीलेंस राज प्लस टू विद्यालय में 48 छात्र, पीएमश्री प्लस टू हरिनडंगा उच्च विद्यालय पाकुड़ में 0, जिदतो बालिका उच्च विद्यालय पाकुड़ में 0 छात्र,

पेड़ पर फंदे से युवक का शव बरामद

हिरणपुर (पाकुड़) हिरणपुर थाना क्षेत्र के धनबाद गांव के सुनसान मैदान पर सूखा महुआ के पेड़ में एक युवक की शव को फंदे से लटकते हुए पुलिस ने बरामद किया।शव की पहचान खजूरडांगा गांव के सुनिराम टुडू(19) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार युवक रायगंज में मजदूरी का काम करते थे, जो पिछले सप्ताह गांव में सोहराय पर्व को लेकर घर पहुंचे थे। वहीं बीते शुक्रवार घर में पर्व मना रहा था। इसी दौरान उनके परिजनों ने अपने रिश्तेदार के घर बगल के धनबाद गांव चले गए, युवक खजूरडांगा गांव में ही रह गए शनिवार सुबह जब परिजन घर पहुंचे तो युवक गायब था। इसके बाद शाम को परिजनों को पता चला कि धनबाद गांव के पेड़ पर लटका हुआ था।इसकी सूचना मिलते ही थाना के एएसआई किशोर टुडू, हरेराम यादव दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर शव को पेड़ से नीचे उतारकर कब्जे में ले लिया।समाचार भेजे जाने तक पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी रही।

ट्रैक्टर एवं मोटरसाइकिल के बीच टक्कर

संताल एक्सप्रेसमहेशपुर (पाकुड़) थाना क्षेत्र के हथीमारा चौक के पास ट्रैक्टर एवं मोटरसाइकिल के बीच आमने सामने टक्कर हो जाने का मामला सामने आया है।जानकारी के अनुसार महेशपुर पाकुड़िया मुख्य सड़क के हाथीमरा चौक के पास पाकुड़िया के और से एक ट्रैक्टर आ रहा था जबकि विपरित दिशा से एक मोटरसाइकिल चालक जा रहा था ।मोटरसाइकिल ट्रैक्टर चालक का नाम बुलेट पहाड़िया बताया जा रहा है । इस सड़क हादसा का मुख्य कारण ट्रैक्टर चालक नशे में होने के कारण हादसा हुआ । इस हादसा में मोटरसाइकिल चालक बाल बाल बच गया है ।घटना का सूचना मिलने के बाद महेशपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंच कर ट्रैक्टर चालक एवं मोटरसाइकिल को थाना ले जाया गया है ।पुलिस मामले की जांच कर रही है। ज्ञात हो कि प्रखंड में लगातार सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है एवं बिना हेलमेट पहने लोगो से जुर्माना भी वसूला जा रहा है वावजूद इसके हादसा कम होता नजर नही आ रहा है ।

वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

हिरणपुर (पाकुड़) हत्या करके साक्ष्य छूपाने का आरोप में वारंटी को हिरणपुर पुलिस ने रामाकूड़ा से विशेष अभियान के तहत छापेमारी कर गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार हिरणपुर थाना कांड संख्या 25/2000 में रामाकूड़ा निवासी आरोपी अली हुसैन के विरुद्ध हत्या कर साक्ष्य छुपाने का मामला दर्ज है। इसपर न्यायालय द्वारा विगत दिसंबर माह में वारंटी की गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी किया गया है। इसपर थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिसबल के सहयोग से वारंटी को गिरफ्तार किया गया। इस बावत थाना प्रभारी ने बताया कि वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय उपस्थापन को भेजा गया।

देवघर : बहादुर महिला ने छिनतई के प्रयास को किया नाकाम, बदमाश को पकड़कर पुलिस को सौंपा

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। झारखंड के कुंडा थाना क्षेत्र में एक महिला की बहादुरी ने दो बदमाशों की छिनतई की साजिश को नाकाम कर दिया। शनिवार को बलिया चौकी के पास मोटरसाइकिल सवार दो बदमाशों ने चलती बाइक पर सवार महिला का पर्स छीनने की कोशिश की, लेकिन महिला ने हिम्मत नहीं हारी और तुरंत कार्रवाई करते हुए एक बदमाश को धक्का देकर गिरा दिया। बदमाशों की बाइक सड़क पर पलट गई, हालांकि इस दौरान महिला और उसके पति की बाइक भी असंतुलित होकर गिर गई। लेकिन महिला ने तुरंत दौड़कर एक बदमाश को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया, जबकि दूसरा फरार हो गया।

महिला की हिम्मत से पकड़े गए दोनों आरोपी

इस घटना में गिरने की वजह से महिला और उसके पति को हल्की चोटें आईं, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गिरफ्तार बदमाश से पूछताछ की, जिसके बाद उसके फरार साथी को

भी धर दबोचा गया। दोनों अपराधियों की पहचान दशरथ यादव और अशोक यादव के रूप में हुई है। पुलिस अब इनके आपराधिक रिकॉर्ड की जांच कर रही है।

कैसे हुआ हमला?

महिला जैबुन निशा और उनके पति चिराउद्दीन अंसारी शनिवार को अपने गांव बगडबरा (सारठ) से देवघर जा रहे थे। जैबुन निशा ने कंधे पर पर्स टांगा हुआ था। जैसे ही उनकी बाइक बलिया चौकी के पास पहुंची, तभी पीछे से दो बाइक सवार बदमाश उनका पीछा करने लगे। कुछ दूरी पर पहुंचते ही बदमाशों ने उनकी बाइक को ओवरटेक किया और महिला के पर्स को झपटने की कोशिश की। लेकिन जैबुन निशा ने तुरंत हिम्मत दिखाते हुए बदमाशों को धक्का दे दिया। इससे बदमाशों की बाइक सड़क पर गिर गई और वे खुद भी नीचे गिर पड़े। हालांकि, झटके की वजह से जैबुन निशा और उनके पति की बाइक भी गिर गई, लेकिन महिला ने हिम्मत नहीं हारी। तेजी से उठकर उन्होंने एक बदमाश को पकड़ लिया, जबकि दूसरा भागने में कामयाब हो गया।

ग्रामीणों की मदद से गिरफ्तार हुआ दूसरा बदमाश

महिला के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर में पुलिस ने वहां पहुंचकर आरोपी को हिरासत में ले लिया। वहीं, पकड़े गए बदमाश से पूछताछ के बाद पुलिस ने दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया।

शिव बारात रूट का निरीक्षण : प्रशासन अलर्ट, नगर आयुक्त ने दिए सख्त निर्देश

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर होने वाली शिव बारात की तैयारियों को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। नगर आयुक्त के आदेशानुसार उप नगर आयुक्त ने नगर निगम की टीम के साथ शिव बारात रूट का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सहायक नगर आयुक्त गौरव कुमार एवं रंजीत कुमार सिंह, नगर प्रबंधक सतीश कुमार दास और मनीष भारद्वाज उपस्थित रहे। इस दौरान शिव बारात मार्ग की सफाई को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा, मार्ग में मौजूद जर्जर भवनों की पहचान कर उन्हें नोटिस जारी करने का निर्देश भी दिया गया ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। प्रशासन ने साफ-सफाई के साथ-साथ यात्रा मार्ग को व्यवस्थित और सुरक्षित बनाने पर विशेष जोर दिया। नगर निगम की टीम शिव भक्तों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित माहौल सुनिश्चित करने में जुट गई है। देवघर में शिव बारात की तैयारियां जोरों पर हैं, और प्रशासन हर छोटी-बड़ी व्यवस्था को दुरुस्त करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा।

मोबाइल चोरी के आरोप में बवाल,महिला समेत तीन की बेरहमी से पिटाई, पुलिस कर रही जांच

मधुपुर (संवाददाता)। थाना क्षेत्र के पसिया गांव में मोबाइल चोरी के आरोप को लेकर माहौल गरमा गया। आरोप लगने के बाद एक महिला समेत तीन लोगों की बेरहमी से पिटाई कर दी गई।घटना को लेकर उत्तम कुमार दास ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके भैयाद प्रमोद दास का मोबाइल चोरी हो गया था, जिसे लेकर आपसी पंचायत बुलाई गई। लेकिन बात बनने की बजाय और बिगड़ गई । पंचायत में लोगों ने बात मानने से इनकार कर दिया और उल्टे उत्तम कुमार दास पर ही चोरी का आरोप लगाकर मारपीट शुरू कर दी। शिकायत के अनुसार, प्रमोद दास, रंजीत दास, खुशबू देवी, सुमनी देवी, कमली देवी समेत अन्य अज्ञात व्यक्तियों ने न सिर्फ गाली-गलौज किया, बल्कि इतनी बुरी तरह पीटा कि तीनों लोग बुरी तरह जख्मी हो गए।घायलों को तुरंत स्थानीय अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कही गई है। गांव में इस घटना के बाद दहशत का माहौल बना हुआ है।

कार्यालय
असैनिक शल्य चिकित्सक सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, देवघर
राजकुमारी कुष्ठाश्रम, झौंसागढ़ी, देवघर–814112
Email-deoghar.cs1@gmail.com

(EXPRESSION OF INTEREST NOTICE)

Ref No.: - Date: -

SL. NO	INFORMATION/SUBJECT	DETAIL
1	2	3
01	NAME OF WORK	RENOVATION & UPGRADATION OF BLOOD BANK AS MODEL CENTRE
02	DATE OF PUBLICATION OF BID	15-02-2025
03	EARNEST MONEY TO BE DEPOSITED	Rs. 1,00,000 (In Favor of Civil Surgeon, Deoghar)
04	LAST DATE & TIME FOR BID SUBMISSION	22-02-2025, Till-5:00PM
05	BID SUBMISSION PLACE	Office of Civil Surgeon Cum CMO, Deoghar
06	DATE AND TIME FOR BID OPENING	24-02-2025, 12:00PM
07	BID OPENING PLACE	Office of Civil Surgeon Cum CMO, Deoghar
08	NAME OF OFFICE FOR INVINTING EOI	Office of Civil Surgeon Cum CMO, Deoghar
09	HELPLINE NO. AND EMAIL ADDRESS	Email Id:-deoghar.cs1@gmail.com
10	Estimated Cost	Rs 45 Lakh

EXPRESSION OF INTEREST FOR: - SELECTION OF AGENCY FOR RENOVATION & UPGRADATION OF BLOOD BANK AS MODEL CENTRE IN DEOGHAR

Civil Surgeon Cum CMO
Deoghar

PR 346518 (Deoghar)24-25*D

सरकारी भवनों पर करोड़ों टैक्स बकाया! वसूली के लिए नगर निगम सख्त

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। नगर निगम सभा कक्ष में उपनगर आयुक्त सागरी बराल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें सरकारी भवनों पर बकाया टैक्स (सर्विस चार्ज) को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि निगम क्षेत्र में विभिन्न सरकारी भवनों पर करोड़ों रुपये का टैक्स बकाया है। इनमें प्रमुख रूप से बिजली विभाग 50 लाख सदर अस्पताल 36.70 लाख,पंचायत प्रशिक्षण संस्थान 15.42 लाख,सीओ ऑफिस 7.10 लाख,उप विकास आयुक्त कार्यालय 6.42 लाख,नगर निगम द्वारा समय-समय पर इन विभागों को बकाया राशि के भुगतान के लिए पत्राचार किया गया है, लेकिन

अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है। बैठक में सहायक नगर आयुक्त गौरव कुमार, नोडल अधिकारी हिमांशु शेखर, पीएमयू,आरए टीम से विनय जारीवाल, एसपीएस से अवकाश देव सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। नगर निगम जल्द ही सख्त कदम उठाने पर विचार कर सकता है, जिससे सरकारी विभागों द्वारा बकाया राशि का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित हो सके।

देवघर में कानून के रक्षक पर हमला, बदमाशों ने पुलिसकर्मी को बुरी तरह पीटा

अपराधियों का दुस्साहस, पुलिसकर्मी पर हमला कर हथियार छीनने का प्रयास

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । झारखंड के देवघर में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हो गए हैं कि अब पुलिसकर्मी भी उनके निशाने पर आने लगे हैं। प्राइवेट बस स्टैंड के पास क्लब ग्राउंड में चोरी और छिनतई की बढ़ती घटनाओं की जांच के दौरान अपराधियों ने पुलिसकर्मी विलास यादव पर बेरहमी से हमला कर दिया। हमलावरों ने पहले उनका सरकारी हथियार छीनने की कोशिश की और जब नाकाम रहे, तो उन्हें बुरी तरह पीट दिया। घटना में गंभीर रूप से घायल विलास यादव को तुरंत सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। शिकायतों की जांच कर रहे थे विलास यादव,

अचानक कर दिया हमला सूत्रों के अनुसार, हाल के दिनों में क्लब ग्राउंड और उसके आसपास मोबाइल छिनतई और चोरी की घटनाओं में बढ़ोतरी हुई थी। इसे लेकर स्थानीय लोगों ने पुलिस से कई बार शिकायत की थी। इसी कड़ी में पुलिसकर्मी विलास यादव इलाके में जांच के लिए पहुंचे थे। जांच के दौरान उन्होंने वहां मौजूद दो गुटों के बीच हो रहे विवाद को शांत करने की कोशिश की, लेकिन इसी दौरान दोनों गुटों ने अचानक उन पर हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अपराधियों ने पहले पुलिसकर्मी को घेर लिया और उनका हथियार छीनने का प्रयास किया। जब वे इसमें सफल नहीं हुए, तो उन्होंने पुलिसकर्मी पर लाठी-डंडों और घूंसों से हमला कर दिया। चीख-पुकार सुनकर अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और किसी तरह विलास यादव को बचाया।

धपरा गैंग का हाथ होने की आशंका, पुलिस ने शुरू की जांच

घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। शुरुआती जांच में सामने आया है कि इस हमले के पीछे धपरा गैंग का हाथ हो सकता है, जो इलाके में छिनतई और चोरी की घटनाओं में सक्रिय है। पुलिस ने इस गैंग से जुड़े संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी है और जल्द ही दोषियों को पकड़ने का दावा कर रही है।

पुलिस पर बढ़ते हमले चिंता का विषय

देवघर में पुलिसकर्मी पर हमला कोई पहली घटना नहीं है। हाल के दिनों में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि वे अब कानून के रखवालों को भी निशाना बनाने से पीछे नहीं हट रहे। इससे पहले भी शहर के विभिन्न इलाकों में पुलिसकर्मियों पर हमले की घटनाएं सामने आई हैं।

झारखण्ड सरकार
कारा निरीक्षणालय

अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

1.	कारा का नाम	मंडल कारा, साहेबगंज।
2.	विषय	कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार खाद्यान्नों, हरी सब्जियों, आलु, फल, मांस, सरसो का तेल, चीनी एवं अन्य विविध सामग्रियों के कय/आपूर्ति के निमित ई0–निविदा का आमंत्रण। (द्वितीय त्रैमासिक निविदा दिनांक–01.04.2025 से 30.06.2025 तक एवं वार्षिक निविदा दिनांक–01.04.2025 से 31.03.2026 तक)
3.	निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी।	5000.00 (पाँच हजार) मात्र।
4.	वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय।	तिथि–17.02.2025 से 22.02.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक।
5.	निविदा Online Upload करने की तिथि।	तिथि–17.02.2025 से 22.02.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक।
6.	आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि।	तिथि–24.02.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक।
7.	अग्रधन राशि (EMD) (2500/–से अधिक होने पर) जमा करने की तिथि।	तिथि–24.02.2025 के पूर्वाह के अपराह्न 05:00 बजे तक।
8.	निविदा के खुलने की तिथि/सामय/स्थान	तिथि–25.02.2025 को 12:30 बजे के पूर्वाह्न अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त, साहेबगंज की उपस्थिति में।

नोटः–
1. उपर्युक्त निविदा झारखाण्ड सरकार की वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा, साहेबगंज के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को Online Upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No.9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

कराधीक्षक
मंडल कारा, साहेबगंज।

PR 346461 (District) 24-25 (D)

डॉ. सुभाष व अनिल झा होंगे विद्या वाचस्पति डॉ. रवींद्र चन्द्र भौमिक स्मृति सम्मान से अलंकृत

देवघर संताल एक्सप्रेस । पश्चिम बंगाल स्थित आर.सी. भौमिक मेमोरियल ट्रस्ट एवं स्थानीय विवेकानंद शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा संस्थान के युग्म बैनर तले आगामी 23 फरवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में देवघर पुस्तक मेला

के संयोजक सह विश्व भारती, शांति निकेतन के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. सुभाष चन्द्र राय एवं अपने शहर के, तुलसी बाबा फिर से आओ के रचनाकार अनिल कुमार झा को विद्या वाचस्पति डॉ. रवींद्र चन्द्र भौमिक स्मृति सम्मान से अलंकृत एवं विभूषित करने का निर्णय लिया गया है। यह सम्मान समारोह दीनबन्धु उच्च विद्यालय स्थित रवींद्र सभागार में आयोजित होने वाला है। इस आशय की जानकारी आर.सी. भौमिक मेमोरियल ट्रस्ट के सचिव रत्ना भौमिक, संस्थापक न्यासी राजर्षि भौमिक एवं विवेकानंद संस्थान के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार सिंह देव ने दी। ज्ञात हो लेखक डॉ. रवींद्र भौमिक, विद्या वाचस्पति, विद्या सागर, भारत गौरव सह कई पुरस्कारों से नवाजे गए थे। सामाजिक क्रियाकलापों में उनकी अहम् भूमिका थी।

सर्वाइकल कैंसर जांच से सम्बंधित प्रशिक्षण

देवघर संताल एक्सप्रेस । सर्वाइकल कैंसर के जाँच से सम्बंधित प्रशिक्षण के अंतिम दिन में प्रशिक्षुओं का सम्पूर्ण पाठ्यक्रम पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसमे कुमारी सुहानी सहाय,रजनी शिखा, अंशु कुमारी,लोपा मुद्रा महतो,रवि कुमार एवं प्रिया कुमारी ने पूर्णांक प्राप्त कर अव्वल प्रदर्शन किया।साथ ही साथ प्रशिक्षण में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए एन0सी0डी0 कोषांग, देवघर के द्वारा प्रमाण पत्र सौंपा गया । उक्त प्रशिक्षण में रवि कुमार सिन्हा,एफ0एल0सी0,एवं सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी सीमा कुमारी, लूसिया कुजुर, प्रियंका कुमारी,सृष्टि कुमारी, प्रियंका कुमारी,फरहा अदिवा उपस्थित थे।

पुण्यतिथि पर याद की गयी स्व.सुभद्रा कुमारी चौहान

देवघर संताल एक्सप्रेस । बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन के पूर्व प्रवक्ता अजय कुमार ने पुण्यतिथि पर हिंदी की सुप्रसिद्ध लेखिका एवं राष्ट्रीय चेतना की एक सजग कवयित्री स्वर्गीय सुभद्रा कुमारी चौहान को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे रचनाकार होने के साथ-साथ स्वाधीनता संग्राम कीसेनानी भी थी। इनका साहित्य सरल और स्पष्ट है। इनकी रचनाओं में राष्ट्रीय आंदोलन, स्त्रियों की स्वाधीनता, जातियों का उत्थान आदि समाहित है। कुल मिलाकर सुभद्रा कुमारी चौहान का राष्ट्रीय काव्य हिंदी में अद्वितीय स्थान रखता है। वातावरण चित्रण प्रधान शैली की भाषा सरलतथा काव्यात्मक है, इस कारण इनकी रचना की सादगी हृदय ग्राही है। यह कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं कि इनकी रचनाएं राष्ट्रीयता की भावना से परिपूर्ण है। इनके द्वारा लिखी गई झांसी की रानी कविता में देश की उस वीरांगना के लिए ओज था, करुण था स्मृति थी और श्रद्धा भी। झांसी की रानी की कविता के कारण ही इनकी प्रसिद्धि चरम पर पहुंची और साहित्य में अमर हो गई। हिंदी की वह कवयित्री जो असहयोग आंदोलन में भाग लेने वाली प्रथम महिला थी।

प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रशिक्षण का समापन

देवघर संताल एक्सप्रेस । आईएमए हॉल पुराना सदर अस्पताल परिसर देवघर में डॉ युगल किशोर चौधरी,सिविल सर्जन, देवघर के निर्देशानुसार अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,डॉ पी के शर्मा

तथा जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी के अध्यक्षता में तीन दिवसीय सीपीएचसी (व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल) प्रशिक्षण का समापन किया गया। प्रशिक्षण में अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, डॉ पी के शर्मा के द्वारा सभी प्रशिक्षु से प्रशिक्षण से संबंधित प्रश्नोत्तर करते हुए प्रशिक्षण के महत्ता को समझाया गया साथ ही प्रशिक्षक डॉश्र विकाश कुमार एवं डॉश्र गुडाकेश के द्वारा प्रशिक्षण के अंतिम दिन सीपीएचसी (व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल) के बारे में बताये गए अध्यायों पर प्रतिभागियों से प्रश्नोत्तर किया। उक्त प्रशिक्षण में रवि कुमार सिन्हा,रवि चंद्रा मुर्मू, डी0पी0ए0, सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी, मृत्युंजय सिंह,बिट्टू सिंह पटेल , आदित्य कुमार,एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

साइबर ठगों का अड्डा ध्वस्त, सात गिरफ्तार

व्हाट्सएप पर फर्जी लिंक भेजकर बैंक अकाउंट में लॉगिन कर पैसे निकाल लेते थे

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। साइबर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए सात साइबर अपराधियों गिरफ्तार किया है। और एक किशोर को निरूद्ध किया है,छापेमारी के दौरान आरोपियों के पास से 14 मोबाइल और 18 सिम कार्ड बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार अपराधी फर्जी बैंक अधिकारी, कस्टमर केयर प्रतिनिधि और सरकारी पदाधिकारी बनकर आम लोगों को फोन कर उनके बैंक खातों से रकम उड़ा देते थे। शुरुआती जांच में खुलासा हुआ है कि ये अपराधी फोन पे और पेटीएम कस्टमर केयर अधिकारी बनकर कैशबैक का झांसा देते थे और व्हाट्सएप के जरिए फर्जी लिंक भेजकर बैंक अकाउंट में ऑनलाइन लॉगिन कर ठगी करते थे। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने जसीडीह थाना क्षेत्र के पगला बाबा मंदिर के पास रेलवे फाटक के समीप स्थित जंगल में छापा मारा और सभी आरोपियों को धर-दबोचा।

गिरफ्तार साइबर अपराधी में मारगोमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत उधोडीह गांव निवासी नूर आलम, 39वर्ष,पिता शेखउद्दीन मियां, कुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत बहराडीह गांव निवासी विष्णु कुमार दास,18 वर्ष,मोहनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चितरपोका गांव निवासी योगेन्द्र यादव,25 वर्ष,पिता खुबलाल यादव,चितरपोका गांव निवासी नुनदेव यादव, उम्र 29 वर्ष, पिता स्व0 रामप्रसाद यादव,जसीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत मसनजोरा गांव निवासी अजय दास, उम्र 25 वर्ष, विजय कुमार दास, 27 वर्ष, दोनों पिता गुणाधर दास,सोनारायठाडी थाना क्षेत्र अंतर्गत महापुर गांव निवासी तोहिद अंसारी, 19वर्ष,पिता गोफार अंसारी, को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर सेंट्रल जेल भेज दिया है।

गिरफ्तार सभी आरोपी निरूद्ध किशोर के पास से बरामद मोबाइल मोबाइल नंबरों के विरूद्ध ऑनलाईन शिकायत दर्ज है। गिरफ्तार सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश कर सेंट्रल जेल भेज दिया गया।

इनके पास से बरामद मोबाइल नंबरों के खिलाफ पहले से ऑनलाइन शिकायतें दर्ज थीं। इस बड़ी कार्रवाई को साइबर थाना, देवघर की टीम ने अंजाम दिया, जिसमें पुलिस निरीक्षक कृष्णानंद सिंह और पुलिस अवर निरीक्षक टेकलाल मेहता शामिल थे।

झामुमो की सदस्यता अभियान तेज, वार्ड कमेटी का पुनर्गठन संपन्न

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । मधुपुर शहरी क्षेत्र के वार्ड नंबर 15, 52 बीघा स्थित कटिन चौक पर झारखंड मुक्ति मोर्चा नगर संचालन समिति की अहम बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रकाश मंडल ने की, जिसमें सदस्यता अभियान को बढ़ावा देने और वार्ड कमेटी के पुनर्गठन पर बड़ा फैसला लिया गया।बैठक में मुसर्रत हुसैन उर्फ मिस्टर को अध्यक्ष, मोहम्मद शहाबुद्दीन को उपाध्यक्ष, मोहम्मद सोहेल अंसारी को सचिव, रजा मुराद को कोषाध्यक्ष, समशेर आलम उर्फ छोटे को उपाध्यक्ष, मोहम्मद वसीम को सह सचिव और एजाज अहमद को मीडिया प्रभारी बनाया गया। नई टीम ने जोरदार उत्साह के साथ अपनी जिम्मेदारियां संभालने का संकल्प लिया।नव-निर्वाचित अध्यक्ष मुसर्रत हुसैन ने कहा कि पार्टी ने जो आशा और विश्वास उन पर जताया है, वे उसे पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाएंगे।उन्होंने कहा, वार्ड में बड़े पैमाने पर सदस्यता अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ा जाएगा। मुसर्रत हुसैन ने वार्ड अध्यक्ष बनाए जाने पर विधायक शाह मंत्री हैप्पी जनसंघ का आभार जताया और कहा कि वे पार्टी के हित में पूरी निष्ठा से काम करेंगे। बैठक में संजय शर्मा, मोहम्मद ताजुद्दीन, जुगल यादव, नंदा यादव, अमित कुमार, अतीक जाफरी समेत कई झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रमुख सदस्य मौजूद रहे।

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, दुमका
कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं नेताजी सुभाशचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय

--अल्पकालीन निविदा--

राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची से प्राप्त पत्र संख्या GE/08/132/2019-20/2648 दिनांक 12.10.2022 में दिये गये निदेश के आलोक में दुमका जिला अंतर्गत सभी 10 प्रखण्डों में संचालित कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं नेताजी सुभाशचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, कोरैया, दुमका के लिए वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए खाद्य–पदार्थ एवं अन्य सामग्रियों की आपूर्ति के लिए इच्छुक एवं अहर्त्ताधारी आपूर्तिकर्त्ता /विक्रेताओं से विद्यालयवार एवं पैकेजवार दिनांक 06.03.2025 के अपराह्न 05 बजे तक आमंत्रित की जाती है :–

इच्छुक निविदादाता https://dumka.nic.in से नियम–शर्त्त, निविदा प्रपत्र एवं सामग्री सूची प्राप्त कर सकते है। निविदा से संबंधित महत्वपूर्ण तिथियों का विवरण निम्न प्रकार है:–

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की तिथि : निविदा प्रकाशन की तिथि से दिनांक 06.03.2025 के पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक।

निविदा भर कर जमा करने की अंतिम तिथि : 07.03.2025 को अपराह्न 02:00 बजे तक

निविदा खुलने की तिथि : 11.03.2025 को पूर्वाह्न 11:30 बजे

निविदा पर अंतिम निर्णय हेतु क्रय समिति के बैठक की अंतिम तिथि : 19.03.2025

इच्छुक निविदादाता यदि उपरोक्त शर्तो को पूरा करते हो तो पैकेजों की सूची प्राप्त कर अपना निविदा निर्धारित तिथि तक जिला कार्यालय में जमा करें।

ह0/–
(भूतनाथ रजवार)
जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, दुमका

PR 346466 Human Resource Developement(24-25)#D

रंगारंग कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ स्काउट्स एंड गाइड्स हिमालय वुड बैज कोर्स

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । मधुपुर के 52 बीघा स्थित रेलवे स्टेट ट्रेनिंग पार्क में सात दिवसीय स्काउट्स एंड गाइड्स हिमालय वुड बैज ट्रेनिंग कोर्स का भव्य समापन ग्रैंड कैंपफायर कार्यक्रम के साथ हुआ। इस खास मौके पर मुख्य अतिथि मधुस्थली विद्यापीठ के प्राचार्य बिटन विश्वास, सीएमपी मधुपुर डॉ. दुर्गा कुमारी, आरपीएफ सब-इंस्पेक्टर धर्मेंद्र प्रसाद, सब-इंस्पेक्टर रामा शंकर प्रसाद समेत मधुस्थली विद्यापीठ के शिक्षक डॉ. जनार्दन घोष उपस्थित रहे। कैम्प फायर के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम मची। प्रतिभागियों ने अपनी विविधता और अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिससे पूरा माहौल उत्साह और उमंग से भर

गया।कार्यक्रम का अंतिम दिन शनिवार की सुबह सर्व-विश्वास प्रार्थना से शुरू हुआ, जिसके बाद अंतिम निरीक्षण और ध्वज समारोह संपन्न हुआ। आखिरी दिन की कार्यवाही में एक खुला सत्र, मूल्यांकन और अंतिम बातचीत शामिल रही, जहां सभी प्रतिभागियों को बहुमूल्य फीडबैक और नई अंतर्दृष्टि प्रदान की गई।हर किसी ने इस प्रशिक्षण से बहुत कुछ सीखा और आगे के लिए नई ऊर्जा प्राप्त की।ध्वज झुकाने के साथ ही यह सफल और समृद्ध प्रशिक्षण कार्यक्रम आधिकारिक रूप से समाप्त हो गया।प्रतिभागियों की आंखों में सीखने का उत्साह था, तो दिल में इस अविस्मरणीय अनुभव की यादें। यह सात दिन न केवल स्काउट्स एंड गाइड्स के लिए सीखने का एक सुनहरा अवसर था, बल्कि दोस्ती, अनुशासन और आत्म-निर्भरता का भी एक अनूठा सफर साबित हुआ।

झारखण्ड, सरकार
कृषि ,पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, (कृषि विभाग)
कार्यालयः सहायक निदेशक, गन्ना विकास, साहेबगंज
संयुक्त कृषि भवन, (कृषि फार्म परिसर),साहेबगंज 816109
E_mail ID-adasugarcanesbg@gmail.com

कृषकों के लिए सुनहरा अवसर

आमसूचना

वित्तीय वर्ष 2024–25 में गन्ना विकास योजना के तहत प्राप्त संभावित लक्ष्य के अनुरूप गन्ना व्यवसाय से जुड़े कृषकों से आवेदन आमंत्रित की जाती है। जिसका संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार है:–

क0सं0	कार्य अवयव	भौतिक लक्ष्य	अभियुक्ति
1	राज्य के अंदर तीन दिवसीय प्रशिक्षण	400 सं0	
2	जिलांतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण	453 सं0	
3	परिभ्रमण (राज्य के बाहर)	....	
4	गुड उत्पादन के प्रोत्साहन हेतु अनुदान पर क्रशर कड़ाह मशीन का वितरण	11 इकाई	80% अनुदान अधिकतंम 1.70 लाख प्रतिईकाई के दर से

इच्छूक कृषक जिनको उपरोक्त योजना अन्तर्गत कार्य अवयव का लाभ प्राप्त करना है। वह दिनांक 16.02.2025 से कार्यालय सहायक निदेशक, गन्ना विकास, साहेबगंज से आवेदन प्रपत्र प्राप्त कर आवेदन प्रपत्र को पूर्ण विवरण के साथ पंचायत प्रतिनिधि द्वारा अनुशंसा कराते हुए दिनांक 22.02.2025 संध्या 5.00 बजे तक कार्यालय सहायक निदेशक, गन्ना विकास, साहेबगंज में जमा करेगें। अपूर्ण आवेदन प्रपत्र, लक्ष्यपूर्ण, निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नही किया जायेगा। उक्त योजना अंतर्गत SC, ST, लघु एवं सीमांत एवं महिला कृषकों को प्राथमिकता दी जायेगी।

नोटः– आवेदक किसान के द्वारा आवेदन प्रपत्र के साथ आधार कार्ड, एवं जमीन का रसीद/ पर्चा का छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

विश्वासभाजन
सहायक निदेशक,
गन्ना विकास, साहेबगंज

PR 346497 District(24-25).D

बीडीओ ने बनकाटी पंचायत में विभिन्न योजनाओं का किया निरीक्षण

कुंडहित (जामताड़ा) । शनिवार को बीडीओ जमाले रजा बनकाटी पंचायत के विभिन्न गांव में विकास योजनाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मनरेगा से संचालित तालाब निर्माण कार्य सुखेन राय का निरीक्षण करते हुए मजदूर एवं लाभुक से बात किया । निर्माण कार्य मैं काम कर रहे मजदूरों का मास्टर रोल से मिलान किया गया । वही लाभुक को निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा करने की निर्देश दिया। अबुआ आवास का निरीक्षण करते हुए लाभुक को जल्द से जल्द निर्माण का पुरा करने की निर्देश दिया। बिरसा हरित ग्राम योजना बागवानी आदि का निरीक्षण कर लाभुकों शांति मिर्धा, विवेक मिर्धा को पौधे पर समय-समय पानी देने तथा पशु रक्षक हेतु चारों और घेराबंदी करने एवं सभी पौधे पर हा कटिंग देने की बात कही। इस दौरान 15वें वित्त आयोग निर्मित महेशपुर विद्यालय में हो रहे शौचालय निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में कार्य संतोषजनक पाया गया समय पर मानक प्राक्कलन के अनुरूप कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया । मौके पर मनरेगा बीपीओ गोबिंद प्रसाद घोष , प्रखंड समन्वयक अनूप कुमार मंडल , कनीय अभियंता लक्ष्मीकांत हेंब्रम , रोजगार सेवक बुलु कोरा आदि उपस्थित थे।

विद्यालय की गलती ने छीना छात्रा का परीक्षा का अधिकार, न्याय की गुहार

मिहिजाम । शिक्षा प्रणाली में लापरवाही का एक और मामला सामने आया है, जहां बेवा पंचायत के पिपला गांव की छात्रा बालिका मुर्मू इस वर्ष मैट्रिक परीक्षा देने से वंचित रह गई। उत्क्रमित उच्च विद्यालय बेवा की इस छात्रा ने समय पर परीक्षा फॉर्म भरा और सभी दस्तावेज जमा किए थे, लेकिन उसे प्रवेश पत्र जारी नहीं किया गया। जब बालिका ने विद्यालय से जवाब मांगा तो उसे कोई ठोस जानकारी नहीं दी गई। परेशान होकर उसने जिला शिक्षा पदाधिकारी से संपर्क किया, लेकिन वहां से भी कोई उचित समाधान नहीं मिला। बालिका ने कहा, ÷मेरी पूरी मेहनत बेकार हो गई। मैं बहुत परेशान हूं और मेरे दिमाग में बुरे विचार आ रहे हैं। मुझे न्याय चाहिए।÷ बालिका के पिता ने कहा कि उनकी बेटी गहरे तनाव में है और लगातार रो रही है। इस मामले में जिला शिक्षा पदाधिकारी चार्ल्स हेंब्रम ने कहा कि मामले की जांच की जाएगी और उचित कदम उठाए जाएंगे।

बंगाल फुटबॉल टीम ने उत्तराखंड में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता

चित्तरंजन। उत्तराखंड में आयोजित राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में बंगाल फुटबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता। इस महत्वपूर्ण जीत में मालबहाल फुटबॉल कोचिंग कैंप की दो प्रतिभाशाली खिलाड़ी रूपाली बाउरी और तुलसी लोहार का अहम योगदान रहा। इन दोनों खिलाड़ियों को सालानपुर ब्लॉक तृणमूल कांग्रेस नेता भोला सिंह ने सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ये दोनों खिलाड़ी अपने मेहनत और समर्पण से आगे भी बंगाल और देश का नाम रोशन करेंगी। समारोह में स्थानीय खेल प्रेमियों और कोचिंग कैंप के प्रशिक्षकों ने भी खिलाड़ियों की सराहना की और उन्हें भविष्य में और अधिक सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस सम्मान के बाद, खिलाड़ियों ने कहा कि यह उनके लिए गौरव का क्षण है और वे आगे भी इसी तरह मेहनत कर राज्य और देश के लिए उपलब्धियां हासिल करना चाहती हैं।

76 लाख की ठगी के दो आरोपी तमिलनाडु से गिरफ्तार

मिहिजाम । मिहिजाम थाना पुलिस ने 76 लाख रुपये की ठगी के मामले में दो साल से फरार चल रहे दो भाइयों को तमिलनाडु के त्रिपुर से गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी विवेकानंद दुबे ने बताया कि दोनों आरोपियों को मिहिजाम लाकर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। मधुपुर, देवघर निवासी दिलीप सिंह ने मिहिजाम थाना कांड संख्या 72/23 के तहत शिकायत दर्ज कराई थी कि अनिमेष सामंता और अभिजीत सामंता नामक दो भाइयों ने 76 लाख रुपये की ठगी कर फरार हो गए थे। मिहिजाम पुलिस ने तकनीकी निगरानी और सूचना तंत्र की मदद से आरोपियों की लोकेशन ट्रैक की और तमिलनाडु में छापेमारी कर उन्हें गिरफ्तार किया। पुलिस अब ठगी के पैसे और अन्य संभावित आरोपियों की जांच कर रही है। पुलिस ने नागरिकों से सतर्क रहने और किसी भी ठगी की घटना की तुरंत सूचना देने की अपील की है।

तीन फरार वारंटी गिरफ्तार

कुंडहित (जामताड़ा) । बागडेहरी पुलिस शुक्रवार की रात थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में छापामारी अभियान चलाकर तीन फेरारी वारंटी को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेजा गया। मामले की जानकारी देते हुए बागडेहरी थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया शुक्रवार की रात थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में छापामारी अभियान चलाकर जी आर संख्या 316/ 21 के दलचक गांव के आरोपी निशिकांत माल एवं आयेन माल तथा जी आर संख्या 140 /19 के जर्नादनपुर गांव के आरोपी गदाधर घोष को घर से गिरफ्तार किया गया। शनिवार को सभी आरोपी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य जांच के उपरांत न्यायिक हिरासत के लिए जेल भेजा गया।

किराना दुकान में लगी आग

महागमा ¬ प्रखंड क्षेत्र के हटिया मंदिर के पास स्थित एक किराना दुकान में बीती रात 2 बजे आग लगने से लाखों रुपये का नुकसान हुआ। दुकानदार सरवन पोद्दार ने बताया कि वह हर दिन की तरह रात 9 बजे अपनी दुकान बंद कर घर लौट गए थे। लेकिन रात 2 बजे आसपास के लोगों ने उन्हें फोन कर बताया कि दुकान में आग लगी है। जब वे मौके पर पहुंचे, तो देखा कि आग तेज़ी से फैल रही थी। हालांकि, आग लगने के कारण का अब तक पता नहीं चल पाया है। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी शिवदयाल सिंह और पुलिस बल मौके पर पहुंचे।

फुटबॉल फाइनल प्रतियोगिता : महिला में साहिबगंज टीम तथा पुरुष में भरत टोला की टीम विजयी

संताल एक्सप्रेस

मेहरमा । सरदार वल्लभ भाई पटेल फुटबॉल शील्ड प्रतियोगिता का फाइनल मैच प्रखंड क्षेत्र शंकरपुर के पटेल स्टेडियम में शनिवार को खेला गया। जहां इस फाइनल मुकाबले के महिला वर्ग में झारखंड की साहिबगंज की टीम व पुरुष मुकाबले में भरत टोला की टीम विजयी हुई। खेल काफी रोमांचक होने के कारण खेल प्रेमी एवं दर्शक अंतिम तक मैदान में देखने के लिए जुटे रहे। दर्शकों से पूरा मैदान भर गया। वहीं इस कड़े मुकाबले में पुरुष वर्ग में एक गोल से भारत टोला की टीम व महिला वर्ग में कड़े मुकाबले में अंत तक एक भी गोल दोनों टीमों द्वारा नहीं बनाए जाने के कारण निर्णायक के द्वारा पेनाल्टी करवाया, जिसमें पेनाल्टी में साहिबगंज की टीम ने मुकाबले को जीत लिया। वहीं महिला वर्ग में विजेता टीम साहिबगंज को बड़ा शील्ड व आठ हजार एक सौ रूपए, साइकिल तथा उपविजेता मुंगेर की टीम को छोटा शील्ड व पुरुष वर्ग में विजेता भरत टोला की टीम को बड़ा शील्ड व एक्कतीस हजार रुपए व उपविजेता टीम झल्ला टोला को छोटा शील्ड तथा एक्कीस हजार रुपए इस सरदार वल्लभ भाई पटेल फुटबॉल शील्ड प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि महागामा के पूर्व विधायक राजेश रंजन, विधायक सह मंत्री प्रतिनिधि विपीन सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी अभिनव कुमार, प्रखंड प्रमुख कंचन कुमारी, जिला परिषद सदस्या मेहरमा उत्तरी ज्योति कुमारी, मेहरमा दक्षिणी जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि अरूण राम, प्रखंड उपप्रमुख ब्रह्मदेव स्वर्णकार, पूर्व भागलपुर महानगर जदयू जिलाध्यक्ष सुड्डू सांई, कहलगांव नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव सिंह तथा इस सरदार वल्लभ भाई फुटबॉल शील्ड प्रतियोगिता के संरक्षक डॉ0 शशांक रंजन, बरैनी के राहुल रंजन, प्रसिद्ध कैंसर सर्जन चिकित्सक अश्विनी मल्होत्रा, शंकरपुर पंचायत की मुखिया कविता कुमारी एवं पंचायत समिति सदस्या प्रियंका कुमारी आदि गणमान्य अतिथियों द्वारा पुरस्कार दिया गया। जहां शेलेंन्द्र सुमन के द्वारा दोनों महिला टीमों के खिलाड़ियों को एक-एक खस्सी प्रदान किया गया। जहां इस फाइनल मुकाबले में निर्णायक की भूमिका कृष्ण कुमार, विवेक कुमार विक्की एवं लाइंस मेन की प्रिंस कुमार, कार्तिक कुमार सोनू कुमार एवं आयुष कुमार ने निभाई। इस मौके पर शंकरपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रमेश प्रसाद सिन्हा, उपमुखिया प्रतिनिधि विभूति प्रसाद राम, शंकरपुर पंचायत के पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि विभाष कुमार, शीतल सिन्हा, मिहिर महतो, चंदन कुमार, प्रभाष कुमार सिन्हा, मनोज कुमार सिन्हा, सुमन कुमार, केदार राम आदि लोग मौजूद थे। वहीं उक्त खेल की जानकारी ज्ञान रंजन ने दी।

जेएमएम पंचायत कमेटी का गठन

फतेहपुर (जामताड़ा)। शनिवार को फतेहपुर प्रखंड के धसनिया एवं पालाजोड़ी पंचायत में झारखंड मुक्ति मोर्चा का पंचायत कमेटी का गठन किया गया। मौके पर पर्यवेक्षक के रूप में परेश यादव, वकील सोरेन, अशोक महतो, अरविंद कुमार मुर्मू, दानीनाथ महतो, विनय चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से धसनिया पंचायत में अध्यक्ष के रूप में राकेश यादव तथा सचिव लखन मुर्मू को चुना गया, वहीं कोषाध्यक्ष जिलाजीत महतो, मीडिया प्रभारी अजय कुमार प्रसाद, उपाध्यक्ष गौरांग राय, इंद्रजीत महतो, डॉक्टर किस्कू को बनाया गया, सह सचिव में सुखदेव मुर्मू, संजीव कुमार मुर्मू, सतीश मरांडी बनाएं गए, संगठन मंत्री नुनुधन हांसदा, नीमाई प्रसाद यादव, राजू महतो वहीं कार्यकारणी सदस्य में शिवधन बेसरा, लखीराम बेसरा, सहदेव मुर्मू, बच्चन यादव, प्रदीप मरांडी, मदन राय को बनाया गया है। वहीं पालाजोड़ी पंचायत में अध्यक्ष के रूप में संदीप कुमार यादव, सचिव जियाबाबू हेंब्रम, कोषाध्यक्ष लालमोहन चौधरी, मीडिया प्रभारी दामोदर राय, उपाध्यक्ष नृत्यगोपाल गोराई, सेकेन सोरेन, कमल पंडित को सर्वसम्मति से चुना गया, सह सचिव में बिक्रम सिंह, परमानंद पावरिया, आताउल अंसारी, संगठन मंत्री में जयप्रकाश हेंब्रम, सुरेश हांसदा, मोहरील मरांडी, कार्यकारणी सुरेन्द्र टुडु, अशोक मरांडी, दिनेश गण, अमित मरांडी, मदन भंडारी को चुना गया, मौके पर पर्यवेक्षक संयोजक मंडली के सदस्य परेश यादव ने कहा कि सभी लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी को मजबूत बनाने का कार्य करें। उन्होंने कहा आज झारखंड में झामुमो की सरकार है और यहां सांसद तथा विधायक भी झामुमो पार्टी का है। उन्होंने कहा अब इस क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा। इस विकास में सभी झामुमो पार्टी के सदस्य तथा कार्यकर्ता मिलजुल कर अहम भूमिका निभाएं। क्षेत्र में जितने भी समस्याएं हैं उन्हें चिन्हित करें। जिससे उन समस्याओं का समाधान किया जा सके, मौके पर दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

ललमटिया रेलवे फाटक पर ड्यूटी के दौरान मजदूर की मौत, कोयला ढुलाई ठप

गोड्डा(ईएमएस)।ललमटिया खदान से कोयला लेकर एनटीपीसी फरक्का तक जाने वाली एमजीआर में कार्यरत ठेका मजदूर की ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक से मौत हो गई। मामला ललमटिया थाना क्षेत्र के बागजोरी रेलवे फाटक के समीप का है। ठेका मजदूर चितरकोठी निवासी जोके मुर्मू (50) शनिवार को रेलवे फाटक पर जेनरल शिफ्ट में ड्यूटी पर तैनात था।सुबह करीब दस बजे अचानक उसे हार्ट अटैक आया और बेहोश होकर गिर पड़ा। सूचना मिलते ही पुत्र सुशील मुर्मू व अन्य परिजन मौके पर पहुंचे और उसे अस्पताल ले जाने की तैयारी करने लगी।इसी दौरान जोके मुर्मू की मौत हो गई।मुआवजा की मांग को लेकर ग्रामीण व परिजन शव लेकर राजमहल परियोजना के सेलो प्वाइंट पहुंचे और शव को फरक्का-एमजीआर रेल लाइन पर रखकर कोयला ढुलाई ठप कर दी।एनटीपीसी व ईसीएल का कोई पदाधिकारी वार्ता के लिए घटनास्थल पर नहीं पहुंचा था।

पुलवामा हमले में शहीद हुए जवान देव कुमार को दी गई श्रद्धांजलि

महागमा प्रतिनिधि गोड्डा / पुलवामा हमले में शहीद हुए जवान देव कुमार के बलिया स्थित प्रतिमा में बलिया के ग्रामीणों द्वारा उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। समारोह में प्रकाश महतो, कन्हैया महतो, सुनील महतो, गौरव महतो, जिकेश महतो, दिलीप महतो, होमगार्ड कला कुमारी, होमगार्ड डेबेटी हंसदा सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। यह आयोजन शहीद के प्रति सम्मान और उनके बलिदान को याद करने का एक प्रयास था।इस प्रकार के आयोजन शहीदों के सम्मान और उनके योगदान को हमेशा याद रखने के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। ग्रामीणों द्वारा इस श्रद्धांजलि अर्पण से यह संदेश भी जाता है कि उनके बलिदान को हमेशा सराहा जाएगा और उनकी वीरता को हमेशा याद रखा जाएगा। शहीद देव कुमार जैसे वीरों की बहादुरी हमारे समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी रहती है, और इस तरह की श्रद्धांजलि से उनका योगदान जीवित रहता है।

मोहुल डंगाल में भाजपा सदस्यता अभियान का आयोजन, वीरेंद्र मंडल रहे मुख्य अतिथि

जामताड़ा । शनिवार को जामताड़ा नगर पंचायत अंतर्गत मोहुल डंगाल में भाजपा जिला कमेटी के तत्वावधान मे सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र मंडल बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। सदस्यता अभियान के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के लोगों को पार्टी की विचारधारा एवं नीतियों से अवगत कराया और उन्हें सदस्यता ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाजपा की सदस्यता ली।मुख्य अतिथि वीरेंद्र मंडल ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा जनसेवा और विकास के लिए समर्पित पार्टी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जनता के बीच जाकर केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को पहुंचाने का कार्य करें। इस अवसर पर कई भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पार्टी नेताओं द्वारा किया गया और अंत में सभी नए सदस्यों का स्वागत किया गया।मौके पर मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सोमनाथ सिंह, नगर अध्यक्ष गौर बाउरी, रंजीत यादव सहित तमाम कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

महेशमुंडा पंचायत कमेटी के पुनर्गठन को लेकर बैठक का हुआ आयोजन

नाला (जामताड़ा)। केंद्रीय समिति के निर्देशानुसार झारखंड मुक्ति मोर्चा महेशमुंडा पंचायत कमेटी के पुनर्गठन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। मालूम हो कि इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष उज्वल भट्टाचार्य की देखरेख में सभा अध्यक्ष वासुदेव हांसदा की उपस्थिति में माझी हाड़ाम हाकिम सोरेन की अध्यक्षता में आयोजित इस चुनावी बैठक में सर्व समिति से महेशमुंडा पंचायत के पंचायत अध्यक्ष के पद पर दिनू दास, सचिव के पद पर हाकिम सोरेन तथा कोषाध्यक्ष के पद पर सुबोधन हेम्ब्रम, कार्यालय सचिव के पद पर मृत्युंजय मंडल का चयन किया गया। इसके अलावे उपाध्यक्ष के पद पर विशेश्वर मुर्मू,निरामय दास,शरत चन्द्र माजी,बाबुजन टुडू,दारासिंह हांसदा तथा सह सचिव के पद पर जगदीश मिर्धा, सकेन चन्द, राजेश दास, बटेश्वर हेम्ब्रम, कालीचरण हांसदा का चयन किया गया इसके अलावे संगठन मंत्री के पद पर सुकेन सोरेन, उत्पल मंडल,शत्रुघ्न राय,जयदेव मरांडी,कार्तिक राय का चयन किया गया तथा 25 कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए।इस अवसर पर झामुम प्रखंड अध्यक्ष सभी सूत्री अध्यक्ष उज्वल भट्टाचार्य विधायक प्रतिनिधि वासुदेव हांसदा,भव सिंधु लायक,सलीम जहांगीर, पूर्व मुखिया राजा मुर्मू, संजय दास,मंगल सोरेन, दयामय घोष,मृत्युंजय मंडल,राजु दास,फुलटूसी रूईदास, शरत चन्द्र माजी,कार्तिक राय, मनोहर टुडू,निरामय दास,सावित्री टुडू आदि मौजूद थे।

नाला सीएचसी में बंध्याकरण ऑपरेशन के लिए 14 महिलाएं ऑपरेशन के लिए चिन्हित

नाला (जामताड़ा)। शनिवार को अपराह्न करीब 3 बजे परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत बंध्याकरण ऑपरेशन हेतु महिलाओं की स्वास्थ्य जांच कर ऑपरेशन हेतु चिन्हित की गई। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 लियाकत अंसारी की देखरेख व पर्यवेक्षण में महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान डॉक्टर अरविंद कुमार के द्वारा एचआईवी, ब्लड प्रेशर ,शुगर हिमोग्लोबिन ,वीडीआरएल, बीटीसीटी, प्रेग्नेंसी आदि विभिन्न प्रकार की जांच की गई। मालूम हो कि जांचोपरांत कुल 14 महिलाओं को ऑपरेशन हेतु चिन्हित की गई। मौके पर एमटीएस अहमद रेजा परवेज, लैब टेक्नीशियन मोहसिन आलम,परवेज आलम, एमपीडब्ल्यू प्रदीप टुडु, रंजीत भारती ,शांतिमय मंडल,एएनएम दोलन मित्र, मुस्ताक अंसारी,विमल कुमार घोष, भीम हाजरा, शईद आलम ,बबलु पाल,आरीफ अंसारी, धनंजय कुमार आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

शांतिपूर्ण व स्वच्छ माहौल में हुई मैट्रिक- इंटर की परीक्षा

गोड्डा । सदर प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय गोड्डा (बालक) में झारखंड अधिविद्य परिषद रांची द्वारा आयोजित माध्यमिक एवं इंटरमीडिट परीक्षा शनिवार को कदाचार मुक्त सम्पन्न हुई। जिसमें केंद्राधीक्षक रोहित राय ने बताया कि प्रथम सत्र में मैट्रिक परीक्षा अंतर्गत संथाली भाषा में 33 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। अनुपस्थित छात्रों की संख्या शून्य रही व इंटरमीडिएट परीक्षा के अंतर्गत हिंदी संथाली, संस्कृत और उर्दू विषयों में 105 में से 105 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। वीक्षण कार्य हेतु सदानंद साह, नीरज कुमार सिंह, प्रेमलाल पंडित, सुभाष दास, तारिक अनवर, अमृता कुमारी, शिखा कुमारी, सना रेजा, मनौवर आलम इत्यादि मौजूद रहे।

अडाणी पावर प्लांट की पाइप बिछाने के लिए की गई खुदाई में निकला कोयला

मेहरमा । प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मेहरमा के मानवेल मुर्मू के खेत में अडाणी पावर प्लांट की पाइप बिछाने हेतु खुदाई करने के दौरान दस फीट नीचे कोयला निकल आया। बताते चलें कि अडाणी पावर प्लांट द्वारा साहिबगंज से गोड्डा स्थित प्लांट में पानी सप्लाई का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में मानवेल मुर्मू मेहरमा निवासी के खेतों में जेसीबी से पाइप बिछाने हेतु खुदाई करने पर कोयला निकला गया। जहां स्थानीय ग्रामीणों में चर्चा का विषय बन गया। वहीं स्थानीय लोगों ने भी कोयला का जमकर लूट किया। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि इस क्षेत्र में ईसीएल होने से यहां के लोगों को रोजगार प्राप्त होगा, उन्हें पलायन? नहीं करना पड़ेगा। इस संबंध में ग्रामीणों ने कहा कि जल्द ईसीएल को कोयला स्थापित हेतु आवेदन सौंपेंगे, जिससे क्षेत्र के लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। फिलहाल इस पर अभी तक अधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है।

हरिनाम संकीर्तन में श्रद्धालुओं का सैलाब, दामोदर तिवारी ने दिया 10 लाख का दान

चितरंजन। तेतुलिया कन्यापुर गांव में सेरगढ़ कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज द्वारा हरिनाम संकीर्तन के 125वें वर्ष पर विशाल धार्मिक आयोजन किया गया। इस दौरान प्रसिद्ध कीर्तन गायक सनातन मुखोपाध्याय और कृष्ण पाल ने अपनी मधुर वाणी से भक्तों को भक्ति में सराबोर कर दिया। इस संकीर्तन में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए और भजन-कीर्तन का आनंद लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मिन्टू कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स के हरिसाडीह निवासी दामोदर तिवारी ने 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी। आयोजकों ने उनके इस योगदान के लिए आभार प्रकट किया और कार्यक्रम को ऐतिहासिक बताया।

लाभुक का आवेदन लेने के पहले उसकी वास्तविकता जानकारी लेना आवश्यक

कुंडहित (जामताड़ा) । शनिवार को कुंडहित प्रखंड सभागार में गव्य विकास द्वारा पंचायत प्रतिनिधि का ओरेयेन्टेशन कार्यक्रम प्रमुख रामकिशोर मुर्मू के अध्यक्षता में आयोजन किया गया। मौके पर पशु चिकित्सा डॉक्टर विनय कुमार ने जानकारी देते हुए कहा मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत गव्य विकास योजना,बकरा विकास योजना, कुक्कुट पालन ,सुकर पालन, बतख चुजा योजना एंव जोड़ा बैल योजना मुख्य रूप से संचालित हो रहे हैं। हमें विकास योजना से लाभ लेने के लिए मुखिया के पास आवेदन करना है जहां 50,75 एवं 90 प्रतिशत अनुदान पर लाभुकों लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने गव्य विकास योजना के बारे में जानकारी देते हुए कहा 75 एवं 90 प्रतिशत अनुदान पर गाय दिया जाता है। 75 प्रतिशत अनुदान पर पिछड़े वर्ग एवं सामान्य वर्ग के लोगों को गाय दिया जाता है ।जबकि 90 प्रतिशत अनुदान पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकलांग, विधवा को लाभ दिया जाता है। लाभ देने के पहले पंचायत प्रतिनिधि को यह सुनिश्चित कर करना है जिस लाभुक को यह लाभ दिया जा रहा है क्या वह लाभुक योजना के सही हकदार हैं। योजना के लाभ लेने के बाद लाभुक सही ढंग से देख भाल कर पायेगा। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना में गाय पालन, बकरी पालन, कुक्कुट पालन, बतख पालन तथा जोड़ा बैल लेने वाले लाभुक का चयन में पहला प्राथमिकता दिव्यांग एंव विधवा को दिया जाएगा। उन्होंने उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए कहा योजना के लाभुको का चयन के पहले आवेदक के वास्तविकता जानना जरूरी है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लाभ के बाद सभी का बीमा कराया जाता है लेकिन लाभुक द्वारा समय पर जानकारी नही देने पर बीमा योजना से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने बीमा योजना के लाभ के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया मौके पर प्रधान लिपिक अबरार अहमद जिला गव्य विकास के कुबेर कुशवाहा, प्रफुल्ल माजि मुखिया विमल हंसदा,सरला मरांडी, गीता पहाड़िया, भीम हेम्बरम सहित काफी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

समूह की महिलाओं को जेंडर से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया

ठाकुरगंगटी ¬ प्रखंड क्षेत्र के भगैया स्थित मानिकपुर संकुल कार्यालय के सभागार में समूह की महिलाओं को जेंडर से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। एस आर पी रेखा देवी और डीआर पी प्रियंका देवी ने संकुल क्षेत्र के मानिकपुर, भगैया,दिग्घी,तेतरिया माल पंचायत की स्वयं सहायता समूह से जुड़ी 30 सदस्या को प्रशिक्षण दिया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन शनिवार को जेंडर मॉडल 17 का द्वितीय भाग के बारे में विस्तार से बताया गया। लिंग भेदभाव,लिंग के प्रकार बाल विवाह पर रोक,पुत्र पुत्री में भेदभाव को दूर करने,महिला पुरुष में भेदभाव दूर करने,लिंग भेदभाव,बाल विवाह की रोकथाम,महिला सशक्तिकरण,साक्षरता दर को बढ़ाने,झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी स्तंभ और उनकी भूमिका,राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का उद्देश्य आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में सावित्री देवी मीना,देवी सहित तीस सदस्या शामिल थी।

स्टूडेंट यूनियन दो दुमका सर्किट हाउस रे मित्टेन ज्ञापन साकामे एमावादेया मानोतिया दीपिका पांडे सिंह

'संताली भाषा लागित् देवनागरी लिपि ते बेवहार नोडका जारी गे दोहो इदीक् मा'

● संताल परगना स्टूडेंट यूनियन, दुमका दो सिरामंत्री जुतुम रे मानोतिया दीपिका पांडे सिंह, 'ग्रामीण विकास आर पंचायती राज मंत्री, झारखंड सरकार रे विधायक महागामा विधानसभा क्षेत्र रेन साँवतेको आपाम एना

खोबोरिया

दुमका । शनिवार 15 फरवरी हिलोक् संताल परगना स्टूडेंट यूनियन, सिदो-कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका रेन प्रतिनिधि मंडल दो दुमका रेयाक् सर्किट हाउस रे मानोतिया दीपिका सिंह पांडे, 'ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री, झारखंड सरकार' आर महागामा विधानसभा रेन साँवते मानोत सालाक्को आपाम एना। आपाम काते सिरामंत्री हेमंत सोरेनाक् जुतुम रे मित् ज्ञापन आरदास साकामको एमावादेया। नोआ ज्ञापन साकाम रे आसोकाय ते नोआ खोजको दोहो आकादा जे संताली भाषा लागित् देवनागरी लिपि ते गे बेवहार नोडका जारी गे दोहो इदीक् मा। प्रतिनिधि मंडल रेन आयुर लेकाते संगठन रेन अध्यक्ष विमल मुर्मूवाक् आयुर रेको आपाम एना। आपाम केदे तायोम संगठन रेन अध्यक्ष श्री मुर्मू दोय मेन केदा जे संताली भाषा दो आडी मारे भाषाको रे मित्टेन दो काना। ओना रेयाक् आयाक् मानक आर स्टैंडर्ड रूप मेनाक्आ, मेनखान आदोम होड़ दो मित् लेकान सुनियोजित तारिका ते नोआ भाषा रेयाक् मानक रूप बेरबादकाक् आर आदिवासीको आको-आको ताला रे लाड़हाई ओचोको मोतलोब ते जाहांटाक् विशेष लिपि आटकाव रे आकोवाक् राजनीतिक पीठाको सेकावेत् काना। उड़ीसा प्रायोजित होड़ दो नोण्डेन होड़को गुमराह आयुर मालुडकाको रेयाक् एकालको कुरूमुटूयेत् काना, मेनखान आले दो नोण्डेनाक् भाषा रेयाक् पुसटाउ साफा शुद्धतेत् आर रोड़ रेयाक् पाहचान रे जाहां लेकाते हों एलाङ आंच बाले पाड़ाव ओचोवाक्आ।

मेन केदाय जे संताली भाषा लागित् दो देवनागरी लिपि ते आडी उसारा, आलगा गेया आर वैज्ञानिक गुण ते पेरेच् मेनाक्आ। नोआ लिपि दो 1940 खोन हों लाहा खोन गे ओल बेवहार हेच् आकाना। नितोक् हाबिच् नोआ ते मित् समृद्ध आर फायलाव ते साहित्यकोय ओल चुकाउ आकादा। संताली भाषा रेयाक् इतिहास दो 'संताल परगना' खोन एहोबोक् काना आर नोण्डेनाक् मानक रूप दो देवनागरी लिपि रे केंद्रित मेनाक्आ। ओनाइयाते आले दो मानोतान सिरामंत्री ठेन नोआ खोजले दोहोयेत् काना जे संताली भाषा रेयाक् लाहान्ती लागित् दो देवनागरी लिपि ते गे बेवहार इदीय ताहेंन मा। नोआ साँव ते गे प्राथमिक खोन उच्च स्तर हाबिच् माहांसोयकोवाक् बाहाली कामीहोरा हों एहोब होयोक् मा। नोआ ताक रे छात्र संघ रेन अध्यक्ष विमल मुर्मू, दीलिप टुडू, जितेश टुडू, कुलदीप सोरेन, राजेश पौरिया, सचिन कुमार सोरेन, अंथोनी हांसदा, सुरेश बेसरा, जयप्रकाश मुर्मू, देवलाल हे ब्रॉम, प्रेम हाँसदा, राम टुडू, सावित्री सोरेन, मयूरी हाँसदा, नीता किस्कू, बिनोद हाँसदा आर एमान सांवते आयमा ओकोच् पाठवाको ताहेंकाना।

पुलिस दो दारे रेय पासी गोच्एन मित्टेन कोड़ावाक् मांड़ींको आम केदा

खोबोरिया

हिरणपुर, पाकुड़। थाना टोठा रेयाक् धनबाद आतो रेयाक् सुनसानटाण्डी रे रोहोड़ाकान मातकोम दारे रे मित्टेन कोड़ाय पासीगोच् आकावाकान हालोत रे पुलिस दो ओना माड़ींको आम केदा। गोच् मांड़ीं दो खजूरडांगा आतो रेन सुनिराम टुडू 19 उमार रेने बाडाय आम आकाना। बाडाय आकान लेकाते कोड़ा दो रायगंज रे मजदूरीय कामी बाड़ायेत् ताहेंना, ओका दो पारोमेन हापता गे आतो ते सोहराय पोरोब रेय हेच् लेना। नोते पारोमेन सोकोलवार हिलोक् ओड़ाक् रे पोरोबको मानावेत् ताहेंना। नोआ ओकते ओनको घारोंज रेन दो आको सोर रे पेड़ा ओड़ाक् धनबाद आतो तेकोचालाव लेना। कोड़ा दो खजूरडांगा आतो रे गेय ताहेंयेना। शनिवारसेताक् तिन रे आको घारोंज रेन दो ओड़ाक्को हेच् एना तोबे कोड़ा दो बाय ताहेंकाना। इना तायोम आयुप् बेला सेच् घारोंज रेनको बाडाय केदा जे धनबाद आतो रेयाक् दारे रेय आकावाकान ताहेंना। नोआ काथा बाडाय सांवते थाना रेन एएसआई किशोर टुडू, हरेराम यादव दो दोलबोल सांवते ताक रेको हेच् एना आर गोच् मांड़ीं दो दारे खोनको फेड ओचोकेत्कोआ। खोबोर ओल हाबिच्ते पुलिस दो लाहा सेच् कार्रवाई रेको जुटाउ आकान ताहेंना।

चास-बास रे नावां तकनीक बेवहारपे: मंत्री

खोबोरिया

हजारीबाग। बिरसा कृषककोवाक् पुराउ ते लाहान्ती आर उतनाउ लागित् ते 15 फरवरी हिलोक् भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान गोरिया करमा, बरही रे प्रमंडल स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी कामीहोराओरामेना। नोआ कामीहोरा रे माराङ पेड़ा लेकाते कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिकीये सेंटेरेना। मंत्री दोय मेन केदा जे नोआ कामीहोरा रेयाक् आसोल जोस दो कृषि विभाग रेयाक् कामीपोन्थको बाबोत रे चासीकोबाडाय ओचोको गे काना। झारखंड रे जुमी गोबरावेन तायोम हों बाडाय रेयाक् ओभाब रे नोंडेनको चासी दो बाको तेंगो केटेच् दाड़ेयाकावादा। मंत्री दोय मेन केदा जे झारखंड रेयाक् 80 प्रतिशत आबादी दोचास-बास काते गे आपनाराक् जियोन दोको खेमावेत् काना। कृषि मंत्री दो चासीको चासोक् तेयाक् नावां तकनीक बेवहार लागित्ए नेहोरात्कोआ। उनी दोय मेन केदा जे ओका-ओका दो बोदोलोक्कान मौसम इयाते चासी दोको हुलासभांगा उतारोक् काना, तकनीक दाराय ते गे ओनको दो नोंकानाक् मुसकिलाक्को खोन दो बांचाव दाड़ेयाकोआ। बरही विधायक मनोज यादव दोय मेन केदा बरही रे चास-बास पाहटा रेआसीम आस मेनाक् आकादा मेनखान सेदाय खोनाक् चासोक् धारा तेचासीकोवाक् काउडी दो बाङ राकाप् दाड़ेयाकावादा। ओना इयाते नोंकानाक् चासी मेला सांवते प्रदर्शनी दो चासीको लागित् भोरदान बाराग काना। नवाचार रेयाक् जुग काना ओना इयाते नावां तकनीक ते चास-बास रेयाक् नावां ओपसोर आमोक्आ। नोआ दाराय ते चासीकोवाक् कामाव दो ढेर दाड़ेयाक्आ। आस मेनाक्आ जे नोआ कामीहारा खोन चासीको दो पोरहोको आमा। नोआ ओपसोर रे उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद हों मित् बार काथाय दोहो केदा।

पोनोतिया जनजातीय हिंजला मेला हेलमेल रे ओलचिकी लिपि ते बोलोन दुवार आर बैनर लागाव रेयाक् खोज

खोबोरिया

दुमका। पोनोतिया जनजातीय हिंजला मेला हेलमेल दो 3 फरवरी 1890 ई. हिलोक् खोन एहोप् लेना ओका दो नित 135 बोछोर पुराव आकाना। नोआ बोछोर दो 21-28 फरवरी हाबिच् मेला ओरामोक् काना। नोआ बाबोत रे हिंजला आतो रे मांझी बाबा सुनीलाल हांसदावाक् आयुर रे कुल्ही दुडुप् होय एना। नोआ रे जोतो होड़को मेन केदा जे 135 बोछोर मारे नोआ हिंजला मेला दो जाव बोछोर गे ओराम आगुवाकाना। नोआ दो आदिवासीकोवाक् जुतुम ते मेला दोओरामोक् काना आर से सरकाराक् नोआ दो आडी मोंज कामीकाना। मेनखान तेहेञ हाबिच् ते मेला रे तिस हों बोलोन दुवार(तोरण द्वार) आर सरकारी बैनर एमानको रे संतालकोवाक् ओलचिकीलिपि ते दो बाङ ओल आकाना। बाडाय काथा काना जे झारखंड बेगारकाते 25 बोछोर होय आकाना आर पोनोत रे जावगे आदिवासी मु यमंत्री होंको बेनाव आगुवाकाना, एनकाते रे हों हिंजला मेला रे संतालकोवाक् ओलचिकी लिपि ते बोलोन दुवार आर बैनर दो तिस हों बाङ लागावाकाना, नोआ दो आडी भाबना काथा काना। आतो होड़ दो नोआ इदि काते आडी उसात् आर रांगावको सोदोर केदा। आतो होड़ दो मेला समिति, सिरामंत्री हेमंत सोरेन, दुमका विधायक बसंत सोरेन, दुमका सांसद नलिन सोरेन आर शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ठेन आरदासको दोहो केदा जे हिंजला मेला रेयाक् बोलोन दुवार आर बैनर एमानको दो ओलचिकी तेको ओलमा। कुल्ही दुपुडुप् रे सरलाहांसदा, पतामुनी सोरेन, सोना सोरेन, पाकुटी हांसदा, सुजाता सोरेन,एमेल मरांडी, मनोज हेमब्रम, गणेश हांसदा, दिलीप सोरेन, सुनील हांसदा, स्विटी हांसदा, संतोष हेमब्रम, विलास, हेमब्रम, रोहित हांसदा, निंबुलाल हांसदा, प्रकाश सोरेन सांवते आदिवासी सोमाज रेन गाखुड़ होड़ होंको सेटेराकान ताहेंकाना।

टेकटार आर मोटरसाइकिल ताला रे ठोकोरेना, काटिच् चालाङ लागित्ए बाञ्चावेना डायबोर, आर बाखान

महेशपुर, पाकुड़। थाना टोठा रेयाक् हाथीमारा चौक सोर रे टेकटार आर मोटरसाइकिल ताला रे आमने-सामने ठोकोरेन मामलासामाङ हेच् आकाना। बाडायाकान लेकाते महेशपुर पाकुड़िया आसोलहोर रे हाथीमारा चौक सोर रे पाकुड़िया सेच् खोन मित्टेन टेकटार हिजुक् कान ताहेंना आर नोवासा खोन दो मित्टेन मोटरसाइकिल हिजुक्कान ताहेंना। मोटरसाइकिल नंबर जेएच04 ई8091 काना।

टेकटार डायबोर दो बुलेट पहाड़िया कानायको लायेत् काना। नोआ सोड़ोक घोटोना रेयाक् आसोल कारोन दो टेकटार डायबोर गे नाशा बूल रेय ताहेंकान ते होय एना। नोआ घोटोना रे मोटरसाइकिल डायबोर जाहां लेकातेय बाञ्चाव आकाना।घोटोना बाडाय तायोम महेशपुर थाना रेन पुलिस ताक रेको हेच् एना आर टेकटार सांवते मोटरसाइकिल दो थाना तेको इदी आकादा। पुलिस दो मामला जांच रेको धुराउ आकान गेया। बाडाय आकाना जे प्रखंड रे लागातार सड़क सुरक्षा निट गोटाय लागित् लागातार गे अभियानको चालावेत् काना आर बिना हेलमेट होरोक् होड़ ठेन जुर्माना डांडोमको कोयेत्को काना, एनरेहों नोआ घोटोना कोमावक् दो बाङ चेलोक् काना।

अडाणी पावर प्लांटाक् पाइप आटेत् तोपाय लागित्को लाकेत् रे आमेना कोयला

खोबोरिया

मेहरमा। प्रखंड रेयाक् मेहरमा रेन मानवेल मुर्मूवाक् खेत रे अडाणीपावर प्लांटाक् पाइप आटेद तोपाय लागित्को लाय ओकते रे गेल फीट लातार रे कोयला ला आम एना। लायापेयाञ जे अडाणी पावर प्लांट होतेते साहेबगंज खोन गोड्डा रे मेनाक् प्लांट रे दाक् सप्लाई कामी होयोक् काना। नोआ ओकते रे मानवेल मुर्मूवाक् खेत रे जेसीबी ते पाइप तोपा आटेद लागित्को लाकेत् रे कोयला आम ओडोक एना। जाहां दो आतो रे चारचाक् आकाना। नोते टोठारिया होड़ होंकोयला बोगे तेको लूट केदा। नोते आर आतो होड़ाक् मेन काना जेनोआ टोठा रे ईसीएल होयोक् ते नोण्डेन होड़ दो रोजगारको आमा। बाहरे सेच् कामी बाङ दादाड़ होयोक्ताकोआ। नोआ बाबोत रे आतो होड़को मेन केदा जे उसारा गे ईसीएल ठेन कोयला स्थापित लागित् आरदासले एमा, नोआ ते टोठा रेन होड़ लागित् रोजगारको आमा। नियाहाली नोआ रे नितोक् हाबिच् अधिकारिक पुष्टि बाङ होय दाड़े आकाना।

भारत रेयाक् सीमा रे लाहौर लॉन्चपैड खोन आडी ढेर हाथियार ते लोड ड्रोन ए कोलेत् काना पाकिस्तान

खोबोरिया

नावाँ दिल्ली। भारत रे ड्रग्स, हाथियार आर गोला-बारूद ते लोड ड्रोनकोल लागित् पाकिस्तान रेयाक् लाहौर लॉन्चपैड रेयाक् रूप रेय कामीयेत् काना। सूत्रको लेकाते बीएसएफ रेन ड्रोन फोरेंसिक लैब दोयआमाकादा जे आडी ढेर 184 ड्रोन लाहौर खोन हेच् एना। नोआ दोसोहोर सोड़ोक होर ते पासेच् 33 किमी सांगिआ, मेनखान उड़ाक् गाडी होर ते भारत पाकिस्तान सीमा आडी सोर गेया। नोते नरोवाल खोन 42 ड्रोन लान्च आकाना। नोआ दो लाहौर खोन पासेच् 100 किमी फाराका। एटाक् सोहोको रे ओकारा, बहावलनगर आर पाकिस्तान रेन टोबा सिंह सेलेत् मेनाक्कोआ। आंकड़ा लेकाते पंजाब पुलिस दो 20, दिल्ली दो 2 आर मणिपुर दो 1 मित्टेन ड्रोनको साप् आकादा। बीएसएफ सेच् खोन राकाप् आकात् नोआ पोंथा बाबोत रेको लाई आकादा जे सीमा रेयाक् सुरक्षा लागित् नावां डिजाइन रेन फेंसाक् प्रस्ताव मेनाक्आ। बॉर्डर रे बेसते नोजोर दोहोय लागित् संवेदनशील जायगाको रे सीसीटीबी पीटीजेड आर बुलेट कैमराको लागाव आकादा। ज मू फ्रंटियर रेयाक् अदरूनी इलाकाको रे केटेच् नियंत्रण बानाव दोहोय लागित् घुसपैठ विरोधी भूमिका रे बारया बाड़ती बटालियनको सेलेत् आकात्कोआ। रिलीज रे लाहा सेच् मेनआकाना जे कमांड एंड कंट्रोल सेंटर आर सर्विलांस ग्रिड लागाव काते खाली जायगाको कवर एत् काना। जोतो सहयोगी एजेंसीको सांवते गाहिर सोमपोक जोड़ाव आकादा आर मिलाउ ते अभियानको चालावेत् काना।

जिला स्तरीय कुकिंग कॉम्पिटिशन ओरामेना

खोबोरिया

लोहरदगा। लोहरदगा जिला रे पोषण शक्ति निर्माण योजना तारी रे जिला स्तरीय कुकिंग कॉम्पिटिशन 2025 ओरामेना। कॉम्पिटिशन दो जिला शिक्षा पदाधिकारी सांवते जिला शिक्षा अधीक्षकाक् आयुर रेकस्तूरबा मु यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय रे होय एना। कामीहोरा रे आसोकायते नीलम आईलीन टोप्पो, जिला शिक्षा पदाधिकारी, लोहरदगा, विनपय बंधु कच्छप, तृषा पाण्डे, लीगल एडवाइजर आर जेईपी ताकोकोसेंटेरेना। हापाराव रे जिला रेयाक् जोतो एयाय प्रखंडको रेन रसोईया सह सहायिका दो आपनार पाक कला रेयाक् प्रदर्शन दो सुमुङ सापाप् तेकोउदुक् केदा। नोआ कॉम्पिटिशन रेयाक् आसोल जोस दो रसोईया सह सहायिकाको रे मोंज जोमाक् इसिन-बासाङ, मोटा अनाज लेकान मिलट, रागी, कोदे, गुंदली एमान जासती बेवहार, सुमुङ सापाप् रे गिदराकोमोंज जोमाक् एमावाको, जोमाक् इसिन-बासाङ रेयाक् होरासकावानाक् बेनाव, तिकिनाक् जोमाक् लागित् रसोईया सहायिकको रे हापाराव रेयाक् हुदिस जोरात्, समुदायकोवाक्सेलेत् साहराव आर टोठाकिया तारी रे मेनाक् जोम जिनिसकोरेयाक् बेवहार लागित् कार्रवाई ठाउकाय गे काना। मध्याह्न भोजन योजना तारी रे नवाचार जोरात् गे काना। जेमोन पाठवाको दो पोषकतत्व ते पेरेच् आकान जोमाक्को आम दाड़ेयाक्। हापाराव रे प्रखंडतारी रेन जितकारिया आर जोगजितकारिया हापाराविया सांवते मोट 14 गोटेच् आरदासियाको सेलेत् एना।

मुंबई एयरपोर्ट रे 7.14 किलो सोना साँवते पेया विदेशीको साप् एना

खोबोरिया

मुंबई। छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट रे राजस्व खुफिया निदेशालय (डिआरआई) रेन टीम दो सोकोलवार हिलोक् जिन्दा7.14 किलो सोना सांवते पेया विदेशी होड़को साप् आम आकाना। आमेन सोना रेयाक् दाम दो अंतरराष्ट्रीय बाजार रे 6.28 करोड़ हिसाब आकाना। डीआरआई सूत्र दो शनिवार हिलोक् मीडिया ठेन लाई केदा जे ओनकोवाक् टीम दो दुबई खोन मुंबई पाइकारी सोना घालोक् आदोम सांगारियाको हिजुक् रेयाक् बाडाय आम लेना। नोआ काथाआधार रे सोकोलवार हिलोक् जिन्दा डीआरआई टीम दो नोजोरको दोहो लेदा। जिन्दा जेमोन गे पेया ईरानी होड़ मुंबई एयरपोर्ट रेको फेड एना, डीआरआई रेन टीम दो नोको पेने होड़ रे सोंदहोयेन आधार रेको घेराव तेंगो केत्कोआ आरको हातड़ाउ केत्को रे एयाय सोना रेयाक् छड़ आर ओना रेयाक् मित् कुटराआम एना। पेने ठेन होड़ गेको कुलीयेत्कोआ।

सत्यमेव जयते

सामाजिक न्याय आर अधिकारिता मंत्रालय
भारत सरकार

सामाजिक न्याय आर अधिकारिता विभाग

साल 2024 - 25 लागित् ते

एससी पाठवाको लागित् मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना
तारी रे चेतान सेच् पाड़हाक् बाखरा

अनुसूचित जाति गातांक रेन पाठवाको दो छात्रवृत्ति एमाको रेयाक् सारसादलेक् काना।

लेकमान	काम्मी जायगा	छात्रवृत्ति
● एंगात-आपात/ओवारिसकोवाक् बाछड़ी कामाव 2.50 लाख टाका खोन जासती बाङ होयोक् लेक काना	● किलास 11 आर ओना तायोम जोतो मान्यता आम आकात् पाठ्यक्रम	● पुराउ अप्रतिदेय पायसा (ट्यूशन पायसा सालाक्)
● मान्यता आम आकात् विद्यालयको/ महाविद्यालयको रेको पाड़हाक्कान पाठवा	● पोरहो आआमकोवाक् बाक्छाव दो पोनोतिया सरकारको/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनको होतेते होयोक्आ	● 2500/- टाका खोन 13500/- टाका रेयाक् अकादमिक भत्ता
	● जासती रेंगेच् घारोज्ज रेन आरदासियाको दो लाहाकोआ	● नापारा पाठवाको (विशेष रूप ते सक्षम) लागित् 10% बांड़ती भत्ता

● पाठवा आपनार सांव जोड़ाव पोनोत रेयाक् छात्रवृत्ति पोर्टल रे दारखासपे
● पाठवा ठेन चालू मोबइल न बर, आधार नम्बर (यूआईडी), आधार सांव जोड़ाव बैंक खाता, आय प्रमाण-पत्र आर जाति प्रमाण-पत्र होयोक् लेक काना।

उसारा ते दारखासपे

● पोन्था रेयाक् दिशा-निर्देश आर बांड़ती पात्रता मानदंड दो लातार रे एम आकान लिंक रे बेबोसता आकान मेनाक्आ।
http://socialjustice.gov.in/schemes/25

cbc38101/11/0040/2425

केंद्र सरकार झारखंड के साथ कर रही है सौतेला व्यवहार : मंत्री दीपिका पांडे

कुछ ही दिनों में बकाया दोगुना हो जाएगा, केंद्र का बकाया हो जाएगा 2 लाख 36 हजार करोड़

● बकाए की सूची की जा रही है तैयार

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका । राज्य के मंत्री दीपिका पांडे सिंह एमपी -एमएलए केस के मामले में शनिवार को दुमका पहुंची इसी दौरान दुमका परिसदन में संवाददाताओं से मुखातिब हुई उसे दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है । समाज के उत्थान के लिए जो विकास योजनाएं चलाई जा रही है उसमें केंद्र सरकार का जो अंश है उसे देने में कोताही बरती जा रही है । पहले से कोयले की रॉयल्टी 01 लाख 36 हज़ार करोड रुपए बाकी थी । हाल के दिनों में हम लोगों के अलग-अलग विभागों के करोड़ों रुपए का बकाया हो चुका है । जिसमें पीएम आवास योजना , मनरेगा , नल जल योजना , बाल विकास परियोजना की राशि प्रमुख है । मंत्री ने कहा कि झारखंड की वित्त विभाग के द्वारा इन बकायों का एक ब्यौरा तैयार किया जा रहा है । कुछ दिनों में हम लोगों के द्वारा भी यह रिपोर्ट पेश किया जाएगा कि हमारे विभाग का कुल कितना बकाया है । दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि अभी जो 01 लाख 36 हज़ारे करोड रुपए का बकाया है उसमें 01 लाख करोड रुपए और बढ़ोतरी हो जाएगी ।

बकाए के लिए केंद्र सरकार के खिलाफ हो सकता है आंदोलन

दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार ने जो बड़ी राशि बाकी रखी है और देना नहीं चाह रही है इसे पाने के लिए अगर जरूरत पड़ी तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा । उन्होंने कहा कि सभी जानते हैं झारखंड आंदोलनकारियों की भूमि रही है । मंत्री ने कहा कि हाल ही में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से हमारी बैठक हुई थी । उसमें भी हमने उनसे यह कहा कि पीएम आवास की इकाई क्यों कम की जा रही है । साथ ही इसमें जो 01 लाख 20 हजार रुपए दिए जा रहे हैं उसे अपर्याप्त बताया । केंद्र सरकार झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है ।

मंईया सम्मान योजना महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कर रही है मदद

मंत्री दीपिका सिंह पांडे से यह पूछे जाने पर कि हाल ही में सुप्रीम कोर्ट द्वारा जनता को बैठे - बिठाए रुपये दिए जाने की जो निंदा की गई , उस पर आपकी प्रतिक्रिया क्या है , मंत्री ने कहा इस ऑर्डर को मैंने देखा नहीं है पर इसे कौन , किस तरह से इंटरप्रेट कर रहा है , इस पर काफ़ी फर्क पड़ता है ।

इतना जरूर कहूंगी कि चुनाव के वक्त अगर कोई रुपए देने की बात कहता है तो यह गलत है पर अगर कैबिनेट में फैसला लेकर महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए मदद की जा रही है तो यह कहीं से गलत नहीं है । उन्होंने कहा कि आवास योजना या फिर बिजली बिल माफी योजना जनता के हित में सरकार के द्वारा उठाया गया कदम है । इसी तरह झारखंड सरकार के द्वारा जो मंईया सम्मान योजना चलाया गया है वह महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए है ।

के.राजू के अनुभव का लाभ मिलेगा पार्टी को

के. राजू को झारखंड कांग्रेस का प्रभारी बनाए जाने पर दीपिका सिंह पांडे ने बधाई दी । के राजू के अनुभव का पार्टी को मिलेगा लाभ । निश्चित रूप से झारखंड राज्य और यहां की कांग्रेस को आगे ले जाने में उनका अनुभव लाभ उठाएगी पार्टी।

शिव बारात की गरिमा को भव्य बनाने में सभी जिलावासियों का सहयोग जरुरी : डीसी

महाशिवरात्रि व शिवबारात की तैयारियों को लेकर की बैठक

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में महाशिवरात्री एवं शिवबारात के सफल संचालन को लेकर संबंधित अधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा महाशिवरात्रि को लेकर किये जा रहे कार्यों का बिंदुवार समीक्षा करते हुए सभी सर्बंधित अधिकारियों को निदेश दिया कि सभी एक दूसरे के साथ समन्वय स्थापित करते हूए महाशिवरात्रि को सफल बनावे। आगे उपायुक्त ने जिलावासियों के साथ-साथ स्वयंसेवी संस्थाओं से आग्रह करते हुए कहा है कि शिवबारात को भव्य बनाने में आप सभी का सहयोग जिला प्रशासन को आपेक्षित है, ताकि इसकी भव्यता और गरिमा बनी रहे और शिवबारात का आयोजन सफलतापूर्वक किया जा सके।इसके अलावे बैठक के दौरान उपायुक्त ने विधि व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था व यातायात व्यवस्था के साथ हीं श्रद्धालुओं के सुगम जलार्पण, पूजा-अर्चना एवं शिवबारात के दौरान रूटलाईन में किये जाने वाले विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए सभी कार्यों को तय समय के अनुरूप पूर्ण करने का निदेश संबंधित अधिकारियों को दिया। आगे उपायुक्त ने बाबा मंदिर व उसके आस पास के क्षेत्रों के अलावा शिवबारात रूटलाईन में व्यवस्थओं को और भी बेहतर करने के उद्देश्य से मंदिर प्रांगण व आस पास के क्षेत्रों में बिजली व लाईटिंग पेयजल, शौचालय, सड़क, स्लैब, बेरिकेड्स, स्वास्थ्य, अतिक्रमण, साफ-सफाई व अग्निशमन व्यवस्था के अलावा श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा हेतु आपसी समन्वय के साथ बेहतर कार्य करने का निदेश दिया। इस दौरान उपरोक्त के अलावे अपर समाहर्ता हीरा कुमार,अनुमंडल पदाधिकारी देवघर रवि कुमार, उप-नगर आयुक्त सागरी बरल, नजारत उपसमाहर्ता शैलेश कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी अमर जॉन आइंद, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, गोपनीय प्रभारी मुकेश कुमार, जिला खेल पदाधिकरी संतोष कुमार, सहायक नगर आयुक्त, नगर प्रबंधक व संबंधित विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित थे।

देवघर नगर निगम में जर्जर और खतरनाक इमारतों को लेकर चर्चा

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । आगामी महाशिवरात्रि महोत्सव और शिव बारात को ध्यान में रखते हुए, देवघर नगर निगम ने एक महत्वपूर्ण आपात बैठक बुलाई। बैठक की अध्यक्षता उप नगर आयुक्त सागरी बारल ने की, जिसमें जर्जर और खतरनाक इमारतों को लेकर चर्चा की गई। विशेष रूप से उन इमारतों को ढहाने की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया गया, जो मरम्मत योग्य नहीं हैं और बारात मार्ग पर जोखिम पैदा कर सकती हैं। बैठक में यह भी सामने आया कि कई भवन स्वामियों ने, जिन्हें पहले मरम्मत या ध्वस्तीकरण का नोटिस दिया गया था, अब नगर निगम को सूचित किया है कि वे आवश्यक मरम्मत कार्य कर रहे हैं। इस पर नगर निगम के अभियंताओं को निर्देश दिया गया कि वे इन मरम्मत कार्यों की भौतिक जांच करें और यह सुनिश्चित करें कि इमारतें वास्तव में सुरक्षित हो चुकी हैं। केवल उन्हीं भवनों को बरकरार रखा जाएगा, जो इंजीनियरों द्वारा संरचनात्मक रूप से सुरक्षित मानी जाएंगी।

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश संदीप मेहता का हुआ देवघर आगमन

देवघर संताल एक्सप्रेस । सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश संदीप मेहता का आगमन बाबा बैद्यनाथधाम अतिथि गृह देवघर में हुआ। इस दौरान उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी विशाल सागर के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया। इसके पश्चात न्यायधीश संदीप मेहता को बाबा बैद्यनाथधाम अतिथि गृह देवघर (जज गेस्ट हाउस) परिसर में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मौके पर उपरोक्त के अलावे प्रधान एवं जिला सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार, रजिस्ट्रार प्रतीक रंजन, डालसा सचिव मयंक टोपनो, सिविल सर्जन देवघर, अनुमंडल पदाधिकारी,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचलधिलारी देवघर आदि उपस्थित थे।

शादीशुदा महिला को भगा ले जाने और फिर छोड़ देने को लेकर मामला दर्ज

सरैयाहाट । थाना क्षेत्र के एक गांव की शादीशुदा महिला ने थाना क्षेत्र के मोतिहारा गांव निवासी मेघ दास के खिलाफ उसे बहला फुसला कर भगा ले जाने और फिर छोड़ देने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। महिला ने अपने दिए आवेदन में बताया है कि मेघ दास उसे बहला फुसला कर भगा ले गया और पांच दिन साथ रखने के बाद वापस भगा दिया। इस दौरान आरोपी ने उससे पांच हजार रुपए भी छीन लिया और उसके पति की मोटरसाइकिल को दूसरे के पास गिरवी रखवा दिया। थाना प्रभारी ताराचंद ने बताया कि महिला के आवेदन के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अनुसंधान कर रही है।

एक चिप्स गिट्टी लोड ट्रेलर गाड़ी अनियंत्रित होकर पलटा,खलासी और ड्राईवर घायल

गोपीकांदर। गोपीकांदर थाना क्षेत्र के दुमका-पाकुड़िया मुख्य मार्ग पर दुवारिया पुल तीखा मोड़ के पास शनिवार को एक चिप्स गिट्टी लोड ट्रेलर गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे खलासी और ड्राईवर घायल हो गया है। घटना की सूचना मिलने पर गोपीकांदर थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घायल ड्राईवर और खलासी को इलाज़ हेतु गोपीकांदर सीएचसी लाया जहां पर खलासी को प्रथमिक उपचार कर बेहतर इलाज हेतु दुमका फूलों-झानों मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया है। घटना के संबंध में थाना प्रभारी सुमित कुमार भगत ने बताया कि एक ट्रेलर गाड़ी पाकुड़िया थाना क्षेत्र के खस्सा स्थित क्रेशर प्लांट से गिट्टी चिप्स लेकर आ रही थी दुवारिया पुल तीखा मोड़ के पास अनियंत्रित होकर पलट गया है जिससे ड्राईवर और खलासी घायल हुआ वोही दोनों को इलाज को लेकर भेजा गया है पुलिस द्वारा छतिग्रस्त ट्रेलर गाड़ी को जब्त कर थाना परिसर में रखा गया हैं।

एसकेएमयू : पी.जी. नामांकन के लिए आवेदन की अंतिम तिथि आज

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका । सिदो-कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय द्वारा चांसलर पोर्टल के माध्यम से पीजी एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि आज रविवार तक निर्धारित की गई है। विदित है कि विश्वविद्यालय द्वारा 2 फरवरी से ऑनलाइन आवेदन के लिए चांसलर पोर्टल खोला गया था। शनिवार की शाम 4 बजे तक कुल 5471 छात्र-छात्राओं ने चांसलर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया है। ज्ञात हो है कि सिदो-कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय के कुल पांच कॉलेजों में पीजी की पढ़ाई होती है, जिसमें अब तक सबसे अधिक आवेदन पीजी विभाग में 2177, देवघर कॉलेज में 1437, साहेबगंज कॉलेज में 1326, गोड्डा कॉलेज में 408 तथा एएस कॉलेज में 103 आवेदन प्राप्त हुए हैं। विश्वविद्यालय के पीजी विभागों में से सबसे अधिक आवेदन भूगोल (369), हिंदी (291), इतिहास (281), संथाली (179), अर्थशास्त्र (169), जूलॉजी (157), राजनीति विज्ञान (154) में प्राप्त हुए हैं। जबकि सबसे कम आवेदन दर्शनशास्त्र (2), बंगाली (5) और उर्दू (7) में प्राप्त हुए हैं। विश्वविद्यालय की सहायक डीएसडब्ल्यू डॉ पूनम हेम्ब्रम ने बताया कि छात्र आज रविवार रात 12 बजे तक चांसलर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि 20 फरवरी को पहली मेरिट सूची प्रकाशित की जाएगी और 21 से 28 फरवरी तक संबंधित कॉलेजों या पीजी विभागों में दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया शुरू होगी और कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह के निर्देशानुसार 3 मार्च से कक्षाएं शुरू होंगी।

महत्वपूर्ण तिथि

चांसलर पोर्टल से ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि- 16 फ़रवरी तक

सम्बन्धित महाविद्यालय या विभाग में डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन - 21 और 28 फ़रवरी तक

कक्षा शुरू - 3 मार्च से

पुआल के अंदर ढका हुआ सड़ा गला शव बरामद

रानीश्वर। थाना क्षेत्र के तिलाबनी गांव के अंतिम छोर पर मौजूद एक खलिहान से एक युवक की सड़ा गला शव बरामद हुई है। रानीश्वर, शिकारीपाड़ा थाना पुलिस पुलिस इंस्पेक्टर लरेंसिया केरकेट्टा के मौजूदगी में मृतक का शव बरामद किया है। शव दुर्घन्ध कर रहा था जब ग्रामीणों को पता चला तो इसकी सूचना रानीश्वर रापुलिस को दिया गया। मौके पर पहुंची पुलिस काफी खोज बिन के बाद एक पुआल की पुंज के अंदर ढका हुआ शव को बरामद किया है। किसी अज्ञात ने घटना को अंजाम देकर पुआल की ढेर में लाश को दबा दिया था। मृतक का पहचान इसी थाना क्षेत्र के पारपलसा गांव के 29 वर्षीय गुपिनाथ मुर्मू के रूप में हुई है। युवक गुपिनाथ शिकारीपाड़ा क्षेत्र के पत्थर खदान में काम करता था। गत 8 फरवरी को वह मजदूरी भुगतान लेने के लिए खदान गया था। लेकिन शाम तक वापस घर नहीं लौटा। किसी अनहोनी की आशंका से परिजन रानेश्वर थाना पहुंचे और युवक की गुमशुदगी की सनहा दर्ज कराई गई। पुलिस युवक की खोज में जुटी थी। इसी बीच तिलाबनी गांव से लापता युवक का लैश बरामद हो गया।

बासुकीनाथ में शनिदेव की हुई भव्य पूजा

जरमुंडी । बासुकीनाथ के शनि देव मंदिर में फाल्गुन कृष्ण तृतीया तिथि पर शनिवार को भव्य पूजा-अर्चना आयोजित हुई। सूर्यपुत्र भगवान शनिदेव की पूजा के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। शनि मंदिर के पुजारी पंडित प्रेमशंकर झा की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में भव्यतापूर्वक शनिदेव की पूजा अर्चना संपन्न हुई। इस मौके पर शनिदेव पूजा समिति के सदस्यों के द्वारा भगवान को विशेष भोग लगाया गया। इसके पश्चात भगवान को निवेदित खिचड़ी व खीर का मच्छप भोग उपस्थित भक्तों के बीच वितरित किया गया। इस मौके पर मंदिर के पंडा, पुजारी सहित बासुकीनाथ, नावाडीह, जरमुंडी के सैकड़ों अन्य श्रद्धालु मौजूद थे।

गंभीर बीमारी से जूझ रहे युवा मुखिया का निधन

सरैयाहाट। सरैयाहाट प्रखंड के कोरडाहा पंचायत के मुखिया पलटन पूजहर का शनिवार की सुबह निधन हो गया। वे महज 36 वर्ष के थे और पिछले कई महीनों से किडनी की बीमारी से जूझ रहे थे। पलटन पूजहर मुखिया के साथ एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में भी जाने जाते थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही पूरे प्रखंड में शोक की लहर दौड़ गई। प्रखंड मुख्यालय सरैयाहाट में उनकी आत्मा की शांति के लिए शोक सभा आयोजित कर दो मिनट का मौन रखा गया। मुखिया पलटन पूजहर के निधन पर सरैयाहाट बीडीओ महेश्वरी प्रसाद यादव, सीओ राहुल कुमार शानू,रविशंकर मिश्रा, बीपीओ कन्हैयालाल झा, गौरव कुमार, उप प्रमुख सोनी देवी, मुखिया संघ के अध्यक्ष रामचंद्र हेंब्रम, सचिव प्रीति हांसदा सहित कई लोगों ने शोक जताया।

एनक्यूएएस ने दो स्वास्थ्य केंद्रों का किया मूल्यांकन

सरैयाहाट । राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक की टीम के द्वारा शनिवार को सरैयाहाट प्रखंड के आयुष्मान आरोग्य मंदिर चिहुंटिया और मोखापर केंद्र का आंतरिक राज्य मूल्यांकन किया गया। इस दौरान टीम के एनक्यूएएस के एक्सटर्नल एक्सेसर सुनीत श्रीवास्तव और डिस्ट्रिक्ट क्वालिटी कॉन्स्टेंट के सुमिता कुमारी के द्वारा दोनों ही केंद्रों पर एक एक बिंदुओं पर मूल्यांकन किया गया। बताया जाता है कि बेहतर स्वास्थ्य सेवा के लिए टीम के द्वारा आंतरिक मूल्यांकन के बाद रिपोर्ट तैयार किया जा रहा है। टीम के द्वारा दोनों ही स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध सुविधाओं और उपकरणों को देखा। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरैयाहाट के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक रॉबिंसन मरांडी, प्रखंड लेखा प्रबंधक सूरज जायसवाल और दोनों स्वास्थ्य केंदों के स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार घायल

जरमुंडी । जरमुंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत बासुकीनाथ नोनीहाट मार्ग में अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल मनोज कापरी 35 वर्ष बंदरजोरी गांव का रहनेवाला बताया गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को नंदी चौक स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जरमुंडी भिजवाया। जहां चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक चिकित्सा के बाद उसे बेहतर चिकित्सा के लिए रेफर कर दिया। परिजनों ने इलाज के लिए उसे बाहर ले गया। लोगों ने बताया कि किसी अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार बीच सड़क पर दुर्घटनाग्रस्त होकर घायल हो गया। परिजनों ने बताया कि वह नोनीहाट से वापस अपने घर लौट रहा था इस दौरान घटना हो गई. इस दुर्घटना में उसका बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गया।

ग्राम प्रधान ने राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव को लेकर कुल्ही दुरूप

ओलचिकी लिपि से बने हिजला मेला महोत्सव का तोरण द्वार

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका । राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव को लेकर हिजला गांव में ग्राम प्रधान मांझी बाबा सुनीलाल हांसदा के अध्यक्षता में शनिवार को बैठक हुई जिसे संथाली में कुल्ही दुरूप कहा जाता है। बैठक में सभी ने कहा कि हिजला मेला का आयोजन 135 वर्ष से किया जा रहा है। शुरुआत 3 फरवरी 1890 को हुई थी।

जिसका 135 वर्ष पूरा हो गया है। इस वर्ष 21-28 फरवरी तक मेला का आयोजन होने वाला है। यह मेला आदिवासियों के नाम पर आयोजित किया जाता है। सरकार का यह अच्छी पहल है। लेकिन आज तक मेला में कभी भी तोरण द्वार, सरकारी बैनर आदि में संतालों के ओलचिकी लिपि से नही लिखा गया है।

जबकि झारखंड बने 25 वर्ष हो गए है और राज्य में एक बार को छोड़कर हमेशा आदिवासी मुख्यमंत्री बने है। उसके बाद भी हिजला मेला में संताल के ओलचिकी लिपि से तोरण द्वार और बैनर कभी नहीं लगा,जो बहुत दुःख की बात है।

बैठक में ग्रामीणों ने इसको लेकर काफी निराशा और नाराजगी जतायी। ग्रामीणों ने मेला समिति, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, दुमका विधायक बसंत सोरेन, दुमका सांसद नलिन सोरेन और शिक्षा मंत्री रामदास से मांग किया है कि हिजला मेला के तोरण द्वार और बैनर आदि संतालों के ओलचिकी लिपि से लिखा जाय।

इस कुल्ही दुरूप (बैठक) में सरला हांसदा,पतामुनी सोरेन,सोना सोरेन पाकुटी हांसदा, सुजाता सोरेन, एमेल मरांडी,मनोज हेम्बरम,गणेश हांसदा, दिलीप सोरेन, सूनील हांसदा, स्विटी हांसदा,संतोष हेम्बरम,विलास हेम्बरम, रोहित हांसदा,निम्बुलाल हांसदा, प्रकाश सोरेन साथ साथ आदिवासी समाज के प्रबुद्ध लोग भी उपस्थित थे।

चेन छिनतई घटना में दो गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका। जिला पुलिस ने महिला के गले से चैन छिनतई की घटना का महज 12 घंटे के अंदर मामले का निपटारा हो गया। इस मामले में पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह खेरवार ने शनिवार को बताया कि बीते 14 फरवरी को वादिनी कल्याणी दत्ता पति स्वर्गीय विष्णु कुमार दत्ता ग्राम लीची बगान थाना ईशाचक जिला भागलपुर बिहार वर्तमान में अपने बेटे के ससुराल रसिकपुर बेसिक स्कूल के पास थाना नगर जिला दुमका के लिखित आवेदन पर यह कांड अज्ञात अभियुक्त के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया। वादिनी अपने बेटे के ससुराल में गुप्ता मेडिकल के सामने वाली गली में टहल रही थी, इसी बीच एक काले रंग के पल्सर पर सवार दो युवक इनके समीप आये एवं पीछे बैठे अपराधकर्मी ने इनके गले से झपट्टा मारकर चैन छीनकर टीन बाजार की ओर भाग गये। तभी इनके द्वारा काला रंग का मोटरसाईकिल पल्सर का रजिस्ट्रेशन नम्बर JH05BB-3463 देख लिया गया। उन्होंने बताया कि मामले के उद्भेदन को लेकर एक छापामारी टीम का गठन अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में करते हुए घटना का त्वरित गती से उद्भेदन किया गया। उन्होंने बताया कि मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कटिहार वासी अनिष कुमार एवं 22 वर्षीय संजु कुमार को गिरफ्तार किया गया है। मौके पर अनिष कुमार के पास से घटनाकारित वाहन संख्या- JH05BB-3463 (काला रंग का प्लसर मोटरसाईकिल), एक काला रंग का आईटेल कम्पनी का किपैड मोबाईल, एयरटेल कम्पनी का सिम-01 अदद, आधार कार्ड 01 पीस अदद, खुजली करने वाला पाउडर, मास्टर की -01 अदद, मटमैला रंग का एक पिठु बैग जिसमें घटना कारित करने के बाद पहनने वाला कपड़ा रखा हुआ एवं कुल नगद (500*16) 8000/ रूपया मात्र नगद बरामद किया गया है।

जनमत द्वारा आयोजित सात दिवसीय लोककला उत्सव : लोकरंग का समापन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका। कला संस्कृति विभाग झारखंड सरकार के सहयोग से जनमत शोध संस्थान दुमका द्वारा पिछले सात दिनों से चल रहे सात दिवसीय संताल लोककला उत्सव लोकरंग का शनिवार को समापन समारोह आयोजित किया गया।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रवि जैन डायरेक्टर आईटीडीए दुमका ने कहा कि कला और शिल्प के संरक्षण और संवर्द्धन तभी संभव है जब शिल्पकारों के मार्केटिंग का उचित प्रबंध हो। जनमत का प्रयास सराहनीय है कलाकारों हस्तशिल्पियों के लिए जिला प्रशासन हर संभव मदद करने के लिए तैयार है।

उक्त सात दिवसीय संताल लोककला उत्सव के आयोजन के पीछे संस्थान के उद्देश्य और उससे संबंधित कार्यक्रम की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए जनमत शोध संस्थान के सचिव अशोक सिंह ने कहा आर्ट एंड क्राफ्ट के संरक्षण संवर्धन और प्रबंधन पर आधारित यह सात दिवसीय लोक उत्सव जहां एक ओर प्रशिक्षण के द्वारा वरिष्ठ पीढ़ी के कलाकारों शिल्पकारों के माध्यम से नई पीढ़ी के कलाकारों को प्रशिक्षित करना रहा, वहीं विभिन्न प्रदर्शनियों के माध्यम से आर्ट एंड क्राफ्ट के प्रति लोगों विशेषकर युवाओं को जागरूक करना रहा। ताकि लोककलाओं के संरक्षण के उनको सजग और संवेदनशील बनाया जा सके।

तूफान कुमार पोद्दार जिला खेल पदाधिकारी सह सहायता निदेशक कला संस्कृति दुमका के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम के समापन समारोह में उपस्थित कई अन्य सम्मानित अतिथियों जिला कृषि पदाधिकारी चुण्डा सोरेन सिपाही, मंत्री मुर्मू, जिला कला संस्कृति संघ के अध्यक्ष शिशिर कुमार घोष, वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार उपाध्याय, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के डॉ मनोज कुमार घोष आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर प्रतिभागियों और प्रशिक्षकों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया।

जनमत की चीफ प्रोग्राम कॉर्डिनेटर प्रभा सोरेन के संयोजन में आयोजित यह कार्यक्रम प्रतिदिन तीन सत्रों में आयोजित किया गया। प्रथम सत्र प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन पर केंद्रित रहा। जिसमें विभिन्न लोककलाओं विशेषकर आदिवासी कठपुतली लोककला चादर बादोनी, जादोपटिया पेंटिंग, पेपरमेंसी क्राफ्ट, मुखौटा निर्माण कला, चित्रकला एवं मुर्तिकला आदि कलाओं से जुड़े कलाकारों ने नई पीढ़ी के कलाकारों हस्तशिल्पियों को प्रशिक्षण दिया।

दूसरे सत्र में कला संवाद के तहत प्रतिदिन अलग अलग विषयों परिचर्चा आयोजित की गई जो लोककला, लोक साहित्य और हस्तशिल्प पर केंद्रित रहा। इसके तहत विभिन्न विद्वानों और संबंधित क्षेत्र के कला विशेषज्ञों ने अपने अपने विचार व्यक्त किये जो नई पीढ़ी के प्रेरणादायी रहा। इस अवसर विभिन्न विषयों पर शोध अध्ययन से संबंधित रिपोर्ट एवं आदिवासी जीवन संस्कृति से संबंधित पुस्तक एवं फोटो प्रदर्शनी भी लगाई जो दर्शकों के बीच आकर्षक का केंद्र रहा।

कार्यक्रम के अंतिम सत्र में प्रतिदिन विभिन्न कला दलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत पारंपरिक संताली लोकगीत संगीत नृत्य, बांसुरी वादन, क्षेत्रीय भाषाओं लोकगीतों पर झूमर झूमटा, पपेट शो और चादर बादोनी कठपुतली लोककला से संबंधित नृत्य संगीत भी प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में जहां एक ओर जनमत शोध संस्थान के महेन्द्र साहनी, सुशील कुमार मंडल, कार्यक्रम की मुख्य संयोजक प्रभा सोरेन, एसिस्टेंट कॉर्डिनेटर शंभू सेन, राज सिंह, संतोष भंडारी के साथ साथ कला प्रशिक्षक बाबूधन मुर्मू, बोड़ो मुर्मू, सोमनाथ राय, सुनील शर्मा, शिखा आनंद, शबाना परवीन और जनमत से जुड़े कार्यकर्ता पुलिश सोरेन, कुंदन कुमार साह आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित,RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन चंसिपाहीज फोन न. 7367009287, 9771486686